राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मैं नर्वस था लेकिन मुझे खुद को साबित करना था: ऋषभ

भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत छत्तीसगढ़... 12

वर्ष : 12 | अंक : 163 | पटना, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# शतरंज ओलंपियाड : भारतीय शतरंज टीम ने ओपन वर्ग में जीता स्वर्ण

## •इतिहास में पहली बार हासिल की यह उपलब्धि, पीएम ने दी बधाई

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत ने शतरंज ओलंपियाड 2024 में ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस टूनार्मेंट में यह भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले भारत ने 2022 में कांस्य पदक जीता था। यह टूनार्मेंट घरेलू सरजमीं पर ही आयोजित किया गया था। वहीं, 2014 में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था।

### भारत ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण

भारतीय टीम में गुकेश, प्रज्ञानंद, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और श्रीनाथ नारायणन (कप्तान) शामिल थे। अर्जुन एरिगैसी और डी गुकेश ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहने वाले चीन ने अमेरिका के खिलाफ दो अंक गंवाए, जिससे भारत को फायदा मिला और पदक जीतने में कामयाबी मिली। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में शानदार शुरूआत की थी। पिछले संस्करण के चैंपियन उज्बेकिस्तान से ड्रॉ होने से पहले टीम ने अपने पहले आठ मुकाबले जीते थे।




### भारत ने हासिल किए 21 अंक

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंद ने स्लोवेनिया के खिलाफ 11वें दौर में अपने अपने मैच जीते। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने एक बार फिर अहम मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे भारत को ओपन वर्ग में अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली। स्लोवेनिया के खिलाफ मुकाबले में गुकेश ने काले मोहरों से व्लादिमीर फेडोसेव के खिलाफ तकनीकी चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें मुश्किल से जीत मिली, लेकिन 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने शानदार रणनीति अपनाई। एरिगैसी ने तीसरे बोर्ड पर काले मोहरों से खेलते हुए जान सुबेलज को मात दी। इसके बाद प्रज्ञानंद ने फॉर्म में आते हुए एंटोन डेमचेंको पर एक शानदार जीत हासिल की। इससे भारत ने एक मैच रहते स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की। भारतीय पुरुष टीम ने 22 में से 21 अंक हासिल किए। खिलाड़ियों ने सिर्फ उज्बेकिस्तान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

### खेलों में नए अध्याय का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरुष और महिला शतरंज टीमों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। भारत ने रविवार को इतिहास रचते हुए पुरुष और महिला टीम वर्ग में खिताब जीते थे। यह पहली बार था जब भारतीय टीम ने इस टूनार्मेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C
न्यूनतम तापमान 27.0°C

**बाजार**

सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## संक्षिप्त खबरें

### डबल इंजन सरकार में सजेगा-संवरेगा पुनौरा धाम : चिराग

पटना। लोजपा रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से रिश्ते सुधरते नजर आ रहे हैं। चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि एनडीए की डबल इंजन की सरकार में मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम सजेगा और संवरेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पीएम नरेंद्र मोदी को पुनौरा धाम को रेल मार्ग और सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए पत्र लिखने पर आभार भी जताया। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीतामढ़ी स्थित माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम को प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम से सीधे सड़क एवं रेल मार्ग से जोड़ने के लिए पत्र के माध्यम से आग्रह किया है, जो स्वागत योग्य पहल है। उन्होंने आगे कहा, इससे माता सीता के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान मिलेगा। बिहार में इससे ना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राजस्व में भी वृद्धि होगी और अपना प्रदेश विश्व पटल पर स्थापित होगा। पुनौरा धाम का विकास और अयोध्या से लेकर सीतामढ़ी तक कॉरिडोर का निर्माण मेरी पार्टी के संकल्प पत्र बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट का अहम हिस्सा रहा है। ऐसे में इस दूरदर्शी सोच के लिए मैं समस्त बिहारियों की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट करता हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर पुनौरा धाम को सड़क और रेल मार्ग से जोड़ने का आग्रह किया था। इस तीर्थ स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य भी शुरू होने वाला है।

### मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# पटना गया डोभी मार्ग के बचे हुए कार्य को 2 माह के अंदर करें पूरा : नीतीश

## सीएम ने एनएच 83 मार्ग पर अवस्थित जहानाबाद में निमाणाधीन आरओबी का किया निरीक्षण

पटना, प्रात : किरण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जहानाबाद जिले में रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर विभिन्न विभागों के अंतर्गत 57 करोड़ 14 लाख 59 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 65 करोड़ 62 लाख 4 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना से जहानाबाद जाने के क्रम में सरिस्ताबाद गांव के पास एनएच 30 और नाथूपुर गांव के पास एनएच 83 को जोड़नेवाले निमाणार्धीन पटना गया डोभी लिंक पथ का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना-गया-डोभी एनएच 83 मार्ग पर अवस्थित जहानाबाद में निमाणार्धीन आरओबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कनौदी गांव के पास एनएच 83 पर ही आयोजित समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पटना-गया-डोभी पथ एनएच83 के निर्माण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बचे हुए काम को तेजी से पूर्ण करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। जब यह मार्ग बन जाएगा तो पटना से डोभी की दूरी 2 घंटे में तय की जा सकेगी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना-गया-डोभी मार्ग के बचे हुए कार्य को 2 महीने के अंदर पूर्ण करें। इस मार्ग के पूर्ण हो जाने से पटना से डोभी तक पहुंचने में लोगों के समय की बचत होगी और आवागमन



भी सुलभ हो जाएगा। साथ ही लोगों को झारखंड पहुंचने में भी समय की बचत होगी।

### सीएम ने महिला सिपाही बैरक व पुलिस भवनों का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद के कल्पा ग्राम में नवनिर्मित कल्पा पंचायत सरकार भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। पंचायत सरकार भवन परिसर में ही आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से विभिन्न विभागों की कई योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर गृह विभाग के अंतर्गत 4.70 करोड़ रुपये की लागत से जहानाबाद जिला में नवनिर्मित अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति सह महिला थाना भवन का उद्घाटन किया तथा 15.55 करोड़ रुपये की लागत से जहानाबाद जिला में 150 महिला सिपाही बैरक, अभियोजन भवन, प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय भवन सहित कुल 11 पुलिस भवनों का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया।

### मुख्यमंत्री ने कई योजना के लाभुकों को सौंपा चेक

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत लाभुकों को चेक, उज्ज्वल दृष्टि योजना अंतर्गत वृद्ध जनों को चश्मा भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने लाभुकों को आयुष्मान भारत कार्ड, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को कुल 5 लाख 21 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, भूमि संरक्षण अंतर्गत जल छाजन विकास योजना के तहत 50 लाभुक किसानों को 25 लाख का सांकेतिक चेक तथा 5573 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 45 करोड़ 26 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कल्पा ग्राम स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य तथा पेवर ब्लॉक पथ का भी निरीक्षण किया और तालाब किनारे बेहतर ढंग से वृक्षारोपण कराने तथा सौंदर्गीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

### ये रहें मौजूद

इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री सह जहानाबाद जिला के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद रवींद्र प्रसाद सिंह, विधायक सुदय यादव, विधायक रामबली सिंह यादव, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अभिराम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, महानिदेशक सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकल कट्टी, मगध प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डे, जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 2671 पदों पर जल्द होगी बहाली : मंत्री

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी



पटना, प्रात : किरण

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा है कि विभाग में रिक्त पदों पर जल्द बहाली की जाएगी। सोमवार को सूचना जनसंपर्क विभाग के संवाद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों में कार्यालय, पुस्तकालय, प्रोगशाला आदि के रिक्त पदों पर बहाली जल्द होगी। जिसमें अनुदेशक के 723, प्रयोगशाला सहायक के 1092, सहायक पुस्तकालाध्यक्ष 122, फिजिकल ट्रेनिंग अनुदेशक के 84, आशुलिपिक के 77, निम्नवर्गीय लिपिक के 281, कार्यालय परिचारी 238 पदों यानी कुल 2617 पदों पर जल्द नियुक्ति के लिए अधियाचना संबंधित आयोग को भेजा गया है। मंत्री ने बताया कि सिंह ने बताया कि वर्तमान में 38 इंजीनियरिंग और 45 पॉलिटेक्निक संस्थान अपने भवन में चल रहे हैं। छात्रों के बेहतर शिक्षा और प्लेसमेंट के लिए कई कार्य किये गये है। वहीं, शिक्षक सहित अन्य कोटि के रिक्त 2671 पदों पर जल्द ही बहाली की जायेगी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग में 1458 पदों पर और पॉलिटेक्निक संस्थानों में 727 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति पिछले दो वर्षों में की गयी है। साथ ही मंत्री ने बताया कि कहा कि बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को दूसरे राज्यों में न जाना पड़े। इसे देखते हुए राज्य सरकार मुफ्त शिक्षा अभियान के तहत इंजीनियरिंग कॉलेजों में 10 रुपये और सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों में 5 रुपये प्रति माह ट्यूशन फीस लेती है, ताकि किसी भी वर्ग के छात्रों की पढ़ाई पैसे की वजह से बाधित न हो। विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने कहा कि संस्थान में कार्यरत शिक्षकों के कौशल विकास के लिए उनकी ट्रेनिंग हो रही है। इसके तहत आइआइटी रूड़की द्वारा इंजीनियरिंग संस्थानों के 300 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। वहीं, संस्थानों को पूरी तरह से आवासीय बनाने के उद्देश्य से पूर्व में निर्मित भवनों के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के आवासन एवं अन्य गतिविधियों के लिए अतिरिक्त भवन निर्माण हो रहा है।

### आईआईटी के सहयोग से चल रहे सेंटर ऑफ एक्सलेंस

डॉ प्रतिमा ने कहा कि सात निश्चय पार्ट टू के तहत सभी इंजीनियरिंग संस्थानों में उभरते हुए तकनीक में सेंटर ऑफ एक्सलेंस आइआइटी पटना के सहयोग से चल रहा है। प्रथम चरण में इलेक्ट्रीक वेहिकल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी आदि के क्षेत्र में विकसित किये गये है, जिसकी कुल लागत 97.00 करोड़ है। दूसरे चरण में ट्रांसफार्मर निर्माण आदि मरम्मति तथा ऑप्टिकल फाइबर को शामिल किया गया है। जिसकी कुल लागत 122.86 करोड़ है। मौके पर निदेशक उदयन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# आयुष्मान देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए समाधान देती रहेगी : शाह

**नई दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छह साल पूरे होने पर कहा कि यह योजना आगे भी देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए समाधान देती रहेगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, आयुष्मान भारत योजना आज देशवासियों के स्वास्थ्य हेतु वरदान सिद्ध हो रही है। पीएम के द्वारा जनता के आरोग्य की चिंता करते हुए 6 वर्ष पूर्व शुरू की गई विश्व की सबसे बड़ी इस स्वास्थ्य योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक बोझ से मुक्त किया है। हाल ही में इसे और विस्तार देते हुए, 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वृद्ध नागरिक को इसके तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना आगे भी देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए समग्र समाधान देती रहेगी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के छठी वर्षगांठ पर केंद्रीय स्वाथ्यमंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है।

# बख्तियारपुर-ताजपुर निर्माणाधीन पुल का गार्डर गिरा

## गार्डरों की बियरिंग बदलने के दौरान हुई घटना : महाप्रबंधक

पटना/एजेंसी

पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निमाणार्धीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया, बियरिंग बदलना एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हम काम का निरीक्षण करने के लिए मौके पर जा रहे हैं। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। यह घटना बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के गर्डरों की बियरिंग बदलने के दौरान हुई। खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया। पटना के जिलाधिकारी ने बताया, नियमित कार्य के दौरान बख्तियारपुर की तरफ निमाणार्धीन पुल का एक गर्डर गिर गया। इस परियोजना का निर्माण पिछले कई वर्षों से चल रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जून 2011 में 5.57 किलोमीटर लंबे बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की आधारशिला रखी थी। इस परियोजना की कुल लागत 1,602.74 करोड़ रुपये आंकी गई थी। परियोजना के पूरा होने के बाद यह पुल समस्तीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 28 और पटना में एनएच 31 को जोड़ेगा। इस परियोजना का उद्देश्य पटना में महात्मा गांधी सेतु और मोकामा में राजेंद्र सेतु पर यातायात का भार कम करना है। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

# आतिशी ने दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री का संभाला प्रभार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाल लिया। उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब दिल्ली विधानसभा का सत्र 26 और 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है। भाजपा ने उनकी छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आतिशी मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अलग कुर्सी पर बैठीं। नए मंत्रिमंडल में आतिशी के बाद सबसे अधिक आठ विभाग सौरभ भारद्वाज के पास हैं जिनमें स्वास्थ्य, पर्यटन, कला और संस्कृति शामिल हैं। मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल हुए मुकेश अहलावत के पास श्रम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, रोजगार और भूमि व भवन विभाग हैं। गोपाल राय को विकास, सामान्य प्रशासन, पर्यावरण और वन विभाग दिया गया है जो उनके पास केजरीवाल सरकार में पहले भी थे। परिवहन, गृह, प्रशासनिक सुधार, महिला एवं बाल विकास विभाग कैलाश गहलोत के पास बरकरार हैं।

# बाल पॉर्न देखना, डाउनलोड करना पॉक्सो कानून के तहत अपराध : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बाल पॉर्नोग्राफी (अश्लील सामग्री) देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध हैं। पीठ ने बाल पॉर्नोग्राफी और उसके कानूनी परिणामों पर कुछ दिशा निर्देश भी जारी किए। उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर अपना फैसला दिया है जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गयी थी। इससे पहले, वह उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और महज डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है।

**संबोधन** न्यूयॉर्क में प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को पीएम ने किया संबोधित...

# मानवता; आध्यात्म, अडिगता एवं समृद्धि की पांच पंखुड़ियों के बल पर विकसित बनेगा भारत: मोदी

न्यूयॉर्क/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अवसरों का निर्माण करने वाली धरती बताते हुए कहा कि मानवता, आध्यात्म, प्रगतिशीलता, अडिगता एवं समृद्धि की पांच पंखुड़ियों के बल पर भारत विकसित बनेगा। श्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दूसरे दिन रविवार को न्यूयॉर्क के नसाऊ काउंटी के यूनियनडेल में नसाऊ कोलेजियम में प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम मोदी एंड यूएस में जुटी 15 हजार से अधिक की भीड़ को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने कहा, आपको एक शब्द याद रहेगा पुष्प पी से प्रोग्रेसिव भारत, यू से अनस्टॉपेबल भारत, एस से स्पीरीचुअल भारत, एच से मानवता प्रथम को समर्पित भारत, पी से समृद्धिशाली भारत। इस प्रकार से पुष्प की पांच पंखुड़ियां मिलकर ही विकसित भारत बनाएंगी। कहा कि भारत आज, अवसरों की धरती है। अब भारत, अवसरों का इंतजार नहीं करता, अवसरों का निर्माण करता है। पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में नए लॉन्चिंग पैड के अवसर पैदा किए हैं। सिर्फ एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया।

### 10वें नंबर से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बना भारत

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे बड़े युवा देशों में से एक है। भारत ऊर्जा से भरा हुआ है, सपनों से भरा हुआ है। आज ही एक और बहुत अच्छी खबर में मिली है। शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला वर्ग दोनों



में भारत को गोल्ड मिला है। ये लगभग 100 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है। एक दशक से भारत, 10वें नंबर से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अब हर भारतीय चाहता है कि भारत जल्दी से तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने।

### अब भारत मेड इन इंडिया 6जी पर काम कर रहा

उन्होंने कहा कि आज भारत का 5जी मार्केट अमेरिका से भी बड़ा हो चुका है और ये सिर्फ दो साल के भीतर हुआ है। अब भारत मेड इन इंडिया 6जी पर काम कर रहा है। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनाईं। हमने मेड इन इंडिया तकनीक पर काम किया। अब भारत पीछे नहीं चलता, नई व्यवस्थाएं बनाता है और नेतृत्व करता है। भारत ने डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का नया विचार दुनिया को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अब रुकने वाला नहीं है, भारत अब थमने वाला नहीं है। भारत चाहता है कि दुनिया में ज्यादा से ज्यादा डिवाइस मेड इन इंडिया चिप पर चले।

### भारत विश्व मंच पर कुछ कहता है, तो दुनिया सुनती है

उन्होंने कहा, आज जब भारत विश्व मंच पर कुछ कहता है, तो दुनिया सुनती है। मैंने जब कहा- यह युद्ध का युग नहीं है... तो उसकी गंभीरता सबने समझी। आज दुनिया में कहीं भी संकट आए, तो भारत पहली प्रतिक्रिया देने वाले के रूप में सामने आता है। कोरोना के समय में हमने 150 से अधिक देशों को वैक्सीन और दवाइयां भेजी। कहीं भूकंप आए, साइक्लॉन आए या कहीं गृह युद्ध हो... हम मदद के लिए सबसे पहले पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि भारत सरकार अमेरिका में बोस्टन में और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगी। पीएम मोदी ने कहा, पिछले साल, मैंने सिएटल में एक नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन की घोषणा की थी। मैंने दो अतिरिक्त वाणिज्य दूतावासों के लिए आपके सुझाव मांगे थे। भारत ने अब बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है।

### पीएम ने शीर्ष प्रौद्योगिकी सीईओ से की मुलाकात

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में एक गोलमेज सम्मेलन में एडोब, एक्सेंचर, गूगल और आईबीएम समेत 15 प्रौद्योगिकी सीईओज से मुलाकात की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर प्रसन्न हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा ह्लन्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी सीईओज के साथ एक फलदायी गोलमेज सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रौद्योगिकी, नवाचार और अन्य से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला गया। मैं भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर प्रसन्न हूं। एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में प्रौद्योगिकी उद्योग के नेताओं के साथ न्यूयॉर्क में बातचीत की।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम चला रहा स्वच्छता अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। पटना नगर निगम सिटी अंचल की ओर से स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान की शुरूआत की गयी है। कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि अंचल के आठ वार्डों में चयनित परती जमीन को श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान की शुरूआत की गयी है। इसके बाद उक्त जमीन पर फिर से कचरा नहीं फेंका जाए, इसके लिए लोगों को जागरूक करने के साथ नोटिस दिया जा रहा है। उन सबों को कहा जा रहा है कि ऐसा होने पर आसपास के लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा। श्रमदान अभियान में नगर प्रबंधक, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड के सफाई निरीक्षक, पर्यवेक्षक और सफाई मित्र और स्थानीय लोगों के माध्यम से चलाया जा रहा है।

### नहाय-खाय व संकल्प के साथ होगा जितिया पर्व

पटना सिटी (प्राकि)। तीन दिनों के जितिया का अनुष्ठान मंगलवार को संकल्प व्रत के साथ शुरू हो जाएगा। मंगलवार को व्रति महिलाएं स्नान ध्यान कर व्रत का संकल्प लेंगी। अष्टमी के दिन बुधवार को व्रती महिलाएं निराहार रह कर लव व कुश की पूजा-अर्चना करेंगी। मातृ नवमी के दिन गुरुवार को व्रती महिलाएं व्रत का अनुष्ठान पूरा कर पारण करेंगी। इस संबंध में आचार्य संतोष पांडेय शास्त्री ने बताया कि जितिया पर्व के पूर्व मंगलवार को नहाए खाए के साथ संकल्प व्रत लिया जाएगा बुधवार को प्रात व्रत रखकर सामने लव कुश की पूजा अर्चना कर कथा कहेंगे वही गुरुवार को सूर्योदय के बाद पारण करेंगी। त्योहार को लेकर बाजारों में चहल पहल दिख रहा है। इस दौरान पूजा पाठ के नियमित उपयोग आने वाली पूजन सामग्री की खरीदारी करने के साथ ही बाजार में फल आदि की बिक्री बढ़ गई है यह छठ तक लगातार चलता रहेगा।

### भाजपा का चला सदस्यता अभियान

फतुहा। भाजपा फतुहा नगर मंडल के देवीचक, स्टेशन रोड में सोमवार को बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलायी गयी। मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. वरुण शर्मा, जिला महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, कार्यकारी महामंत्री पुनम कुमारी, मुरारी सिंह, मंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण

फतुहा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद रवि शंकर प्रसाद के सहयोग से फतुहा विधानसभा क्षेत्र के मध्य विद्यालय दरियापुर और प्राथमिक विद्यालय नोहटा में बच्चों के बीच स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा के निवर्तमान प्रत्याशी सत्येंद्र सिंह, अभिषेक झा, मुन्ना सिंह, लक्ष्मण साह, पंचू साव, आजाद पासवान, सुरजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### डेंगू से एनएमसीएच में एक की मौत

पटना सिटी (प्राकि)। नालंदा मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन वार्ड में भर्ती डेंगू से पीड़ित युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। इस संबंध में अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि खगड़िया का रहने वाला करीब 45 साल का युवक की मौत सोमवार की दोपहर में इलाज के दौरान हो गई। इस तरह से इस अस्पताल में अब तक दो डेंगू संक्रमित मरीज की मौत इलाज के दौरान हो चुकी है। फिलहाल यहां डेंगू मरीज के लिए 50 बेड सुरक्षित है जिसमें से 17 पर मरीज का इलाज चल रहा है। इसमें मेडिसिन विभाग के इंडोर में तीन महिला मरीज, 6 पुरुष मरीज और शिशु में 8 बच्चा डेंगू संक्रमित भर्ती है। फिलहाल 33 बेड खाली है।

### तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार को जान से मारने की धमकी के बाद भी सुरक्षा नहीं

पटना सिटी। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को जान मारने का धमकी दी गई है। यह धमकी उनके भतीजा दीपक सिंह को गंगा पाथवे में गुरुद्वारा गुरु के बाग से तख्तश्री पटना साहिब आने के दौरान मोटरसाइकिल रुकवा कर दी गई थी। तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह खासा सम्वेदनशील मामला है। इसके बारे में प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब एवं पुलिस प्रशासन को कड़ा कदम उठाना चाहिए। सिंह साहिब जत्थेदार बलदेव सिंह गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्म स्थान की महान सेवा में लगे हैं। देश-विदेश में यह खबर सुनकर सिख संगत हतप्रभ हैं। 22 सितंबर को अलग-अलग समाचार पत्रों में पढ़ने को मिला कि धमकी देने वाले ने 17 सितंबर को धमकी दिया और उन्होंने 20 सितंबर को यह धमकी की खबर जत्थेदार बलदेव सिंह जी के बेटे मनजीत सिंह को सुनाई।

# एम्स पटना में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के प्रबंधन पर छह दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



प्रात: किरण, संवाददाता

एम्स पटना ने जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के प्रबंधन पर छह दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स, पटना द्वारा शुरू किया गया है और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र योजना, स्वास्थ्य क्षेत्र आपदा तैयारी कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित है, और एक अखिल भारतीय पहल का हिस्सा है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी.के.पाल के मार्गदर्शन में एम्स पटना में प्रशिक्षण सत्र शुरू हो गया है। सोमवार को आयोजित पहले सत्र का उद्देश्य स्वास्थ्य अधिकारियों को महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक उपकरणों और ज्ञान से लैस करना है। प्रशिक्षण सत्र में तीन राज्यों बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के डॉक्टर भाग ले रहे हैं कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के डीन डॉ. प्रेम कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार के साथ, डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा, प्रमुख अस्पताल प्रशासन विभाग, डॉ. रामकृष्ण मंडल सहायक प्रोफेसर, डॉ. महेंद्र सहायक प्रोफेसर, डॉ. हरिप्रिया, सीएफएम विभाग एम्स पटना से डॉ. संतोष अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के प्रबंधन में तैयारियों और सक्रिय उपायों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. सिन्हा ने अपने संबोधन के दौरान कहा, जिला-स्तरीय क्षमता को मजबूत करना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य प्रणालियां आपात स्थिति का सामना करने पर त्वरित और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। छह दिनों के दौरान, कार्यक्रम आपातकालीन प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर गहन सत्र प्रदान करेगा, जिसमें स्वास्थ्य खतरों का शीघ्र पता लगाना, संसाधनों का समन्वय, संकट के दौरान संचार रणनीतियां और सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों में अपने नेतृत्व और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ के नेतृत्व वाली चचाओं, व्यावहारिक सिमुलेशन और केस-आधारित शिक्षा से लाभ होगा।

डॉ. प्रेम कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, एम्स पटना एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों के प्रबंधन में सबसे आगे रहने के लिए सशक्त बनाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जरूरत। स्वास्थ्य देखभाल में यह पहल जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा वितरण और संकट प्रबंधन में सुधार के लिए चल रहे समर्पण को दर्शाती है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान समय पर और कुशल प्रतिक्रिया को सक्षम बनाती है।

## 25 को एम्स पटना मनाएगा अपना 13वां स्थापना दिवस



पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना 25 सितंबर 2024 को अपना 13वां स्थापना दिवस भव्यता के साथ मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम में प्रख्यात स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर और प्रमुख प्रशासनिक हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) सुब्रत सिन्हा, अध्यक्ष, एम्स पटना होंगे। इस कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से भी सम्मानित किया जाएगाः प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर (कार्यकारी निदेशक, एम्स मंगलागिरी) प्रो. (डॉ.) बिंदी कुमार (निदेशक, आईजीआईएमएस, पटना, बिहार) प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार सिंह (एचओडी, फिजियोलॉजी, पीएमसीएच, पटना) प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल, कार्यकारी निदेशक और सीईओ, एम्स पटना, इस आयोजन के मुख्य संरक्षक के रूप में काम करेंगे। उत्सव के हिस्से के रूप में, एम्स मंगलागिरी के निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर द्वारा ह्लप्रिसिजन ऑन्कोलॉजी - फिजिशियन का दृष्टिकोण पर एक बाहरी संकाय भाषण दिया जाएगा। इंटरनल फैकल्टी ओएशन एम्स पटना के एनेस्थिसियोलॉजी के प्रमुख प्रोफेसर उमेश भदानी द्वारा दिया जाएगा। भाषण सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉ.) सुब्रत सिन्हा, अध्यक्ष, एम्स पटना, डॉ. जी.के. पाल, निदेशक एम्स पटना, प्रोफेसर (डॉ.) राजीव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी, पीएमसीएच द्वारा की जाएगी। इस कार्यक्रम में एम्स पटना के कर्मचारियों, छात्रों, निवासियों और संकाय द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो एम्स समुदाय की प्रतिभा और एकता को प्रदर्शित करेगा। यह स्थापना दिवस स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एम्स पटना की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और संस्थान बिहार और उससे आगे के लोगों की सेवा में निरंतर प्रगति के लिए तत्पर है।

# राज्य में 1940 महिलाओं ने किया सब डर्मल इम्प्लांट का चुनावः डॉ. रानू सिंह




प्रात :किरण संवाददाता

पटना- आगमी 26 सितंबर विश्व गर्भनिरोधक दिवस के उपलक्ष में गर्भनिरोधकों की समुदाय तक पहुँच बढ़ाने के लिए आई.एम.ए. हॉल में बैठक आयोजित की गयी. बैठक में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे और गर्भनिरोधकों की पहुँच का विस्तार करने की जरुरत पर चर्चा की. कार्यशाला का आयोजन राज्य स्वास्थ्य समिति, सिफार एवं पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में किया गया. सिफार की डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने सभी विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी. डॉ. अमिता सिन्हा, सचिव, ऑब्स एंड गायिनी सोसाइटी ने राज्य में गर्भनिरोधकों की स्थिति की जानकारी दी.

इम्प्लांट की स्वीकार्यता उत्साहजनक- डॉ. रानू सिंह

बैठक को संबोधित करते हुए पीएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष एवं सब डर्मल इम्प्लांट की राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर डॉ. रानू सिंह ने कहा कि नवीन गर्भनिरोधकों से लाभुकों को अपने परिवार को सीमित करने एवं बच्चों के बीच अंतराल रखने में सहूलियत हुई है. उन्होंने बताया कि राज्य में पटना एवं भागलपुर में 1940 महिलाओं ने इम्प्लांट का चुनाव किया है. इसकी सफलता दर करीब 99.99 प्रतिशत है. उन्होंने कहा कि सबसे उत्साहजनक पहलु यह है कि इम्प्लांट लगा चुकी ऐसी महिलाओं की संख्या नगण्य है जिन्होंने इम्प्लांट को बीच में निकलवाया है. इम्प्लांट को और विस्तारित करने की जरुरत है जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इसके लाभ मिल सके.

गर्भनिरोधक का चुनाव हर स्त्री का अधिकार- डॉ. हिमाली सिन्हा

इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरीनाटोलोजी एंड रिप्रोडक्टइव बायोलॉजी की अध्यक्ष डॉ. हिमाली सिन्हा ने बताया कि गर्भनिरोधक का चुनाव हर महिला का अधिकार है और इसमें महिला के पति के साथ पूरे परिवार का सहयोग होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अपनी पसंद के गर्भनिरोधक का चुनाव करने से पहले लाभार्थी को चिकित्सीय परामर्श लेना चाहिए जिससे उक्त लाभार्थी के अनुकूल गर्भनिरोधक का चुनाव किया जा सके.

काउंसिलिंग एवं फॉलो अप आवश्यक- डॉ. रीता झा

अपने संबोधन में फोगसी की डॉ. रीता झा ने बताया कि गर्भनिरोधकों का लाभार्थियों तक विस्तार को बेहतर करने के लिए आवश्यक है कि लाभार्थी की हर स्तर पर काउंसिलिंग की जाये. लाभार्थी द्वारा गर्भनिरोधक का चुनाव करने के उपरांत उसका नियमित फॉलो अप करने से लाभार्थी का चुने गए गर्भनिरोधक पर विश्वास बढ़ता है. उन्होंने कहा कि गर्भनिरोधक के इस्तेमाल के दौरान अगर किसी लाभार्थी की किसी तरह की समस्या दिखे उसके निवारण के लिए भी फॉलो अप मदद करता है. काउंसिलिंग लाभार्थी महिला के साथ उसके पति की भी की जानी चाहिए. पीएसआई इंडिया के वरीय प्रबंधक विवेक मालवीय ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया. बैठक में मीडियाकर्मी, सिफार एवं पीएसआई इंडिया के के प्रतिनिधि शामिल रहे.

# नशापान का विरोध करने पर युवक ने फांसी से झूला, हुई मौत

- अगम कुआं थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी नगर की घटना, भागलपुर के रहने वाले थे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अगमकुआं थाना क्षेत्र के गांधी नगर में किराए के मकान में रहने वाले 28 वर्षीय प्रद्युम्न ने अपने को कमरे बंद कर पंखे से झूल खुदकुशी कर लिया। युवक की मौत के बाद मामला प्रकाश में आया कि मृतक मकान में प्रेमिका के साथ रहता था। दूसरी ओर मकान मालिक को दोनों ने यह बता रखा था कि वह आपस में भाई-बहन है। पटना में रह कर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करता है। हालांकि दोनों कंपनी में जॉब करते हैं और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी करते हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रेमी-प्रेमिका दोनों भागलपुर जिला के रहने वाले हैं और गांधी नगर में उमेश पंडित के मकान में बतौर किराएदार रह रहे थे। मकान मालिक उमेश पंडित का कहना था कि दोनों जब कमरा किराए पर लेने आए थे, तब दोनों ने अपने को भाई-बहन बताया था। हालांकि दोनों के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। प्रेमिका का कहना था कि वह अधिक नशा करता है। इस कारण से उसे नशा करने से मना किया करती थी। सोमवार को भी उसने नशा किया था। इस कारण से उसका उससे झगड़ा हुआ था। सोमवार को गुस्से में आकर वह कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जब कुछ देर के बाद भी दरवाजा नहीं खुला, तो वह दरवाजा खटखटाना लगी। जब कोई आवाज नहीं मिला, तो उसने खिड़की से झांका, तो देखा कि वह पंखे से झूल रहा है। युवक के खुदकुशी का मामला सामने आने के बाद अगमकुआं थाना की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बताया जाता है कि खुदकुशी किए जाने से कुछ देर पहले ही प्रेमी-प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर अनबन हुई थी। प्रेमिका ने बताया कि प्रद्युम्न नशे का आदी था। नशा सेवन का विरोध किए जाने पर ही वह मकान के ऊपरे तल्ला गया और कमरे को बंद कर लिया। कुछ देर तक उसके नीचे नहीं आने पर जब ऊपर जाकर खिड़की से देखा, तब पाया कि वह लटक रहा है। सूचना पर आसपास के लोग एकत्र हुए। अगमकुआं थाना की पुलिस भी पहुंची। प्रेमिका ने बताया कि दोनों ही भागलपुर के रहने वाले हैं और एक निजी कंपनी में साथ में जॉब करते थे। पूर्व में इसी थाना क्षेत्र के कांटी फैक्ट्री रोड में रहते थे। मकान मालिक उमेश पंडित ने बताया कि दोनों ने खुद को भाई-बहन बताकर मकान किराए पर लिया था। घटनास्थल पर छानबीन के लिए पहुंचे अगमकुआं थाना के दारोगा राम नारायण राम ने बताया कि युवक ने खुदकुशी किस वजह से की है, यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। दोनों की कुछ दिनों के बाद शादी भी होने वाली थी।

## रामधारी सिंह दिनकर की कविताएं व्यक्तित्व विकास में उपयोगी : डॉ पूनम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आरपीएम महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर काव्य संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम के द्वारा किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामधारी सिंह दिनकर की कविताएं व्यक्तित्व विकास में बहुत उपयोगी हैं। दिनकर की अर्धनारीश्वर की कल्पना के परिप्रेक्ष में कहा कि स्त्री में भी कठोरता और जज्बा होना चाहिए। साथ ही पुरुष में कठोरता के साथ ममत्व का भाव भी होना चाहिए। तब ही अर्धनारीश्वर की कल्पना साकार होगी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक शिक्षिका डॉ प्रियंका कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा ओजपूर्ण कविताओं का पाठ किया गया। इसमें प्रथम स्थान रितिका कुमारी एवं मोनिका कुमारी, दूसरा स्थान प्रगति सिन्हा एवं प्रतिभा सिन्हा और तीसरा स्थान करिश्मा को दिया गया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा सिन्हा, दूसरा पूजा एवं प्रगति और तीसरे स्थान पर राजनंदनी एवं मोनिका रहीं। कार्यक्रम का समापन मोनी कुमारी के द्वारा किया गया।

## चावल विकास निदेशालय, पटना ने ली स्वच्छता शपथ



पटना । चावल विकास निदेशालय, पटना के द्वारा सोमवार को स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत ह्यसंबोधि पब्लिक स्कूल, आशियाना दीघा रोड, पटना के बच्चो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्वच्छता शपथ कार्यक्रम में चावल विकास निदेशालय निदेशक के डॉ. मान सिंह के साथ निदेशालय के सभी कर्मचारीगण एवं स्कूल के प्रधानाध्यापिका तथा शिक्षक उपस्थित रहें। इस अवसर पर स्वच्छता क्वीज का आयोजन किया गया तथा बच्चों के बीच प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेतायों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही साथ बच्चों ने कचरा मुक्त भारत के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया ।

# पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत आयोजित कार्यक्रम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

प्रात: किरण, संवाददाता



ख्यालय, हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत रामाशीष चौक स्थित रेलवे आवास परिसर में रिक्त पड़े स्थानों में वृक्षारोपण का कार्य वृहत स्तर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, विवेक भूषण सूद, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पुष्कर कुमार, मंडल पर्यावरण प्रबंधक, आशीष कुमार एवं मुख्यालय के मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, सुमन कुमार तांती, उप मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, मंजय कुमार सिंह सहित मुख्यालय के अन्य गणमान्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सोनपुर मंडल के स्काउट एवं गाइड के कर्मचारियों एवं बच्चे-बच्चियों ने ह्यह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियानह्यह्य को सफल बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। वृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रकार के करीब 200 पौधे लगाए गए। एचडीएफसी बैंक के द्वारा सीएसआर फण्ड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के फलदार तथा फूलदार पौधे, जैसे-आम, अमरूद, लीची, जामुन, ऑवला, अनार, रात रानी, हर सिंगार, बेला कचनार, कनैल, उड़हुल, गुलमोहर इत्यादि लगाये गये। एचडीएफसी बैंक ने रेलवे को पर्याप्त पौधा प्रदान किया साथ ही साथ उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर में भाग लिया।

पूर्व मध्य रेल के पाँचों मंडलों में हुए कार्यक्रम के आयोजनों का विवरण निम्नवत हैः-

दानापुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी के तहत बख्तियारपुर, झाझा, मोकामा, आरा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, जहानाबाद, नवादा एवं पटना कॉलोनी में रहने वाले निवासियों एवं रेल यात्रियों को ठङ्क ४ल्लॅी ४री ङ्का स्र'२३ू के बारे में जागरूक किया गया और दानापुर स्टेशन परह२३ी ३ङ्क अ१३ से बने रिसाइकल उत्पाद को बिक्री के लिए लगाया गया। पटना जंक्शन पर बोतल क्रशर मशीन के प्लास्टिक से बने टी-शर्ट को बिक्री के लिए प्रदर्शनी लगाया गया।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं कॉलोनियों में आज की थीम के तहत रिसाइकल उत्पादों जिसमें से पेन स्टैंड, चम्मच से बने फूल, मिनी वर्टिकल हैंगिंग गार्डेन, लकड़ी से बना झाड़ू की बिक्री की गई एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सचित्र पेंटिंग वैगन केयर सेंटर, डीडीयू में किया गया। सभी स्टेशनों और कॉलोनियों में सघन सफाई अभियान चलाया गया।

सोनपुर मंडल के खगड़िया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता संदेश देने के उद्देश्य से स्काउट एवं गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मंडल के सभी बड़े स्टेशनों, यथा-सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया रेलवे स्टेशनों पर सफाई मित्रों की सहायता से सभी प्लेटफार्मों के साथ-साथ शौचालय एवं मूत्रालय की साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। ह्यह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियानह्यह्य के तहत मंडल के सभी स्टेशनों, कॉलोनियों एवं रामाशीष चौक स्थित रेलवे कॉलोनी में वृक्षारोपण किया गया। आज एवं दिनांक 24.09.2024 को बरौनी रेलवे स्टेशन पर चिकित्सा विभाग के द्वारा बरौनी स्टेशन, कॉलोनी एवं गढ़हरा कॉलोनी में कार्यरत सफाईकर्मी के स्वास्थ्य जाँच हेतु जाँच शिविर का आयोजन किया गया। समस्तीपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के सातवें दिन, समस्तीपुर स्टेशन पर रि-साइकल वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल लगाया गया। जिसमें फ्र्फ्र के विषय पर जोर देते हुए जागरूकता फैलाई गई। धनबाद मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अतंर्गत स्वच्छता की भागीदारी के तहत धनबाद, बरकाकाना एवं नेसुब गोमो स्टेशन पर वेस्ट टू आर्ट में बने रिसाइकल उत्पाद को सेल के लिए लगाया गया तथा लोगों को कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

## अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक आज

पटना सिटी (प्राकि)। अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक दशहरा पर्व को लेकर मंगलवार को आयोजित की गई है। दशहरा पर विधि-व्यवस्था संधारण, प्रतिमा विसर्जन एवं जन समस्याओं को लेकर अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक 24 सितंबर को दोपहर एक बजे गुलजारबाग स्टेडियम के हाल में आहूत की गई है। इसमें एएसपी, डीएसपी-2, पटना नगर निगम, पटना जल पर्षद, पेसू, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के अधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष, उत्पाद विभाग के निरीक्षक सहित अन्य को शामिल होने का पत्र भेजा गया है। साथ ही अग्निशमन पदाधिकारी को भी बैठक में भाग लेने को कहा गया है। अनुमंडलीय शांति समिति के सदस्यों के साथ ही विभिन्न पूजा समिति से जुड़े लोगों को भी बैठक में भाग लेने को कहा गया है। इस संबंध में थाना स्तर से भी लोगों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

## विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा-माले ने किया प्रदर्शन




फतुहा। सोमवार को भाकपा-माले, अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के संयुक्त तत्वधान में कार्यकताओं ने फतुहा अंचल व प्रखंड मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन व सभा किया। सभा को संबोधित करते हुए कार्यकताओं ने कहा कि सरकार सभी 95 लाख महागरीब परिवारों को 200000 एक मुश्त दे। सभी भूमिहिन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन और पक्का मकान की गारंटी करें। राज्य में बढ़ते अपराध, दलित गरीबों महिलाओं पर जारी हिंसा पर रोक लगाने, बाढ़ पीड़ितों को राहत राशन का इंतजाम करने, स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने, जबरन दमन की कार्रवाई पर रोक लगाने, 200 यूनिट फ्री बिजली देने गारंटी करें। एक माह के भीतर 70000 से कम के आय प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जाने की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अधिकारी पर जुमार्ना वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। समय रहते सभी आवेदनों का निष्पादन करना होगा। वरना घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन में परिणत होगा और जब तक उक्त मांगे हासिल नहीं हो जाती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उक्त प्रदर्शन व सभा का नेतृत्व भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार व भाकपा माले फतुहा प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने की। इस मौके पर पंकज यादव, राम प्रवेश रविदास, सुदामा दास, दीना साव, साधु यादव, अजय साव, रणजीत सिंह, बिंदा पासवान, विजय रविदास, श्याम सुंदरी देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी सहित भारी संख्या में महिला पुरुष प्रदर्शन में शामिल थे।

## श्री राम जन्मोत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व रामचंद्र को दी श्रद्धांजलि



पटना सिटी (प्राकि)। श्री राम जन्मोत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व रामचंद्र प्रसाद चंद्रवंशी के तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। वर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा श्री राम जन्मोत्सव समिति के पिछले 25 साल से अपने अध्यक्ष पद पर रहते हुए एक मजबूत संगठन तैयार किया गया। इस पर चर्चा की गई। उनकी पुरानी याद को तरोताजा करते हुए समिति के महामंत्री मुरारी राय हो गए। आने वाले दिनों में संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर विचार किया गया। उनके बताए मार्ग चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समिति के प्रमुख पदाधिकारी नरेंद्र कुमार, सुजीत सिंह कुशवाहा, विनय कुमार बिट्टू, संतोष कुमार सोनू, संतोष कुमार चौरासिया, बाबू भाई, मुन्ना सरकार, गौरव कुमार, प्रमोद राज, सुधीर कुमार कसेरा, छोटू गिरि, आकाश कुमार, अजय कुमार, भरत प्रसाद चंद्रवंशी, अंकित कुमार, यश राज, संजय कुमार अंबष्ट, रतन कुमार गुप्ता, अरविंद यादव, दीपक कुमार, संजय मालाकार, सतेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, गिरजा प्रसाद, राहुल कुमार, लक्षण प्रसाद, काशीनाथ चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पटेल आदि ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी भाजपा आयुष मंच : डॉ अजय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




भाजपा आयुष विभाग द्वारा बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर स्थित अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में सेवा पखवारा कार्यक्रम की तैयारी को बैठक की गई। भाजपा आयुष मंच के प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि सेवा पखवारा के दौरान दो अक्टूबर तक बिहार में भाजपा आयुष के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दर्जनों स्थान पर किया जाएगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और विकास को समर्पित बीजेपी के कार्यों को जनता को बताते हुए सदस्यता अभियान के अंतर्गत आयुष मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा हजारों सदस्य बनाया जा चुका है तथा इस दौरान जोर-शोर से अभियान तेज होगा। इस निमित्त विभाग द्वारा डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, डॉ कुमार अंजनेयम, डॉ पंकज कुमार पांडेय, विकास मौड़ीवाल, मनीष कुमार, वीणा प्रकाश, प्रियंका राय, डॉ टीएल मौर्य, डॉ रमेश कुमार पांडेय, डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## गंगा का जलस्तर घटने के साथ पाथ -वे पर फैला कीचड़

### वाहन का पहिया और लोगों का पैर फिसलने से हो रहा दुर्घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में गंगा पाथ-वे पर से पानी कम हुआ हुआ है। हालांकि महावीर और भद्र घाट में अभी पूरी तरह से पानी नीचे नहीं आया है। कंगन घाट में भी यही स्थिति बनी हुई है। मगर गंगा का पानी जैसे-जैसे कम होता जा रहा है, पाथ-वे पर कीचड़युक्त गंदगी पसरी हुई है। छोटे-छोटे पौधे का ढेर कचरा आदि जमा हुआ है। नतीजा यह है कि दो पहिया और ई-रिक्शा गुजरने वाला जहां थोड़ा भी ब्रेक लेता है, उसका पहिया फिसल जाता है और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। ऐसे में वाहन चालक और सवार भी घायल हो जा रहे हैं। पैदल चलने वालों के साथ भी यही स्थिति है। थोड़ी सी असावधानी हुई नहीं कि दुर्घटना तय है। हालांकि पानी एक दिन पहले से ही घटना शुरू हुआ है। नगर निगम के अजीमाबाद और सिटी अंचल के द्वारा बॉब कट या जेसीबी को लगाकर उक्त कीचड़ युक्त गंदगी की सफाई करना जरूरी है। ऐसा नहीं होने से लगातार हादसा होता रहेगा। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने भी एक-दो दिनों में बारिश की संभावना जताई है। यदि फिर से बारिश हुई, तो कीचड़ और फैल जाएगा, जो लोगों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि निकले कचरा और गंदगी को अविलंब पाथ-वे के रास्ते से हटा दिया जाए।

## शिल्पकार व मूर्तिकार की स्थिति महंगाई के कारण दयनीय बनी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में शिल्पकार, मूर्तिकार की स्थिति दयनीय बिहार में कुम्हारी कला एवं तमाम शिल्पकला से जुड़े हुए कलाकारों की स्थिति दयनीय है। महंगाई के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर हुई है। दशहरा के मौके पर मूर्ति बना रहे कलाकारों ने अपनी व्यथा कहते हुए कहा कि सामान की कीमत इतनी बढ़ गई है कि अब हम लोगों को यह धंधा करने में फायदा नहीं होता है। महंगाई के कारण हम लोगों को धंधा से पेट चलाना भी मुश्किल हो रहा है। लोग लागत से कम पैसा देते हैं। हम कलाकार लोग ब्याज पर महाजन से पैसा लेकर मूर्तिकारी या अन्य कलाकारी करते हैं। बावजूद उचित मूल्य नहीं मिल पाता। वहीं मूर्ति बनाने का भी अपना जमीन, खटाल वगैरह नहीं रहने के कारण कहीं भी मूर्ति बनाते हैं, तो स्थानीय लोग भी विरोध करते हैं। हम कलाकारों की स्थिति काफी दयनीय है। राष्ट्रीय जनता दल शिल्प कला प्रकोष्ठ के उमेश पंडित ने बताया कि बिहार में शिल्प से जुड़े कारीगरों, जिसमें कुम्हार, लोहार, कसेरा, ठठेरा, रंगरेज, मालाकार, सहित सभी शिल्पकारों का कमरतोड़ महंगाई और महंगी बिजली के कारण स्थिति गंभीर है। लोगों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पाता। सरकार इन कारीगरों को राहत नहीं दे पा रही है। सरकार से मांग कर रहे हैं कि अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी माटी कला बोर्ड की स्थापना हो, ताकि इन वर्गों का उत्थान और कल्याण हो सके।

# पथ व पुल निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं:विजय

## बोलें- बियरिंग बदलने की आरंभिक प्रक्रिया के दौरान गिरा गार्डर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बख्तियारपुर-ताजपुर परियोजना के चैनेज-20+822 नंदिनी लगुनिया पर निमाणाधीन रेलवे पुल का एक गर्डर बियरिंग गिरने का जो मामला संज्ञान में आया है वह किसी तकनीकी खामी की वजह से नहीं बल्कि बियरिंग बदलने की आरंभिक प्रक्रिया के दौरान गिरा है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह परियोजना 2011 में प्रारंभ हुई लेकिन परियोजना पर संवेदक द्वारा धीमी गति से काम करने तथा अन्य कारणों की वजह से एकरारनामा को 2020 में ही रद्द कर दिया गया था। आगे चलकर राज्य सरकार की पहल पर दिनांक 10 जनवरी 2023 पूरक एकरारनामा सम्पादित कर निर्माण कार्य फिर से प्रारंभ किया गया था। संदर्भित रेलवे उपरी पुल का गर्डर एकरारनामा रद्द होने के पूर्व ही कास्ट कर डाले कर दिये गये थे। लेकिन डेक स्लैब कास्ट नहीं हो पाने के कारण खुले वातावरण के प्रभाव से बियरिंग में जंग लगने की बात कंडीशन सर्वे के दौरान संज्ञान में आयी थी। विगत दिनों जंग से प्रभावित बियरिंग को बदलने की प्रारंभिक कार्रवाई संवेदक द्वारा की जा रही थी, जिसके कारण दाहिने ओर का एक गर्डर उलट गया। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि दरअसल यह पुल/स्पैन गिरने का मामला है ही नहीं, बल्कि केवल बियरिंग बदलाव के क्रम एक गर्डर के गिरने का मामला है। जिसमें न जान-माल की कोई क्षति हुई है और चूंकि गर्डर बियरिंग में बदलाव का आर्थिक व्यय भी संवेदक द्वारा ही किया जा रहा है लिहाजा सरकार पर कोई अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं होने जा रहा है। घटना के तुरंत बाद बीएसआरडीसी के शीर्षस्थ पदाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया। जो यह बताता है सरकार ससमय गुणवत्तापूर्ण पथनिर्माण सुनिश्चित करने के लिए कितनी तत्पर है। हम छोटी से छोटी घटनाओं को पूरी गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लेते हैं। श्री सिन्हा ने कहा लेकिन सरकार को एक्शन में दिखकर चंद लोगों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी जी तो अपनी अकुलाहट को रोक नहीं पाए और ट्विटर एक्टिविज्म में जुट गए। बिना किसी ठोस जानकारी के झूठी अफवाह फैलाना शुरू कर दिया। गलत तथ्य के साथ आधारहीन आरोप लगाने से पूर्व उन्हें पता करना चाहिए था कि वास्तविक स्थिति क्या है और 2020 में जो एकरारनामा रद्द हुआ था उसे कब फिर से बहाल किया गया? और उस समय विभागीय मंत्री कौन था? आज उन्हें जो अनियमितता दिख रही है सत्ता सुख लेते समय कभी उसकी सुध क्यों नहीं ली? आज जिस प्रकार वे आंदोलित हो रहे हैं उसे देखकर तो यही लगता है कि चोर मचाए शोर।

# निरंतर पुलों का गिरना भ्रष्टाचारी संयोग है या प्रयोग? : तेजस्वी

- नेता प्रतिपक्ष ने गार्डर गिरने को लेकर सरकार पर कसा तंज

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सरकार पर लगातार हमलावर बने हुए हैं। कानून व्यवस्था सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटे हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष ने समस्तीपुर में पुल गिरने के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने अपनी सोशल मीडिया एकाउंटस एक्स पर लिखा है कि 1603 करोड़ की लागत से निमाणाधीन समस्तीपुर-बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के संपर्क पथ का पुल भर-भराकर गिर गया। एक सप्ताह पूर्व करोड़ों की लागत से जमुई के बरनार नदी पर बना पुल भी धँस गया था जबकि उसका कुछ दिन पूर्व ही सीएम ने कथित निरीक्षण किया था। 20 वर्षों की एनडीए सरकार की बुनियाद ही कमीशनखोरी, रिश्वत खोरी, संस्थागत भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता, अवैध वसूली और अपराधी व अधिकारियों की संगठित लूट पर टिकी है। क्या प्रधानमंत्री मोदी, बतायेंगे कि बिहार में निरंतर पुलों का गिरना भ्रष्टाचारी संयोग है या प्रयोग? वहीं, बिहार में बढ़त अपराध को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके तेजस्वी यादव ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की है। सोशल मीडिया एक्स पर तेजस्वी ने घूसखोरी का वीडियो शेयर किया है और जोरदार हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए सीधे तौर पर सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। तेजस्वी ने एक्स पर लिखा, क्या आपके यहाँ थाना और ब्लॉक में ऐसे ही रिश्वत देकर काम किए और कराए जाते है? बिहार में खुली बोली के तहत होने वाले ट्रांस्फर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार रूपी गंगोत्री के कारण हर बिहारी डूब रहा है। इस रिश्वतखोरी और संस्थागत भ्रष्टाचार के कारण सत्ताधारी दल मौज में है, उन्हें आम जनमानस की कहीं कोई परवाह नहीं है।

# भ्रष्टाचार के आरोपी सदाचारी बनने का कर रहें ढोंग : मंगल

## चारा घोटाले में आधा दर्जन मंत्री-विधायक गये थे जेल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं। चारा घोटाले में आरोपित होने के बाद भ्रष्टाचार के हाथी पर चढ़ कर 30 जुलाई, 1997 को अपनी पहली जेल यात्रा करने वाले लालू प्रसाद बाद में भी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आए। लैंड फॉर जॉब स्कैम और बेनामी सम्पत्तियों का जखीरा खड़ा करना उनके आदतन भ्रष्टाचारी होने का ही प्रमाण है। श्री पांडेय ने कहा कि चारा घोटाले में अकेले लालू यादव ही जेल नहीं गए बल्कि उनके तत्कालीन मंत्रिमंडल के करीब आधा दर्जन मंत्रियों व उनके विधायकों को भी जेल यात्रा करनी पड़ी थी। विद्यासागर निषाद, चंद्रदेव प्रसाद वर्मा, भोला राम तूफानी, डॉ. आर के राणा आदि कुछ ऐसे नाम हैं, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। केवल मंत्री, विधायक ही नहीं, लालू प्रसाद के तब के अनेक वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों मसलन बेक जूलियस, सजल चक्रवर्ती, अरुमुगम, फूलचंद सिंह, महेश प्रसाद और एस एन दुबे जैसों को ट्रेजरी से अवैध राशि निकासी के आरोप में ही वर्षों जेल में रहना पड़ा था। श्री पांडेय ने कहा कि चारा घोटाले में पहली बार लालू यादव को 03 अक्टूबर, 2013 को 5 साल की सजा हुई। 2023 तक अन्य चार मामलों में भी उन्हें कोर्ट दोषी करार कर सजा सुना चुका है। भ्रष्टाचार के पांच-पांच मामलों में लालू प्रसाद के सजायाफ्ता होने के बावजूद उनके परिजन और उनका दल सदाचारी बनने का ढोंग करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# जमीन सर्वे पर अनर्गल बयानबाजी कर रहा विपक्ष : उमेश

## बोलें-जनता को सतर्क और सजग रहने की जरूरत



पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को जमीन सर्वे की बुनियादी समझ नहीं है और इस संबंध में वे गलतबयानी कर आम जनता को भ्रम में डालने की नापाक कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष के ऐसे बयान बहादुर नेताओं से प्रदेश की जनता को सतर्क और सजग रहने की जरूरत है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कानून-व्यवस्था से संबंधित ज्यादातर अप्रिय घटनाएं भूमि विवाद में होती है और इसे सुलझाने की दिशा में नीतीश सरकार निरंतर प्रयासरत रही है। आंकड़े साफतौर पर बताते हैं कि पहले 60 फीसदी से अधिक हत्याएं सिर्फ भूमि विवाद में होती थी, जो अब घटकर 49 फीसदी हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ईमानदार और सकारात्मक दिशा में किए गए प्रभावी प्रयास का यह नतीजा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता की सहूलियत हेतु राज्य सरकार ने जमीन सर्वे कराने का निर्णय लिया है और निसंदेह यह कदम आम जनता के व्यापक हित में है। इससे जमीनी विवाद कम होंगे और न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधित प्रमाणिक आँकड़े होने से सरकार को कृषि, सिंचाई एवं अन्य विकास संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि जमीन सर्वे के कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मकसद से विपक्ष के लोग अनर्गल और निराधार बयानबाजी कर रहे हैं। जबकि प्रदेश की जनता जमीन सर्वे से होने वाले अनेक फायदे को बेहतर तरीके से समझती है इसलिए विपक्ष का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



- सैकड़ों लोगों को बांटी गई दवाइयां
- मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा : दिलीप
- भाजपा संगठन का मंत्र सेवा करना : भीखू

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार भाजपा द्वारा सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश कार्यालय में नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा जरूरतमंदों को मुफ्त में दवाइयां दी गई। प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस चिकित्सा शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सही अर्थों में मानव सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है, पूजा है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत इसी इबादत को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी के सपने को पूरा कर रही है। डॉ . जायसवाल ने भाजपा कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे यह सेवा सप्ताह मानवता की सेवा के रूप में मनाएं। उन्होंने कहा कि यह सेवा सप्ताह जिला से मंडल स्तर तक मनाया जा रहा है और सेवा के तहत विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इधर, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसनिया ने कहा कि आज बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सही अर्थों में संगठन सेवा करने के लिए ही है और सेवा ही संगठन है। उन्होंने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा दो अक्तूबर तक चलेगा। इस शिविर में चिकित्सा प्रकोष्ठ ने के प्रदेश संयोजक डॉ मृणाल झा, प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ निखिल चौधरी, प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार, डॉ राजेश कुमार , डॉ निशांत, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ वी पी सिन्हा, डॉ आर के भट्ट, डॉ अविनाश, डॉ प्रियरंजन, डॉ एस के ठाकुर, डॉ सुशांत सहित पालिका विनायक अस्पताल की पूरी टीम ने आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उसके बाद जरूरी लोगों को दवा बांटी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष शीला प्रजापति, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, अमृता भूषण राठौर भी उपस्थित रहे।

# दिनकर सदैव राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता के लिए समर्पित रहे : दिलीप

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जयंती पर राष्ट्रकवि को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय कवि और प्रसिद्ध लेखक स्व. रामधरी सिंह दिनकर की जयंती पर दिनकर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन रामधारी सिंह दिनकर संस्था द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रकवि दिनकर के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिनकर पुष्पांजलि समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि दिनकर सदा राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सेना सीमा पर सुरक्षा के लिए हमेशा खड़ा रहता है उसी प्रकार से रामधारी सिंह दिनकर अपने काव्य भावना से वीर रस भावना से क्रांतिकारी अलख जगाने का काम किया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि उसी मनुष्य का जीवन सफल है जिसके आने पर खुशी और जाने पर आंखो मे आंसू हो उनमे से एक थे दिनकर। दिनकर कोई मामूली व्यक्ति नही थे वे सच्चे राष्ट्रीयता का अलख जगाने वाले नायक थे। उन्होंने कहा कि दिनकर की कविता मे ओज,विद्रोह, आक्रोश,क्रांतियता, कोमलता ,श्रृंगारिता का खूबसूरत संयोजन देखने को मिलता है। दिनकर लेखक भी थे,कवि भी थे,निबंधकार भी थे जिसका सम्मिश्रण इनके रचनाओ मे मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव का जन्म ही परोपकार के लिए हुआ है और यह जन्म भी तभी सार्थक है जब वह परोपकार करे। इससे पहले स्वागत भाषण और अभिनंदन रविन्द्र रंजन ने किया एवं विषय प्रवेश डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी, डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, आशुतोष शंकर सिंह, अमित प्रकाश बबलु, प्रभात मालाकार उपस्थित रहे। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ . जायसवाल दिनकर गोलंबर पहुंचे और वहां राष्ट्रकवि दिनकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इस मौके पर विधायक अरूण सिन्हा,पटना महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार,सह कोषाध्यक्ष आशुतोष शंकर सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मनीष कुमार जदयू मीडिया सेल का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने खगड़िया जिला निवासी मनीष कुमार को जदयू मीडिया सेल का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया एवं नई दायित्व के लिए उन्हें बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को प्रतिनिधित्व देने से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। मिशन-2025 और लक्ष्य-225 को साकार रूप देने में प्रदेश के युवा वर्ग की भूमिका सबसे अहम होने वाली है।

### रालोमो पटना महानगर के संगठन का हुआ विस्तार

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा, बिहार प्रदेश के कैंप कार्यालय में पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद की अध्यक्षता में महानगर के संगठन के विस्तार के क्रम में राहुल कुमार को उपाध्यक्ष, राजीव केसरी को उपाध्यक्ष एवं सुरेश पासवान को संगठन सचिव के पद पर मनोनित किया गया, इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज एवं महासचिव सुभाष सिंह चंद्रवंशी ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से पटना महानगर इकाई और धारदार एवं मजबूत होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक, प्रदेश प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार, नितिन भारती, प्रदेश उपाध्यक्ष अंगद कुशवाहा, मोहन यादव, महासाचिव परमानन्द यादव, अशोक कुशवाहा, सौरव सागर, विनोद कुमार पप्पू, मो. आशिक समेत अनेकों नेता उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष को जनता से कोई मतलब नहीं : प्रभाकर

## कार्यक्रम बीच में छोड़कर गये दुबई

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव सैर-सपाटे के लिए राजनीति में आये हैं। ये सिर्फ कहने के राजनेता हैं, इन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है। जनप्रतिनिधि का इनमें कोई लक्षण नहीं है। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव राजनीति में मौज-मस्ती के लिए आये हैं। नवरात्र में हेलीकॉप्टर पर फिश पार्टी, मटन पार्टी तेजस्वी की राजनीति का असली रंग हैं। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में मन नहीं लगा, तब कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर दुबई चले गये। सैर-सपाटे की राजनीति तेजस्वी ने अपने राहुल गांधी से सीखी है। गुरु-चेला दोनों परिवारवाद की उपज हैं। जनता से इन्हें कोई सरोकार नहीं, ये सिर्फ सियासत में रहकर मेवा खाने में विश्वास करते हैं। इनके रगों में भ्रष्टाचार है। इन्हें जहां भी पावर और पद मिला, ये उसका इस्तेमाल भ्रष्टाचार से पैसा कमाने के लिए करते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि यह भागवत गीता में भी लिखा है कि हर व्यक्ति को उसकी करनी का फल भुगतना पड़ता है।

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन में शामिल हुए विप सभापति



10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन 23 और 24 सितंबर, 2024 को संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो सीपीए भारत क्षेत्र के चेयरपर्सन भी हैं, इस सम्मेलन की अध्यक्षता रहें हैं। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं सचिव अखिलेश कुमार झा भी इस सम्मेलन में शिरकत कर रहें हैं। सम्मेलन का विषय है सतत और समावेशी विकास की प्राप्ति में विधायी निकायों की भूमिका। सीपीए भारत क्षेत्र का गठन 2004 में हुआ था। राज्यों, संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी, 4 सभापति, 25 अध्यक्ष, 3 उप सभापति, 14 उपाध्यक्ष अपने राज्य के प्रधान सचिवों, सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन दूसरी बार नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

# सारण जिले के कई लोग लोजपा आर में हुए शामिल



पटना। लोजपा रामविलास के राज्य मुख्यालय पटना में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के उपस्थिति में सारण जिला के मांझी विधानसभा के माडीपुर कला निवासी अभिजीत सिंह राठौड़ अपने सैकड़ो युवा साथियों के साथ लोजपा रामविलास में शामिल हुए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। आगे श्री राजू तिवारी ने मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट से प्रेरित होकर प्रेरित होकर युवा साथी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं । यह हम लोग के नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चिराग पासवान जी के बढ़ती लोकप्रियता का ही दिन है। आज निश्चित तौर पर अभिजीत सिंह राठौर के पार्टी में शामिल होने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी और छपरा जिला का संगठन और मजबूत होगा। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# नवादा कांड के खिलाफ सड़कों पर उतरे माले कार्यकर्ता

- भूमि सर्वेक्षण पर नए सिरे से विचार करे सरकार : माले

पटना, प्रात: किरण संवाददाता




नवादा अग्निकांड और पूरे राज्य में दलित-गरीबों-महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के खिलाफ सोमवार को माले के राज्यव्यापी आह्वान पर पूरे बिहार में प्रदर्शन हुआ। नवादा के वारसलीगंज, अकबरपुर, कृष्णानगर आदि प्रखंडों में प्रतिरोध मार्च निकाले गए। गया में आक्रमक मार्च निकला जहां हाल के दिनों में दलितों पर हमले की सबसे ज्यादा घटनाएं हुई हैं खगड़िया, सासाराम, नालंदा, दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, सारण, भोजपुर आदि जिलों में भी मार्च निकले। पटना में जीपीओ चौराहा से मार्च निकला और बुद्ध स्मृति पार्क पर सभा हुई। फुलवारीशरीफ विधायक गोपाल रविदास सहित सरोज चौबे, गोपाल रविदास, आर एन ठाकुर, प्रकाश कुमार, उमेश सिंह, गालिब, पन्नलाल सिंह, मुर्तजा अली,.अनय मेहता, संजय यादव, शंभूनाथ मेहता, अनुराधा सिंह, डॉ. प्रकाश सिंह, राजेश कुशवाहा, राखी मेहता, प्रीति कुमारी, महेश चंद्रवंशी,.लीला वर्मा, सुरेश प्रसाद, हेमंत राज आदि मार्च में शामिल हुए। संचालन का. जितेंद्र कुमार ने किया। मार्च के दौरान का. गोपाल रविदास ने इस मौके पर कहा कि नवादा कांड सत्ता संरक्षित ताकतों द्वारा अंजाम दिया गया है। बिहार में जारी जमीन सर्वेक्षण से इसके तार जुड़ते हैं। भूमाफिया गिरोह दलित-गरीबों की बस्तियों को जलाकर या बुलडोज करके उनका नामोनिशान मिटा देने की कोशिशें कर रहे हैं। बिना किसी पूर्व तैयारी के राज्य में जारी जमीन सर्वेक्षण दलितों-गरीबों पर हमले व उनकी बेदखली का पर्याय बनता जा रहा है। भाकपा-माले ने राज्य सरकार से मांग की है कि भूमि सर्वेक्षण पर नए सिरे से विचार करे और हमले- हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाए।

# किसानों के हितों के लिये नीतीश सरकार प्रयासरत : जदयू

पटना। बिहार जदयू के प्रदेष प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2008 से ही कृषि के समग्र समेकित एवं त्वरित विकास सुरक्षित करने के उद्देश्य कृषि रोड मैप तैयार कर किसानों के आर्थिक स्थितियों मैं सुधार सुनिश्चित किया है। बिहार के 38 जिलों में 28 जिले बाढ़. प्रभावित है एवं उसमें से 15 अत्याधिक बाढ़ प्रभावित है, बाढ़ प्राकृतिक आपदा है इसे पूर्ण रूप से रोक नहीं जा सकते परंतु सरकार बाढ़ के प्रभाव न्यून करने एवं किसानों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में हमारे आदरणीय नेता श्री नीतीश कुमार ने कल किसानों के हितों में एक अति महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेंगे एवं उनके आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होंगे। अब सरकार बाढ़ से हो रहे फसलों के नुकसान का 24 घंटे के अंदर पंचायत बार आकलन कर तुरंत क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने का काम करेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कृषि भवन में नियंत्रण केंद्र की स्थापना किए गए हैं जो 24/7 कार्यरत रहेगा। इसे प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने हेतु वरीय नोडल पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी की नियुक्ति किए गए हैं। कृषि विभाग ने सभी जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक को 24 घंटे के अंदर फसलों को बाढ़ से हो रहे नुकसान का पंचायत बाद आकलन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया जारी किया है ताकि कृषकों को तुरंत क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराया जा सके। ऐसे निर्णय के कारण ही नीतीश कुमार को विकास पुरुष एवं उनके शासन को सुशासन कहा जाता है।

# आरक्षण और संविधान को कोई छू नहीं सकता : चिराग

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड के लातेहार और पलामू के लेसलीगंज में लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण रामविलास पासवान तथा वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल के आदमकद प्रतिमा का अनावरण और आमसभा को संबोधित किया। चिराग ने अपने संबोधन में कहा कि उनके नेता और पिता रामविलास पासवान का सपना झारखंड को अग्रणी राज्य बनाना था जिसके लिए वो और उनकी पार्टी कृतसंकल्पित है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अपने संस्थापना काल से झारखंड के सभी 24 जिलों में मजबूत स्थिति में है। लोजपा सुप्रीमो ने दलित सेना और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सभी नेता एवं कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव को ले कर तैयारी में जुट जाने का दिशानिर्देश दिया है। चिराग ने आम लोगों को विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ जिसमे संविधान और आरक्षण पर खतरा बताया गया को काठ की हांडी बताया जो बार बार नहीं चढ़ाई जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए विश्वास के साथ उन्होंने झारखंड के आम दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को विश्वास दिलाया कि जब तक चिराग पासवान जीवित है तब तक आरक्षण और संविधान को कोई छू नहीं सकता है। आगामी विधानसभा चुनाव में लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) एनडीए के साथ मिल कर झारखंड में चुनाव लड़ने का प्रयास करेगी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिद्ध वाली टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग उन्हें चुनाव में इसका जवाब देंगे।

# समर शेष है, नही पाप का भागी केवल व्याध, जो तटस्थ हैं समय लिखेगा...



## दिनकर के जयंती पर सम्मेलन में आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

ढीली करो धनुष की डोरी.. तरकश का कस खोलो.. किसने कहा, युद्ध की वेला चली गई, शांति से बोलो? किसने कहा,और मत वेधो हृदय वह्नि के शर से, भरो भुवन का अंग कुंकुम से, कुसुम से, केसर से? कुंकुम लेपूँ किसे, सुनाऊँ किसको कोमल गान? तड़प रहा आँखों के आगे भूखा हिंदुस्तान, समर शेष है, नही पाप का भागी केवल व्याध, जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध! बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर, आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कवि की इन्हीं पंक्तियों से अपना अध्यक्षीय संबोधन आरंभ किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियाँ आज भी वही है, जब दिनकर जी ने समर शेष है नामक अपनी यह बहु-चर्चित और लोकप्रिय कविता लिखी थी। भारत का पीड़ित और भोला समुदाय आज भी आश्वासनों और आशाओं पर जीवित है। भारतीय समाज में घृणा फैलाई गई, भ्रष्टाचार और चरित्र-हीनता को बढ़ावा मिला, धन की भूख पैदा की गई, पर वंचित और भोले लोगों के लिए आज भी पूर्ण-स्वराज स्वप्न बना हुआ है। ऐसे में दिनकर आज और भी प्रासंगिक लगते हैं। दिनकर ओज के, किंतु मानवतावादी राष्ट्र-कवि थे। उनमे प्रेम भी है और पौरुष भी। वे सही अर्थों में अपने समय के सूर्य थे। वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे और उन्हें भारत सरकार ने पद्म-भूषण अलंकरण से भी सम्मानित किया था। इस अवसर पर सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा रेश्वर सिंह, कवयित्री डा भावना शेखर तथा डा ओम् प्रकाश जमुआर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा पुष्पा जमुआर, डा प्रतिभा रानी, डा ओम् प्रकाश जमुआर, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय, शुभचंद्र सिन्हा, जय प्रकाश पुजारी, शंकर शरण मधुकर, कमल किशोर वर्मा कमल, सुनीता रंजन, पंकज प्रियम, अरुण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, सूर्यदेव सिंह, अजीत कुमार भारती आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन ई आनन्द किशोर मिश्र ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर, वरिष्ठ रंगकर्मी अभय सिन्हा, प्रवीर कुमार पंकज, प्रियंका सिंह, राम प्रसाद ठाकुर, नरेंद्र कुमार झा, दुःखदमन सिंह, विनय चंद्र,भास्कर त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सुधीजन उपस्थित थे।

# जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व केशो सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्व केशो सिंह के नालंदा जिला के रहुई स्थित खिरौना ग्राम स्थित उनके आवास पर आयोजित उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व केशो सिंह सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सात्वना भी दी। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक जीतेन्द्र कुमार, विधायक डॉ सुनील कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक ई सुनील, पूर्व विधायक चन्द्रसेन कुमार, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# दिनकर जयंती पर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय एवं नवस्थापित दिनकर पीठ के तत्वावधान में ह्यराष्ट्रीय अस्मिता और दिनकर का साहित्यह्न विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में नरगौना परिसर ,स्थित जुबली हॉल में संपन्न हुआ। संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित की गई।

दीप -प्रज्वलन व कुलगीत के बाद राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन- सत्र की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विभागाध्यक्ष एवं साहित्यकार प्रो अजीत कुमार वर्मा ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संसार की प्रत्येक जाति, समाज को साहित्य की आवश्यकता है, साहित्य मनुष्यत्व की रक्षा करता है। इसी रूप में दिनकर हमारी जरूरत हैं। उनके यहां सजावट है, लेकिन उस पर उनकी कला तिरोहित नहीं होती। उनकी कला मानवीय मूल्यों की पक्षधर है। इसी में भारत का भारतत्व निहित है। दिनकर ने राष्ट्र में खरोंचे भी देखीं और उससे आगे का भविष्य भी देखा। दिनकर की भूमिका द्रष्टा और स्रष्टा दोनों ही रूपों में उल्लेखनीय रही हैं।

**स्वागत भाषण देते हुए।**

विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार ने कहा कि दिनकर में राष्ट्रीयता के साथ- साथ सुकुमार कोमल भावनाएं भी मौजूद हैं। उनके यहां लोकपक्ष भी प्रचुर मात्रा में है। किसी रचनाकार को देखने की अपनीझ्अपनी दृष्टि हो सकती है लेकिन इससे इंकार नहीं किया सकता कि व्यापक मानवीय मूल्यों को दिनकर ने जीवनपर्यंत अपनी रचनाओं में स्थान दिया। उनके विराट व्यक्तिव पर हमने कई विद्वान वक्ताओं को सुना। बहुत सारी चीजें सामने आईं।

दिनकर पीठ के इस आयोजन की सार्थकता इसी में है कि उनके साहित्य के अलक्षित पक्षों पर भी बड़े पाठक वर्ग का ध्यान आकर्षित कराया जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति में यह आयोजन अपनी भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा है। प्रथम सत्र में बीज -वक्तव्य देते हुए मानविकी संकायाध्यक्ष व विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि विगत जून महीने में नागार्जुन पीठ तथा सितंबर में दिनकर पीठ की चिरप्रतीक्षित अभिलाषा पूरी हुई, इसमें हमारे कुलपति की उल्लेखनीय भूमिका है। उनके प्रति हम आभार प्रकट करते हैं।

प्रो सिंह ने आगे कहा कि भारतीय अस्मिता की तलाश भारतेंदु से शुरू होती है। क्योंकि इससे पहले दो सौ



## दिनकर हिंदी साहित्य के अभिनवगुप्तःप्रो पाठक

वर्षों तक श्रृंगारिक रचनाएं होती रहीं, उससे पूर्व भक्ति काव्य का युग था। आप देखें इन काव्य युगों में राष्ट्र अनुपस्थित है। नवजागरण काल में राष्ट्र की तलाश शुरू होती है। पहली बार भारतेंदु ने राष्ट्र की व्यथा पर साथ रोने के लिए आमंत्रित किया, यह भारतीयता की तलाश है। जो गांधी, तिलक, नेहरू के साथझ्साथ दिनकर में नजर आती है। दिनकर ने ह्यसंस्कृति के चार -अध्याय ह्य के द्वारा भारत की सामासिक संस्कृति का आख्यान प्रस्तुत किया। भारत की संस्कृति गतिमान है, स्थिर नहीं। दिनकर ने भारतीय संस्कृति को इस गतिशीलता के साथ देखा और बताया कि हिंदुत्व राष्ट्रवाद नहीं है। दिनकर का राष्ट्रवाद जनता का राष्ट्रवाद है। वे सच्चे अर्थों में जनता के कवि हैं। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित ने हिंदी विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनकर की कविताएं सामाजिक विसंगतियों को समाप्त करने के लिए लंबे समय से उत्प्रेरक का कार्य करती रही हैं। उन्होंने हमेशा सामाजिक विद्रूपताओं के खिलाफ लिखा। उर्वशी, कुरुक्षेत्र और रश्मिरथी जैसी रचनाओं से उन्होंने भारतीय साहित्य को समृद्ध किया।

मुख्य अतिथि पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभाकर पाठक ने कहा कि दिनकर पीठ की स्थापना हर्ष का विषय है ,लेकिन इससे अधिक गौरव तब होगा जब निराला की साहित्य -साधना की तरह दिनकर की साहित्य - साधना पर सुदीर्घ, गहन व वैचारिक काम हो। मैं पीठ से जुड़े सभी विद्वानों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से इस दिशा में काम करने का आग्रह करता हूं। दिनकर आग भी हैं और जल भी हैं। वो जब बोलते हैं ,तो राष्ट्र बोलता है। दिनकर की रचना विस्तार को देखकर उन्हें हिन्दी साहित्य का अभिनवगुप्त कहना गलत न होगा। दिनकर की अस्मिता राष्ट्र से अभिन्न रूप में जुड़ी हुई है।

उद्घाटन -सत्र का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विभाग के सहझ्प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सुमन ने कहा कि आज दिनकर का उपयोग सभी पक्ष के लोग करना चाहते हैं। किंतु जो लोग दिनकर में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, फासीवाद ढूंढते हैं उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी। दिनकर के यहां एकल राष्ट्रवाद नहीं है, वे अंतरराष्ट्रीयतावाद के निकट पहुंचते हैं।

संगोष्ठी के दूसरे -सत्र की अध्यक्षता करते हुए बेनीपुर डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य और हिंदी के प्रो विजय कुमार ने कहा कि दिनकर प्रायः सभी रचनाओं में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में हैं। उनका इतिहास - बोध अद्भुत है, जो उन्हें राष्ट्रकवि के रूप में स्थापित करता है ।दिनकर ने भारत की सामासिक संस्कृति को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय बोध को पहचान दिया। राष्ट्रीय एकता और सामासिक संस्कृति का कार्यभार केवल राजनीति पर ही नहीं, साहित्य और शिक्षा जगत के लिए भी आवश्यक है।

### आमंत्रित वक्ता के तौर पर

मगध विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. पीयूष कुमार सिन्हा ने कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों ने भारतीय संस्कृति की प्रगतिगामीझ्रूढ़िवादी छवि प्रस्तुत की। दिनकर की इतिहास दृष्टि ऐसे औपनिवेशिक ऐतिहासिक आख्यानों को प्रश्नांकित करती है तथा भारतीय संस्कृति को मौलिक भारतीय नजरिए से देखने की प्रस्तावना उपलब्ध कराती है। साहित्य को समाज में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए। दिनकर के साहित्य में वह शक्ति है कि वर्तमान समय में निर्णायक भूमिका निभा सके।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामप्रवेश रजक ने कहा कि रवींद्रनाथ ठाकुर ने भारतीय साहित्य को प्रभावित किया है। हिन्दी में पंत, निराला, महादेवी की तरह दिनकर पर भी उनका गहरा प्रभाव रहा है। दिनकर ने रवींद्र की कविताओं का अनुवाद भी किया है। रवींद्र से संवाद करते हुए वे अपनी काव्य चेतना निर्मित करते हैं, जिस पर स्वाधीनता आंदोलन का प्रभाव है। स्वदेश प्रायः सभी कवियों के समक्ष आता है लेकिन दिनकर ने स्वदेश को विलक्षण रूप में अभिव्यक्त किया है। हालांकि रवींद्र की विश्वचेतना के समीप होते हुए भी दिनकर का आग्रह राष्ट्रीय चेतना के प्रति अधिक है।

एमआरएम कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.श्यामचंद्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र को विखंडित करने वाले तत्व आज भी समाज में विद्यमान हैं। उनसे संघर्ष करने में दिनकर का साहित्य हमें दिशा प्रदान करता है। सीएम साइंस कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. दिनेश साह ने दिनकर की रचना कुरुक्षेत्र के माध्यम से विश्व में छाए युद्ध के संकट पर विस्तृत चर्चा की। प्रथम एवं द्वितीय सत्र का मंच- संचालन विभाग के सहझ्प्राचार्य डॉ आनंद प्रकाश गुप्ता तथा तीसरे -सत्र का संचालन डॉ. मंजरी खरे ने किया। सोमवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रो हरे कृष्ण सिंह , मैथिली विभाग के अध्यक्ष प्रो. दमन कुमार झा, प्रो. अशोक कुमार मेहता, राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. अनुरंजन झा, डॉ. कामेश्वर पासवान,डॉ धर्मेंद्र दास, डॉ. विनिता कुमारी, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. हरिओम साह, डॉ. शंकर कुमार, अखिलेश कुमार राठौड़, डॉ आलोक राय, डॉ. गजेंद्र भारद्वाज, डॉ. मुन्ना साह, डॉ. वीरेंद्र कुमार दत्त, डॉ. ज्वालाचंद्र चौधरी, डॉ.अभिमन्यु बलराज, डॉ. प्रिया कुमारी आदि उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विभागीय शोधार्थी अभिषेक सिन्हा, सियाराम मुखिया, संध्या राय, दुगानंद ठाकुर, सरिता, पुष्पा, खुशबू, बबिता, खुशी, बेबी, कंचन, रोहित पटेल, अमित कुमार, जय प्रकाश, मलय नीरव, रूपक कुमार, सुभद्रा कुमारी, मनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिनों में 52 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य

मुजफ्फरपुर। जिले में आज से आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान शुरू किया गया है। तीन दिनों में 52हजार 529आयुष्यमान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा रविवार को आयुष्मान भारत -प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।अब तक जिले में 18 लाख 20 हजार346 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड दिया जि चुका है।23 से 25सितंबर तक चलने वाले विशेष अभियान में 52 हजार 529 कार्ड का बनाने का लक्ष्य है इसके लिए सभी बीडीओ को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। सीएस एवं पूर्वी व पश्चिमी अनुमंडल पदाधिकारी इस का प्रभावी मॉनिटरिंग करेंगे। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से छूटे हुए पात्र लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की है

### मंत्री ने दिलाई पूर्व जिला पार्षद को भाजपा की सदस्यता

मनीगाछी(दरभंगा)। भाजपा के चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे एवं सांसद गोपाल जी ठाकुर ने पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं समाजसेवी नरेंद्र झा को भाजपा की सदस्यता उनके आवासीय परिसर पर पहुंचकर दिलाई। इस दौरान सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार हर पांच से 6 वर्षों के अंतराल पर पार्टी सदस्यों को सदस्यता का नवीनीकरण कराना होता है ।पिछली बार कोरोना के कारण व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान नहीं चलाया जा सका था।इस बार सदस्यता अभियान के तहत 10 करोड़ नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है ।इस मौके पर सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान में गति लाते हुए अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाए जाने की योजना है, ताकि दिए गए लक्ष्य को 2 अक्टूबर से पहले प्राप्त कर लिया जाए ।इस मौके पर मदन यादव, प्रफुल्ल कुमार झा, चंदन झा ,सुनील साहु,कृष्णदेव मंडल, पारस मंडल, रागिनी देवी सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य की समस्याओं को देख कर काम कर रहे हैं : मंत्री

प्रात : किरण

दरभंगा ।देश की बेहतर भविष्य निर्माण में आज लगातार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी मजबूती कायम कर रही है। जिसे दुनियां देख व मान रही है। उक्त बातें नरमा गांव में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम को तेज करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कोयला खान एवं खनन केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर दुबे ने कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान ही नहीं बल्कि पच्चास साल बाद देश की भविष्य के ऊपर क्या समस्याएं आ सकेगी उसको ध्यान में रखते हुए हमारे दूरदर्शी सोच के महान नेता नरेंद्र मोदी जी लगातार काम को अंजाम देते हैं। यही कारण है कि आज दुनियां भारत और उन्हें लोहा मान रही है। गरीब, वंचित, किसान, युवा और समाज के अंतिम पंक्ति तक खड़े लोगों की भविष्य के लिए भी पीएम नरेंद्र मोदी जी संकल्पित होकर लगातार कार्य कर रही है। आज वही लोग उनके नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं जिसे देश के जनता की संपत्ति को लूटने में परेशानी हो रही है। जिसे जनता भी भली भांति समझने लगी है। इसलिए देश



के भविष्य को मजबूती प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए अधिक से अधिक व्यक्ति को भाजपा की सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए आह्वान किया।

वहीं सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि किसी भी परिवार, समाज, पार्टी और देश की बेहतर भविष्य के निमार्ता उसके कुशल नेतृत्वकर्ता होते हैं। कार्यकर्ता और जनता ही देश के उज्वल भविष्य के कुशल निमार्ता होते हैं। जबकि राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, जिलाध्यक्ष जीबछ सहनी द्वारा सदस्यता अभियान में दरभंगा जिला को नंबर एक की श्रेणी में रखने की घोषणा करते हुए कहा कि अभी तक पूरे जिला में सबसे अधिक करीब पंद्रह सौ कार्यकर्ता को जोड़ने का श्रेय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह को प्राप्त हुआ है। इसे लेकर राज्य मंत्री सहित सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर तालियां बजाकर पप्पू सिंह के हौसला को बुलंद किया। इससे पहले जयंतीपुर दाथ जन में संघ के जिला संयोजक चंद्रकांत यादव के आवास पर भी कार्यकर्ताओं से मिलकर देश के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील किया। वहीं पप्पू सिंह ने राज्यमंत्री को मिथिला पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया।

मौके पर जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुजीत मल्लिक, अभयानंद झा, डॉ. मृदुल शुक्ला, राजनारायण यादव, हीरा प्रसाद सुमन, मुनींद्र यादव, मंडल संयोजक लाल मुखिया, रामनाथ सहनी, माधव झा, धनपत ठाकुर, ललितमोहन झा, संजय पासवान और गंगाराम सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धोखाधड़ी मामला मे नटवरलाल मनोज झा गिरफ्तार

मधुबनी

मधुबनी एसपी सुशील कुमार के द्वारा प्रेस को जानकारी देते हुए बताया की मधुबनी जिला के बाबूबरही थाना के अंतर्गत सर्रा गांव निवासी गंगेश झा के पुत्र मनोज झा मधुबनी सहित इंडिया के दिल्ली चंडीगढ़ हरियाणा में ठगी करके करोड़ो की रकम अर्जित किया है। मधुबनी एसपी सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताएं कि मनोज झा एनएचएआई के अध्यक्ष बनाकर के लोगो से ढगी करता है। सीबीआई के द्वारा भी मामला दर्ज किया गया है।

फर्जी सिम से जस्टिस बनकर लोगो से ढगी का आरोप है मधुबनी पुलिस मनोज झा का आपराधिक इतिहास खंगाला है जिसमे मधुबनी जिला के बाबूबरही दरभंगा एवं देश के अन्य हिस्सो में 12 जगह मामला दर्ज है मनोज झा की गिरफ्तारी में मधुबनी पुलिस को को काफी मशक्कत करना पड़ा।

## आमजनों की समस्या का निदान करना पहली प्राथमिकता : डॉ गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा। जनता की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खड़ा उतरना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है। आमजनों के हर दुःख सुख में सहभागी होकर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी प्रथमिकता है।

दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए उचित पहल करने के बाद उपरोक्त बातें कही हैं।

सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की विभिन्न मुद्दों से संबंधित समस्याओं को बारीकी से सुनकर उसके निदान के लिए तक्षण पहल किया। सांसद डा ठाकुर ने लोगो के मौलिक समस्यायों के निदान से संबंधित अधिकारियों से प्रथमिकता के तहत निपटारा करने का निर्देश देते हुए कहा की आम नागरिकों के उचित मुद्दो को ध्यान से सुनकर उनका निदान करें तथा लोगों को संतुष्ट करे।

सांसद डा ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों के कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए कहा जनता की अपेक्षाओं को पुरा किए बीना जनप्रतिनिधि अपना नैतिक सम्मान नही पा सकते। संसद डा ठाकुर ने लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पुल, जमीन जैसे दर्जनों मुद्दों पर जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार प्रषासन से बारीकी से हर विषय पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की यहां के लोगों को किसी भी तरह से कष्ट नहीं हो इसका ख्याल रखे।

सांसद डा ठाकुर ने खुद को दरभंगा का नेता नही बेटा बताते हुए वे खुद एक साधारण कार्यकर्ता से संसद का सफर तय किए हैं इसलिए आमलोगो के दुख और दर्द को करीब से महसूस करते हैं। संसद डा ठाकुर ने जनहित के मुद्दे पर खुद को समर्पित बताते हुए कहा दरभंगा के हर परिवार को हर समस्यायों के निदान के लिए वे दिन रात तत्पर है और तत्पर रहेंगे।

# शिक्षा विभाग में सबसे अधिक मामले लंबित

मधुबनी



जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे समाहरणालय स्थित सभाकक्ष मे जिला स्तरीय सभी विभागो के वरीय पदाधिकारियो के साथ विभिन्न कार्यालय गतिविधियो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई ।उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला नीलाम पत्र वाद जिला लोक शिकायत निवारण में दायर परिवाद समाधान यात्रा में प्राप्त आवेदन सी पी ग्राम जानता के दरबार मे मुख्यमंत्री कार्यक्रम मे प्राप्त आवेदनो माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे मामलो सूचना का अधिकार मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलो की बारी बारी से समीक्षा की गई। नीलाम पत्र वादो की समक्ष के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियो को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम से कम चार-पाच मामले की सुनवाई करे। कर्मियो के लॉगबुक की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालयो में लॉग बुक का संबधित पदाधिकारी नियमित रूप से जाच करे। उन्होने अधिकारियो को निर्देश दिया कि समय से संचिकाओं को प्रस्तुत नही करने वाले सहायको पर करवाई करे।उन्होने कहा कि सभी शाखा के वरीय पदाधिकारी भी अपने संबंधित शाखा का नियमित जांच करे साथ ही लॉग बुक के संधारण पर पूरा ध्यान दे। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करे ।उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलो को हर हाल मे शून्य करे। उन्होने कहा कि सभी पदाधिकारी नियमित रूप से लॉग बुक सूचना केअधिकार पंजी सहित सभी महत्वपूर्ण पंजियो का नियमित से निरीक्षण करे ताकि यह सुनिश्चित कर सके कि ससमय मामलो का निष्पादन हो सके। उन्होने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करे । इसमे थोड़ी भी शिथिलता या लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी।उक्त बैठक में डीडीसी दीपेश कुमार एडीएम शैलेश कुमार एडीएम आपदा संतोष कुमार एडीएम विभागीय जाच नीरज कुमार डीपीआरओ परिमल कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर महागठबंधन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

महागठबंधन का एक शिष्टमंडल ने सोमवार को डीएम से मिल कर ज्ञापन सौंपा तथा जिले में बदहाल कानून व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिष्टमंडल में शामिल समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, मोरवा विधायक रणविजय साहू, राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो० अबु तमीम, भाकपा माले जिला मंत्री प्रोफेसर उमेश कुमार, माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो तथा भाकपा के वरीय नेता सुधीर देव ने विगत दिनों आंदोलन कर रहे हकीमाबाद के छात्रों तथा महिलाओं पर किए गए लाठी चार्ज, नगर थाना कांड संख्या 197/24 तथा कांड संख्या 198/24 में निदोर्षों को आरोपित करने, वनवीरा पंचायत के मुखिया नारायण शर्मा की निर्मम हत्या, ताजपुर के रहीमाबाद निवासी मो० कुरैशी के साथ विद्यापतिनगर में मॉब लिंचिंग की घटना तथा जिले में बदहाल कानून व्यवस्था की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी ने अपेक्षित पहल का भरोसा प्रतिनिधिमंडल को दिया। इसके उपरांत महागठबंधन के विधायकों ने सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। प्रेस को संबोधित करते हुए महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि विगत दिनों स्टेडियम गोलंबर के पास छात्रों तथा महिलाओं पर लाठी चार्ज की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। लाठी चार्ज का वीडियो देखने से हकीमाबाद पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो० अबु लैस अंसारी के पिता का निधन हार्ट अटैक से हो गया है। उन्होंने कहा कि नगर थाना कांड संख्या 197/24 तथा 198/24 को जनहित व न्यायहित में वापस लिया जाना चाहिए तथा निदोर्षों को आरोप मुक्त किया जाना चाहिए। जिले में बेहद तेजी से बढ़ते हुए अपराध की घटनाओं से आमजन बेहद डरे हुए है तथा चिंतित है। लोकतंत्र मानवता व इंसानियत से चलता है। लोकतंत्र को पुलिस दमन के सहारे नही चलाया जा सकता है। लाठी चार्ज तथा झूठा मुकदमा लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार की पर्याय है। निदोर्षों को आरोप मुक्त करने, वनवीरा के मुखिया की हत्या की उच्चस्तरीय जांच कराने, विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 114/24 के आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा जिले में अपराधियों द्वारा जारी तांडव पर नकेल कसने की मांगों को लेकर महागठबंधन सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। मौके पर स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, मोरवा विधायक रणविजय साहू, पूर्व विधान पार्षद सह राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, पूर्व विधायक अशोक वर्मा, भाकपा माले जिला मंत्री प्रोफेसर उमेश कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो० अबु तमीम, माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो, भाकपा के वरीय नेता सुधीर कुमार देव, राजद जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रामविनोद पासवान, राजद अनु० जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, कांग्रेस नगर अध्यक्ष डोमन राय, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, कांग्रेस नेता परमानंद मिश्रा, कांग्रेस नेता विश्वनाथ हजारी, राजद महासचिव मो० परवेज आलम, राजद अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष मो० फैयाज अहमद, माकपा नेता सत्यनारायण सिंह, भाकपा नेता रामऔतार ठाकुर, कांग्रेस नेता सूरज राम, राजद नेता करण भास्कर आदि मौजूद थे।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन दरभंगा द्वारा एंडोडोंटिक्स पर कार्यशाला आयोजित

दरभंगा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन दरभंगा ब्रांच ने एंडोडोंटिक्स पर कार्यशाला का आयोजन किया इस कार्यशाला की शुरूआत डॉक्टर बीवी वर्मा, डॉ मेजर पुलिन बी वर्मा, डॉ प्रवीण कुमार राय, डॉ कुमार अभिषेक, डॉ शरीक हुसैन, डॉ मृगेंद्र नारायण, डॉ जीवेश रंजन, डॉ अनु प्रकाश भिंडवार, डॉ अंजू अग्रवाल ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत की लखनऊ से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ प्रवीण कुमार राय ने रूट कैनाल थेरेपी को किस तरह 100प्रतिशत सफल किया जाए इसके बारे में नए-नए तकनीक और आइसोलेशन के मूल मंत्र भी सभी दंत चिकित्सकों को दिए। ब्रांच के सचिव डॉ शारिक हुसैन ने अतिथि का स्वागत भाषण दिया मिथिला परंपरा के अनुसार आए हुए अतिथि डॉ प्रवीण कुमार राय को डॉ मनोज सिंह एवं डॉ रियाज अहमद ने पाग चादर से स्वागत किया। कार्यशाला में प्रैक्टिकल तरीके से डॉ प्रवीण कुमार राय ने सभी चिकित्सकों को को समझाया इसमें डॉ सुनील थापर, डॉ सुमंत कोले, डॉ मीणा थियाम कोले, डॉ कामिल,डॉ पंकज प्रकाश भिंडवार, डॉ आलोक, डॉ प्रभाकर, डॉ मुकेश सिंह, डॉ स्वाति सागर, डॉ करण सिंह, डॉ उज्जवल, डॉ बासित अली, डॉ अनवर डॉ गौतम, डॉ साजिद, डॉ सुनील कुमार सुमन, डॉ नीलू, डॉ प्रियंका, कोषाध्यक्ष डॉ मृगेन्द्र नारायण। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अंजू अग्रवाल तथा डॉ अनु प्रकाश भिंडवार ने किया डॉ मेजर पुलिन बी वर्मा ने अतिथि तथा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आग और राग के कवि हैं दिनकर :चंद्रभूषण सिंह चंद्र



मुजफ्फरपुर। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं में एक तरफ ओज,वीरता, आक्रोश व क्रांति दिखती है ,वहीं दूसरी ओर उनकी कविताओं में मानवतावाद व कोमल श्रृंगारिक भावनाओं की अभिव्यक्ति भी है। उन्होंने सामाजिक,आर्थिक समानता व शोषण के खिलाफ कविताओं की रचना की। उनकी रचनाओं में राष्ट्रवाद, प्रगतिवाद के साथ साहित्यिक आंदोलन प्रतिबिंबित होता है। नूतन साहित्यकार परिषद कांटी के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित दिनकर जयंती समारोह में परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने यह बातें कही। चंद्र ने कहा कि दिनकर के साहित्यिक जीवन की विशेषता यह थी कि शासकीय सेवा में रहकर राजनीति से संपृक्त रहते हुए भी वे निरंतर स्वच्छंद रूप से साहित्य सृजन करते रहे। उनकी साहित्य चेतना राजनीति से उसी प्रकार निर्लिप्त रही, जिस प्रकार कमल जल में रहकर भी जल से निर्लिप्त रहता है। कहते हैं,तिरुपति में ह्यरश्मिरथीह्न कविता पाठ के बाद दिनकर ने समुंद्र से दक्षिणा के रूप में मृत्यु मांगी थी। उसी रात मद्रास में दिनकर का देहांत भी हो गया। अपनी प्रारंभिक कविताओं में क्रांति का उद्घोष करके युवकों में राष्ट्रीयता व देशप्रेम की भावनाओं का ज्वार उठाने वाले दिनकर आगे चलकर राष्ट्रीयता का विसर्जन कर अंतरराष्ट्रीयता की भावना के विकास पर बल देते हैं।

सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने कहा कि दिनकर का साहित्य युगों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि दिनकर ने अपनी रचनाओं से दुनिया को बताया कि अध्यात्म, प्रेम, धर्म, अहिंसा, दया, सहअस्तित्व आदि भारतीय संस्कृति के विशिष्ट गुण हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चंद्रकिशोर चौबे, विभात सिंह,पिनाकी झा,महेश कुमार, रामेश्वर महतो,विद्यानंद मिश्र,मनोज मिश्र,राकेश कुमार, रोहित रंजन, दिलजीत गुप्ता,प्रकाश कुमार,सूरज कुमार आदि शामिल थे।

## विश्वविद्यालय संगीत विभाग में एक दिवसीय सोदाहरण व्याख्यान आयोजित

दरभंगा। विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग,ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में संगीत में रस और भाव विषयक एकदिवसीय सोदाहरण व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज में संगीत और प्रदर्शन कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुरेन्द्र कुमार तथा बी एन मंडल विश्वविद्यालय में संगीत विभागाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार शर्मा उपस्थित थे।

सोदाहरण-व्याख्यान कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित था ।प्रथम सत्र में दोनों विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिया ।सर्वप्रथम डॉ सुरेन्द्र कुमार ने अपने वक्तव्य में संगीत में रस और भाव को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि संगीत की प्रस्तुति में रस और भाव का बहुत महत्व है। ये दोनों तत्व संगीत के प्राण हैं। यही कलाकार और दर्शक श्रोता दोनों को आपस में जोड़ते हैं । इसके बाद डॉ पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि यह विषय जितना आनन्ददायक है उतना ही गम्भीर भी है ।इसका जीवन्त अस्तित्व है। आयोजन के द्वितीय सत्र में दोनों वक्ताओं ने अपनी प्रस्तुतियों द्वारा विषय को रूपान्तरित किया। डॉ सुरेन्द्र कुमार ने सर्वप्रथम राग मारू विहाग को रूपान्तरित करते हुए दो मध्यलय पिया ले गया तीनताल में और ह्यआज रे बधावा बाजेह्न एकताल में प्रस्तुत किया जिसके साथ डॉ पंकज कुमार शर्मा ने सुन्दर तबला संगति की। तदुपरांत राग पीलू में प्रसिद्ध दादरा ह्य बरसन लागी सावन बूंदिया राजा ,तोरे बिन साजन जिया नहीं लागे का गायन प्रस्तुत किया। इसके बोलों का रस-भावपूर्ण गायन किया। लोकगीत के अन्तर्गत सोहर झुलावे माई यशोदा आपन ललना, कजरी ह्यकइसे खेले जइबू सावन में कजरिया प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदित एवं रोमांचित कर दिया ।अन्त में,राग भैरवी में दादरा ना जा ना जा, रे ना जा साँवरियाह्न और भिखारी ठाकुर की दो अद्वितीय रचना ह्यरहिया तकत बरसन बीत गइले,लिहले ना सुधिया हमार रे बिदेसिया तथा ह्यडूबल सुरूजवा के अरे भोर नाहि होइहें हो,न होइहें गगनवा में चान, सांसत में बाटे परान के गायन-वादन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या ने आगत विशेषज्ञों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय-प्रवेश किया ।इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण ने विषय की महत्ता को रेखांकित किया ।कार्यक्रम का आरम्भ आगत विशेषज्ञों के दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ ।कार्यक्रम का संचालन शोध-छात्र नितीश प्रियदर्शी ने तथा धन्यवादज्ञापन शोध-छात्रा सुश्री सोमा मंडल ने किया। उपस्थित जनसमूह तथा विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन को बहुपयोगी बताया।

# भाकपा-माले और खेग्रामस का कटरा प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।सभी महागरीब परिवारों को एकमुश्त 2 लाख रु. मुहैया कराओ !भूमिहीनों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन और पक्का मकान दो! आदि मांगो को लेकर कटरा प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा-माले और खेग्रामस के आह्वान पर आज गरीबों की भीड़ उमड़ पड़ी।. इस अवसर पर मुख्यवक्ता के तौर पर औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पूर्व विधायक प्रत्याशी व आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब ने अपने संबोधन में कहा कि औराई विधानसभा क्षेत्र के औराई और कटरा दोनों प्रखंडों समेत पूरे बिहार के सभी महागरीब परिवारों को एकमुश्त दो लाख रु,भूमिहीनों को पांच डिसमिल आवासीय जमीन और पक्का मकान सरकार उपलब्ध कराए ।उन्होंने कहा कि जाति आधारित सर्वेक्षण के उपरांत राज्य के तकरीबन 95 लाख महागरीब परिवारों को लघु उद्यमी योजना के




तहत 2 लाख रु. की सहायता राशि की सरकारी घोषणा आय प्रमाण पत्र के झमेले और ऑनलाइन आवेदन के प्रावधानों के कारण एक क्रूर मजाक बनकर रह गई है। इस राशि के लिए 72 हजार रु. से कम वार्षिक आमदनी के आय प्रमाण की शर्त लगा दी गई है जबकि प्रशासन 1 लाख रु. से नीचे का प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा है। जब सरकार के पास पहले से 95 लाख महागरीब परिवारों का डाटा उपलब्ध है तो फिर आय प्रमाण पत्र क्यों मांगा जा रहा है? सरकार की ओर से जारी लघु उद्यमों की सूची में पशुपालन जैसा महत्वपूर्ण क्रियाकलाप शामिल ही नहीं है, जो गरीबों के जीवन-यापन का सबसे बड़ा सहारा है ।खेग्रामस बिहार के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी ने कहा कि सरकार ने सभी भूमिहीनों को पांच-पांच डिसमिल जमीन देने की घोषणा की थी! लेकिन अभी तक यह धरातल पर लागू नहीं हुआ है। उल्टे कई पीढ़ियों से बसे गरीबों को बुलडोजर से उजाड़ा जा रहा है। खेग्रामस और माले इस तरह से गरीबों पर हमला नही बर्दाश्त करेगा ।अगर सभी भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल जमीन और पक्का मकान नहीं मिलता है आने वाले दिनों में माले और,खेग्रामस भूमि अधिकार आंदोलन के तहत सरकारी और सीलिंग से फाजिल जमीनों को भू माफियाओं से मुक्त कराकर गरीबों को बसाने का काम करेगी जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन की होगी ।मौके पर भाकपा-माले के जिला कमेटी सदस्य व भाकपा-माले औराई-कटरा के प्रभारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि औराई और कटरा प्रखंड के विभिन्न गांवो के भूमिहीन परिवार को वासगीत जमीन का पर्चा दिया जाए। उन्होंने सभी महागरीब परिवारों को बिना शर्त व एकमुश्त 2 लाख रु. की राशि उपलब्ध करवाने 72 हजार रुपया से कम का आय प्रमाण-पत्र जारी करने, भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान व 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, मनरेगा में लूट-खसोट व फर्जी निकासी पर रोक लगाने, मजदूरों को 200 दिन काम व 600 रुपए दैनिक मजदूरी देने, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक अविलंब रोक लगाए सरकार।

## संक्षिप्त खबरें

### केन बियर को रेल पुलिस ने सियालदह बलिया एक्सप्रेस से किया जब्त

जमुई झाझा। झारखंड दिशा से रेलमार्ग के रास्ते बिहार में लाए जा रहे भारी मात्रा में केन बियर को झाझा रेलवे स्टेशन पर रेलपुलिस के द्वारा सर्च अभियान के दौरान बरामद किया गया। हालांकि सर्च अभियान के दौरान तस्कर पुलिस की पकड़ में नही आ सका। जानकारी देते हुए रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि अप में आने वाली गाड़ी संख्या 13105 अप सियालदह बलिया एक्सप्रेस में शराब तस्करी कि जा रही है। सूचना के आधार पर प्लेटफार्म पर गाड़ी लगने के बाद सर्च अभियान चलाया गया तो साधारण कोच के शौचालय के पास एक पिठठू बैग और एक थैला लावारिस स्थिति में बरामद हुआ जिसको सर्च करने पर कुल 71 पीस केन बियर बरामद हुआ। इस संदर्भ में केन बियर को जब्त कर अज्ञात शराब तस्कर के विरूद्ध रेलथाना में प्राथमिकी दर्ज कि गई है।

# जिलाधिकारी ने सभी राशनकार्डधारकों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील

जमुई संवाददाता



जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में भीसी के माध्यम से आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के छः वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बैठक आहूत की' जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 23 सितंबर 2024 से 25 सितंबर 2024 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा' जिसके अंतर्गत सभी कॉमन सर्विस सेंटर, प्रखंड एवं अंचल स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है ' जिला पदाधिकारी श्रीमती शर्मा ने सभी लाभार्थियों से अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर या प्रखंड एवं अंचल स्तर पर स्थापित सेंटर पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने की अपील की ' जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने जमुई जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी सीडीपीओ, प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जीविका, पंचायत सेवक, आशा कार्यकताओं को अधिक से अधिक लोगों से समन्वय स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया' जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए जीविका को पंचायत से लेकर गांव तक पंपलेट बाँटने एवं जागरूकता रैली आयोजित करने का निर्देश दिया' जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा सभी सीडीपीओ को संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैनर पोस्टर लगाकर एवं बच्चों के अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया है ।जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने हेतु जिला स्तर पर एवं प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाने का भी निर्देश दिया' इस बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे '

# भूमि विवाद से संबंधित लगाए गए जनता दरबार में एक मामले का हुआ निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर) ।शनिवार को अंचल अधिकारी निशीथ नंदन की अध्यक्षता एवं थानाध्यक्ष कुमारी रूबिकांत कच्छप की मौजूदगी में थाना परिसर में भूमि संबंधित विवाद के निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल तीन मामले पर सुनवाई की गई जिसमें एक नया एवं दो पुराना मामला शामिल था। जिसमें पुराने मामले में से एक मामले का निपटारा आपसी सहमति एवं प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के आधार पर कर दी गई। जनता दरबार में एक मामला दूरमट्टा गांव के संतोष कुमार का था जिसमें उन्होंने सरकार द्वारा दी गई वासगीत पर्चा वाले जमीन पर दूसरे लोगों के द्वारा कब्जा करने की बात कही गई। इस आलोक में अंचल अधिकारी ने वासगीत पर्चा पर दर्शाए गए कुल रकवा का नापी कर दखल दिलवाया गया। वही थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव का एक मामला आया जिसमें एक जमीन का केवला रतनपुरा गाँव के उदयराज के द्वारा किसी को किया गया था उक्त जमीन का एकरारनामा में यह दशार्या गया है कि अगर निर्धारित समय तक पैसा नहीं दिया गया तो उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा वहीं दूसरे पक्ष ने कहा कि जमीन का पैसा दे दिया गया है बावजूद इसके जमीन नहीं लिखा जा रहा है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी ने कहा कि उक्त जमीन का जितना भी पैसा दिया गया है आप उतना ही जमीन दूसरे पक्ष को लिख दें। अगर ऐसा नहीं होता है तो दूसरे पक्ष को बटाईदार पर्चा निर्गत कर दिया जाएगा। वही जनता दरबार में शनिवार को आए एक नए मामले पर दूसरे पक्ष के उपस्थित नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप में बताया कि अनुपस्थित पक्ष को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार में उपस्थित होने को कहा गया हैं।

# पूर्व के विवाद को लेकर चली गोली दो नाबालिग युवक घायल

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर( मुंगेर )। थाना क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वी चक गांव में रविवार संध्या करीब 7 बजे पूर्व के विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में दो नाबालिक युवक घायल हो गया जिसमें बीच बचाव करने आई 70 वर्षीय महिला मीना देवी पति धनेश्वर यादव का सर पत्थर से टकराने से फट गया। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में कराया जा रहा है गोलीबारी की घटना पर संग्रामपुर पुलिस जांच में जुट गई है, गोलीबारी में घायल रोशन कुमार उम्र 14 वर्ष पिता निरंजन यादव घर पृथ्वीचक तो दुसरा अभिषेक कुमार उम्र 17 वर्ष पिता छबील यादव हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के रतनी गांव का है जो अपने मौसी के यहां सावन में होटल में मदद के लिए आया था और दुकान उठाकर आज ही घर पृथ्वीचक आया था। इन दोनों को पैर में गोली लगी है ।रोशन को दाहिने पैर के ऐड़ी के उपर गोली लगा है तो अभिषेक को बांया पैर के घुटने के पास गोली लगी है। साथ में इलाज कराने आए सहयोगी अशोक यादव के पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि पोरस यादव और अशोक यादव में पूर्व से विवाद था।आज पोरस यादव और अशोक यादव में पूर्व के मामले को लेकर बहस होने लगा देखते ही देखते दोनों और से गोलीबारी होने लगी करीब 10 से 12 राउन्ड गोली चली है। पोरस यादव ने कहा कि हम घर में थे, ये लोग शाम को मेरे घर पर गाली ग्लोज करते हुए फायरिंग करना शुरू कर दिया ।घटना की सूचना पर मैने ही थानाध्यक्ष को दी। और तत्वरित घटना स्थल पर पहुंचे। चिकित्सक सुजय कुमार ने बताया कि घायल खतरे से बाहर है। थानाध्यक्ष रुबी कांत कच्छप ने बताया की मामले की छानबीन चल रही है।

# वीर गाथा 4.0 प्रोजेक्ट - स्कूली छात्रों को वीरता पुरस्कार विजेताओं से परिचित कराने की पहल

## वीरों की जीवनगाथा बताएंगे तीसरी से 12वीं के विद्यार्थी

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर :- रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल,वीर गाथा 4.0 प्रोजेक्ट,स्कूली छात्रों को वीरता पुरस्कार विजेताओं के बहादुरी से परिचित कराने और उनके कार्यों को प्रसारित करने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव पर शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को 2021 में शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट में तीसरे से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं और वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कविता,अनुच्छेद,कहानी,चित्र या मल्टीमीडिया वीडियो प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं।प्रतिभागियों का मूल्यांकन जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा और विजेताओं को शिक्षा और रक्षा मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। डीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यार्थियों को प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया है। डीपीओ समग्र शिक्षा ने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य देश के वीरों के जीवन एवं बलिदान की कहानियों के जरिए विद्यार्थियों में बहादुरी और देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को देश के वीरों के जीवन और बलिदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और उनमें बहादुर और देश प्रेम की भावना को जागृत किया जा सकेगा।

15 तक होगा मूल्यांकन

विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोजेक्ट का जिला स्तर पर मूल्यांकन का काम चल रहा है। मूल्यांकन का काम 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। राज्य स्तर पर मूल्यांकन 17 अक्टूबर से 10 नवंबर तक होगा। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन के बाद ही विजेताओं के नाम की अंतिम घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय टीम द्वारा प्रविष्टियों का मूल्यांकन एवं प्रत्येक कैटेगरी में 25-25 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा ।डीईओ ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का मूल्यांकन तीन चरणों में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ चयनित प्रविष्टियों को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10 हजार रूपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पोर्टल पर प्रोजेक्ट अपलोड करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। प्रोजेक्ट वीरगाथा संस्करण-4 लॉन्च करने के बाद प्रतियोगिता में कक्षा 3-12 के विद्यार्थी भाग लेकर अपना प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। एक नजर वीर गाथा 4.0 प्रोजेक्ट

कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कविता,अनुच्छेद,कहानी,चित्र या मल्टीमीडिया वीडियो प्रोजेक्ट तैयार करना

प्रतिभागियों का मूल्यांकन जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा

विजेताओं को शिक्षा और रक्षा मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा

प्रत्येक विजेता को 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा

पोर्टल पर प्रोजेक्ट अपलोड करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

# सड़क निर्माण को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन 27 से आंदोलन की दी चेतावनी



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला मुख्यालय सहित अन्य सड़कों की जानलेवा स्थिति से खिन्न सर्वदलीय संघर्ष समिति के नेताओं ने सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त की अनुपस्थिति में आयुक्त के सचिव को ज्ञापन सौंपा और अविलंब सड़क निर्माण की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने के उपरांत संघर्ष समिति के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव सीपीआई के वरिष्ठ नेता दिलीप कुमार एनसीपी के जिला अध्यक्ष जिला मो जाबिर हुसैन जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव फैसल अहमद रूमी भाकपा माले के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अजीत मालाकार राजद के वरिष्ठ नेता आदर्श कुमार राजा मनोज क्रांति ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित अन्य सड़कों की जानलेवा स्थिति से आम जनता का हर दिन सामना होता है लेकिन निरंकुश नीतीश कुमार की सरकार स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन निर्माण के जगह मरम्मत के नाम पर सड़कों पर कचरा बिछवा रहे हैं जिससे सड़कों की स्थिति और भयावह हो गई यह आरोप नहीं है आयुक्त से लेकर जिला पदाधिकारी सड़कों पर निकल कर खुद मुल्यांकन कर सकते हैं, लेकिन स्थानीय सांसद विधायक जिला प्रशासन नगर निगम और नगर परिषद को इससे कोई सरोकार नहीं है जिसे सर्वदलीय संघर्ष समिति बर्दाश्त नहीं करेगी नेताओं ने कहा कि अगर तीन दिनों के अंदर जिला प्रशासन इस मामले पर संज्ञान नहीं लेती है तो चौथे दिन 27 सितंबर से सर्वदलीय संघर्ष समिति आन्दोलन के लिए सड़क पर उतरेंगी।

# एक सप्ताह में ई-शिक्षा कोष पर छात्रों का आधार अपडेट होगा, निर्देश का पालन जरूरी

## जिन बच्चों का आधार अपडेट नहीं होगा, वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाएंगे

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः जिले में ई-शिक्षा कोष पर विद्यार्थियों का एक हफ्ते में आधार अपडेट नहीं करने वाले स्कूल प्रबंधन व निजी स्कूल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर डीईओं राजेश कुमार ने आदेश जारी कर दिया है ।डीईओं ने जारी आदेश में कहा है कि जिले के कई स्कूल प्रबंधकों ने बिना आधार के ही ई-शिक्षा कोष पर स्टूडेंट की एंट्री कर दी है। ऐसे में जिन बच्चों का आधार अपडेट नहीं किया गया है,उन्हें एक सप्ताह के अंदर डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी स्कूलों में जिन बच्चों का ई-शिक्षा कोष पर आधार अपडेट नहीं होगा,वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले सकते हैं। मालूम हो कि सरकार की तरफ से साइकिल योजना,पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना,प्रोत्साहन योजना सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है। कक्षा 1 से 12वीं के छात्रों का डिटेल सितंबर तक मेघा सॉफ्ट पोर्टल पर एंट्री करना है। निजी व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 12वीं के छात्र- छात्राओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है ।वही, अगर कुल छात्रों की बात की जाए जिसमें आधार वाले व बिना आधार वाले बच्चों की संख्या है तो उस मामले में जिले ने 85 प्रतिशत उपलब्धि लक्ष्य के विरुद्ध हासिल कर ली है।

# बिजली की आंख-मिचौनी से लोगों को हो रही है परेशानी

## लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः प्रखंड क्षेत्र में इस उमस वाली गर्मी में विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के लोग खासा परेशान व त्रस्त है। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी समय में बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में 10 से 20 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त तो लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती से लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।

# उपचुनाव में कमली देवी धमना पंचायत की उपमुखिया बनी

- कमली देवी को मिला आठ मत, हेमा देवी को प्राप्त हुआ सात मत
- दोनो के बीच हुए चुनाव में मुखिया प्रतीक शर्मा, 14 वार्ड सदस्य चुनाव में मतदान के लिए उपस्थित हुए

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई झाझा । प्रखंड क्षेत्र के धमना पंचायत में उपमुखिया के लिए सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ की उपस्थिति में उपचुनाव करवाया गया। उपमुखिया के पद पर कमली देवी और हेमा देवी ने ही सिर्फ नामांकन पत्र भरा। दोनो के बीच हुए चुनाव में मुखिया प्रतीक शर्मा, 14 वार्ड सदस्य चुनाव में मतदान के लिए उपस्थित हुए। दोनो अभ्यर्थी के बीच हुए चुनाव में 8 मत कमली देवी जबकि हेमा देवी को 7 मत मिला और इस तरह से कमली देवी एक मत से उपमुखिया के पद पर काबिज हुई। उपमुखिया के पद पर हुए उपचुनाव में कमली देवी की एक मत जीत होने के बाद बीडीओ रविजी के द्वारा उन्हे शपथ दिलवाया गया और उसके बाद फिर उन्हे नशा मुक्त पंचायत बनाने का भी शपथ दिलवाया गया। बीडीओ ने बताया कि धमना पंचायत के उपमुखिया के लिए उपचुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ उपस्थित पंचायत के वार्ड सदस्यों के बीच आयोजित करवाया गया और दोनो अभ्यर्थी के बीच उपस्थित वार्ड सदस्यों के द्वारा मतदान करवाया गया जिसमें कमली देवी विजय हासिल किया। उपमुखिया के पद पर मनोनित कमली देवी ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता पंचायत में विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। उपचुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहे। शपथ के बाद प्रखंड कार्यालय से बाहर निकली मनोनित उपमुखिया की जीत पर उसके समर्थकों के द्वारा जीत की नारेबाजी करते हुए अबीर गुलाल लगाकर खुशी मनाई।

# सेवा मुसहरी से तीन शराबी को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल





प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के सेवा पंचायत के सेवा गांव मुसहरी से गिद्धौर पुलिस ने तीन शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पंकज कुमार को सेवा गांव मुसहरी से तीन व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे हंगामा करने की सूचना मिली मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया ।जहां उनका चिकित्सकीय जांच करवा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इधर गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि महेश सिंह के पुत्र सरदार सिंह, भरत राम के पुत्र राजकुमार राम , पतरू सिकारी के पुत्र इस्लाम सिकारी सेवा के द्वारा नशे में सेवा गांव मुसहरी में हंगामा करने की सूचना मिली ।वहीं पकड़कर थाना लाया गया जहां जांचोपरांत के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस अभियान में अवर निरीक्षक अनुज कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# 01 और 02 अक्टूबर को होगा 28 वाँ जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन



जमुई संवाददाता

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता मे 28 वाँ जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत उप विकास आयुक्त सुमित कुमार द्वारा बताया गया कि 01 और 02 अक्टूबर 2024 को जिला स्तरीय युवा उत्सव शिल्पा विवाह भवन जमुई में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है ' उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, जमुई में 29 सितंबर तक निबंधित डाक या हाथों-हाथ जमा कर सकते हैं ' प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी आवेदन का पत्र-प्रारूप 24 सितंबर से जिला खेल कार्यालय जमुई से प्राप्त कर सकते हैं ' प्रतियोगिता में विभिन्न विधा के आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष के कलाकार या प्रतिभागी में समूह गायन, समूह लोक नृत्य, लघु नाटक (हिन्दी या अंग्रेजी), शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, भारतीय वाद्य वादन, हारमोनियम वादन (सुगम), चाक्षुषकला, कविता लेखन, वक्तृता तथा कहानी लेखन इत्यादि को शामिल किया गया है ' प्रतियोगिता हेतु निर्णायक दल के सदस्यों का चयन किया जा रहा है ' उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता स्थल पर पुलिस बल, दंडाधिकारी, चिकित्सा दल, अग्निशमन आदि तैनात रहेंगे। प्रतियोगिता के अंत में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका चयन राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024 के लिए किया जाएगा '

बैठक में उप विकास आयुक्त, मुख्य चिकत्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी समेत सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर ।जिले में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम सोमवार को भी पूरे दिन राहत और बचाव कार्य में लगी रही। बाढ़ प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी रहा। वहीं जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद स्वयं भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर राहत और बचाव कार्य की निगरानी करते रहे। जिलाधिकारी बरियारपुर अंचल के विभिन्न राहत शिविरों में जा कर बाढ़ पीड़ितों से मिले और जिन्हें राहत सामग्री नहीं मिल सकी थी, उन्होंने स्वयं उनके बीच पॉलिथीन सीट, सुखा राशन सहित अन्य राहत सामग्री वितरित किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को भी जिला प्रशासन की पूरी टीम द्वारा राहत और बचाव कार्य में लगी रही। एसडीआरएफ की टीम द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है वहीं नावों के माध्यम से भी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा के जल स्तर में गिरावट शुरू हुई है और आज लगभग 6 इंच की कमी गंगा के जल स्तर में देखी गई है। गंगा के जल स्तर में और भी कमी आने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल जिला प्रशासन पूरी तत्परता और सजगता के साथ बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत और बचाव कार्य में लगी है।

# बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिए आगे आए सामाजिक कार्यकर्ता आमीर

- दोनों पैरों से विकलांग के बावजूद भी अपने हौसला को कम नहीं मानते हैंआमीर

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। भीषण बाढ़ की कहर से लोगों को राहत एवं सहयोग के लिए आगे आएं आमिर उल इस्लाम। बाढ़ की कहर देखते हुए पीड़ितों के मदद के लिए दिव्यांग सामाजिक कार्यकर्ता अमीरुल इस्लाम लोगों के मदद के लिए अपने ट्राई साइकिल से संभव प्रयास में लग गए हैं एवं अपने साथियों को मदद के लिए आगे आने को कहा बाढ पीड़ितों को बिस्किट एवं सुख राशन उपलब्ध कराया गया लेकिन उनका यह प्रयास एक जागरूकता के तौर पर है ।उन्होंने जन प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक दल प्रशासन एवं हर एक व्यक्ति को अपने स्तर से मदद की गुहार लगाई है ।बाढ पीड़ित को मोटिवेट भी कर रहे हैं और डॉक्टर से लेकर अन्य सुविधा की फोन पर ही बात करके जागरूक किया उन्होंने कहा कि सबसे पहले जब आप बांटने जाएं तो ज्यादा जरूरतमंद को सुविधा दिया जाए जैसे दिव्यांग बुजुर्ग महिला बच्चे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा जरूरतमंद हैं

## बीएलओ की बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर

पंचायत समिति भवन में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिस बैठक में प्रपत्र 6,7,8 की अधिक से अधिक संख्या में जनरेट करने एवं इसका निष्पादन करने के लिए कर बैठक की गई निर्देशित किया गया । सभी बीएलओ को घर-घर घूम कर इस को संपन्न करें ।मोके पर बीडीओ देवेन्द्र कुमार एवं बीएलओ मोजूद थे।

## शांति समिति की बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर

प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में दुर्गा पूजा को लेकर सरदर डीएसपी टु विजय महतो की अध्यक्षता में हुई। पुजा में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर प्रशासन हर संभव कीमटी को दिलाने का अश्वासन दिया। पुजा कमेटी के लोगों को परिचय पत्र पहनकर रहने को कहा गया है ।मोके पर सीओ शशि रंजन कुमार प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव,अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा, उप प्रमुख दीपक कुमार , पुर्व प्रमुख इफ्तेखार अहमद, पुर्व उप प्रमुख राजेश राय, मुखिया राधा देवी सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मोजूद थे।

# स्वच्छता को लेकर लिया शपथ




प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज मुख्य पार्षद नीलम देवी ने वार्ड सदस्य,एवं सफाई कर्मी को स्वच्छता की शपत दिलाई वहां वन से सभी पैदल मार्च करते हुए संग्रामपुर तीनबटिया के पास छायादार वृक्ष लगाया गया ।मेयर नीलम देवी ने कहा की महात्मा गांधी ने स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी की थी ।अब हमारा कर्तव्य बनता है कि नगर पंचायत को गंदगी से दूर करके हम सभी नगर पंचायत को स्वच्छ बनाए ।उन्होने कहा मैं ना गंदगी करुँगी न किसी और को करने दुंगी ।और इसका प्रचार प्रसार करुंगी ।इस मौके पर उप मेयर मनोज साह,वार्ड पार्षद मुकेश कुमार,कुमारी दीपिका,सरोजनी देवी,बंन्दना देवी,राधा देवी,आशीष कुमार के अलावे नगर पंचायत कर्मी एवं सफाई कर्मी मौजूद थे।

## एक देश एक चुनाव-लाभ अनेक




-मृत्युंजय दीक्षित-

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है। एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसे माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत में कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्व जन पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।

## देवकार्य में निषिद्ध मानी गई चांदी की वस्तुओं का उपयोग श्राद्ध में क्यों करना चाहिए ?



पूजाकार्य में निषिद्ध मानी गई चांदी की वस्तुओं में रजोगुण एवं वायुतत्त्व होने के कारण पितर उनमें नैवेद्य शीघ्र ग्रहण कर सकते हैं, इसलिए चांदी की वस्तुओं का श्राद्ध में उपयोग किया जाता है ।

सौवर्णं राजतं वाऽपि पितृणां पात्रमुच्यते ।- मत्स्यपुराण, अध्याय १७, श्लोक २०

अर्थ : पितरों से संबंधित विधियों के लिए सोना अथवा चांदी के पात्र का उपयोग करें ।

शिवनेत्रोद्भवं यस्मात् तस्मात् तत्पितृवल्लभम् ।
अमङ्गलं तद्यत्नेन देवकार्येषु वर्जयेत ॥
मत्स्यपुराण, अध्याय १७, श्लोक २३

अर्थ : चांदी शंकर के तृतीय नेत्र से उत्पन्न हुई है ।इसलिए वह पितृकार्य के लिए प्रशस्त (उत्तम) है; परंतु देवकार्य में वह अशुभ होती है ।इसलिए इन कार्यों में चांदी के पात्र प्रयत्नपूर्वक वर्ज्य करें ।

अध्यात्मशास्त्रीय विश्लेषण

१. चांदी में सत्त्वगुण ५० प्रतिशत, रजोगुण ४० प्रतिशत एवं तमोगुण १० प्रतिशत है ।चांदी में वायुतत्त्व भी अधिक मात्रा में है । इसलिए चांदी की वस्तुओं का उपयोग करते समय रजोगुण की वृद्धि होने से पितर चांदी के पात्र में रखा नैवेद्य शीघ्र ग्रहण कर सकते हैं । इस प्रकार पितरों को चांदी का लाभ मिलता है; किंतु देवकार्य करते समय रजोगुण की अधिकतायुक्त चांदी के उपकरणों का उपयोग करने पर देवकार्य से निर्मित सात्त्विकता का लाभ सभी को नहीं होता ।इसलिए देवकार्य में चांदी का उपयोग न करें ।

२. अन्य धातुओं की अपेक्षा चांदी में इच्छाशक्तिरूपी तरंगें आकृष्ट और धारण करने का गुण अधिक होता है ।चांदी के सर्व ओर स्थित नादमय मंडल, इच्छातरंगों से प्रभारित रहता है ।

अ. चांदी के उपर्युक्त मंडल की नादतरंगों और पितरों के सूक्ष्म शरीर से प्रक्षेपित होनेवाली तरंगों की रचना में पर्याप्त समानता होने के कारण, लिंगदेह से निकलनेवाली तरंगें तथा कुछ मात्रा में यमतरंगें भी चांदी की ओर आकर्षित होती हैं ।इसलिए कहा जाता है कि ह्यपितरों को चांदी परमप्रिय है ।

आ. चांदी के उपयोग से श्राद्धस्थल पर इच्छातरंगों तथा यमतरंगों से युक्त नादमंडल निर्मित होता है ।इससे पितरों का श्राद्धस्थल पर आगमन सहजता से होता है ।

इ. चांदी में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की तरंगें धारण करने की क्षमता अधिक होती है ।पितरों के लिंगदेह में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की मात्रा अधिक होती है ।इसलिए, चांदी का उपयोग करने से पितरों पर श्राद्धकर्म की प्रत्येक क्रिया का प्रभाव अल्प समय में होता है ।

ई. जीव के स्थूल शरीर में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की मात्रा अधिक होने के कारण चांदी के पात्र में भोजन करनेवाले सामान्य व्यक्ति को भी अल्प समय में भोजन की सूक्ष्म-वायु मिल जाती है ।

उ. चांदी धातु की सूक्ष्म संरचना तथा पितरों के विविध कोषों और मानव शरीर की सूक्ष्म संरचना में अधिक समानता होने के कारण मनुष्य तथा पितरों से संबंधित अनुष्ठानों में चांदी का अधिक उपयोग किया जाता है ।

ऊ. अपने रजोगुण के कारण चांदी देवकार्य में निषिद्ध मानी गई है।

संदर्भ : सनातन का ग्रंथ श्राद्ध (भाग- १) महत्त्व एवं अध्यात्मशास्त्रीय विवेचन

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

**क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है।**





-आर.के. सिन्हा-
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

भारत अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े हुए सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देश भर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोज चार- पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि; युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व होता है। यहां पर जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है मार्गदर्शन के लिए। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिल-जुलकर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना एक जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों का सेवा विस्तार करने से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है। वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में, जब औसत उम्र कम थी, तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़कर 58 वर्ष हुई, और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष हुआ।

# डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे ?

**गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं।**





-प्रियंका सौरभ-
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )

आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है। भारत में, केवल 40% व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फि ल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुँचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं।

कुछ प्लेटफार्मों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुँच से वंचित कर सकते हैं।

ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है।

गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं। यूके के आयु-उपयुक्त डिजाइन कोड जैसे कानूनों को अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ बच्चों के अनुकूल डिजिटल वातावरण को विकसित करे।

भारत में भी इसी प्रकार के दिशा-निर्देश लागू किये जा सकते हैं, जिसके तहत तकनीकी प्लेटफॉर्म को अलग-अलग आयु समूहों के लिए सुविधाओं को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। स्कूलों को बच्चों को डिजिटल स्पेस में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा को शामिल करना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही सूचना तक उनकी पहुँच का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए। भारतीय शिक्षा मंत्रालय और तकनीकी प्लेटफॉर्म के बीच सहयोग से व्यापक बाल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

डिजिटल युग में, ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुँच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है। सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर, बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें माता-पिता, शिक्षकों, सरकारों और तकनीकी प्लेटफार्मों शामिल हो से वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल स्थान तैयार होंगे। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है।

# एक नेशन-एक इलेक्शन, राजनेताओ का टेंशन

-विनोद कुमार सिंह-

विश्व के विशालत्तम लोकतंत्र भारत के चहूँ दिशाओं में एक ही गरमा गर्म चर्चा व चिन्तन हो रही है। अब यह मुद्दा लोकतंत्र का महापर्व चुनाव तक सीमित ना रह कर राजनीतिक दलों में बहस का मुद्दा बन गया है। विगत दिनों मोदी कैबिनेट ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वन नेशन-वन इलेक्शन के लाभ और नुकसान पर गर्मा गर्म बहस छिड़ सी गई है। ऐसे में जनता जर्नादन के कई सबाल एक नेशन एक इलेक्शन के कितने लाभ और कितने नुकसान, मोदी सरकार व सतारूढ़ सहयोगी राजनीतिक दलो के लिए यह मोदी मिशन है, वही काँग्रेस समेत 15विपक्षी राजनीतिक दलों व क्षेत्रीय दलों के लिए टेंशन है।

आप को बता दे कि एक राष्ट्र-एक चुनाव की नीति के तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इस संदर्भ में मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र यानी नवंबर -दिसंबर में इस बारे में बिल पेश करेगी। सर्व विदित रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली कमेटी ने इस पर मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कमेटी ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ संपन्न होने के100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव हो जाने चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि भारत में लोक सभा और सभी राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक ही दिन या एक तय समय सीमा में कराए जाएं। पी एम मोदी लंबे समय से वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करते आए हैं। उन्होंने कहा था कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए, पूरे 5 साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही चुनावों में खर्च कम हो और प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ न बढ़े। इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति व चुनावी खर्च बचेगा और वोटिंग परसेंट में इजाफा होगा। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा, अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी। आप के सबाल होगे कि वन नेशन-वन इलेक्शन का सुझाव किसने व कब दिया। आपको बता दे कि केन्द्र सरकार नें विगत दिनों पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी। कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद, जाने माने वकील हरीश साल्वे, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त(सीविसी) संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के विशेष सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी ने इसके लिए 62 राजनीतिक पार्टियों से संपर्क किया। इनमें से 32 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। वहीं, 15 दलों ने इसका विरोध किया था। जबकि 15 ऐसी पार्टियां भी थीं, जिन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 191दिन की रिसर्च के बाद कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी. कमेटी की रिपोर्ट 18 हजार 626 पेज की है। कोविंद समिति के सिफारिशें पर नजर डाल लेते है।

-वन नेशन -वन इलेक्शन की ओर बढ़ने के लिए सरकार को एक बार ही एक बड़ा कदम उठाना होगा।

-इसके तहत केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव 2029 के बाद एक तारीख तय करेगी।

-इस तारीख पर ही सभी राज्यों की विधानसभाएं भंग हो जाएंगी।

-इसके बाद पहले फेज में लोकसभा के टर्म के हिसाब से सभी विधानसभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

-इसके 100 दिन के अंदर दूसरे फेज में नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराए जाएंगे।

-इन सभी चुनावों के लिए एक ही वोटर लिस्ट होगी।

-लोकतंत्र में कोई सरकार गिर भी सकती है. ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के कारण लोकसभा या किसी विधानसभा के भंग होने पर ये सुझाव दिया गया है कि नए चुनाव उतने ही समय के लिए कराए जाएं, जितना समय सदन का बचा हुआ है।

-इसके बाद लोकसभा के साथ फिर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं।

-इस कानून को पास कराने के लिए 18 संवैधानिक संशोधन जरूरी होंगे ज्यादातर संशोधनों में राज्यों की मंजूरी जरूरी नहीं है।

-इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से पहले देश भर में जनता और अलग-अलग नागरिक संगठनों की राय ली जाएगी।

वन नेशन वन इलेक्शन के रास्ते में सबसे पहले तो संसद में ही चुनौती आएगी। एक देश एक चुनाव के लिए कई संवैधानिक संशोधनों की जरूरत होगी। इसके लिए संसद के दोनों ही सदनों में सरकार के सामने दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती है।

-राज्यसभा में सरकार के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। 245 सीटों में से एन डी ए को 112 सीटें ही हासिल हैं, जबकि दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 164 पर होगा।

-लोकसभा में भी 543 सीटों में से दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 362 है, जबकि एनडीए के पास 292 सीटें ही हैं। हालांकि, दो-तिहाई बहुमत का फैसला वोटिंग में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या के आधार पर तय होता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है।)

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक और साइकिल की टक्कर में दो गंभीर

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर पोखरा पर एक बाइक और साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों को सादर अस्पताल रेफर किया गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैगम्बरपुर गांव निवासी जावेदसाई कादरी साइकिल से कहीं जा रहे थे। तबतक बाइक सवार जहिंगरा गांव निवासी मनोज राय ने साइकिल में टक्कर मर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनको मड्ड इलताफ हूसेन व 112 पुलिस टीम के सहयोग से बनियापर रेफरल अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद बाइक सवार युवक बाइक लेकर फरार है। जिसे पुलिस तलास कर रही है।

### तीन दिन पहले मारपीट की हुई घटना में प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

जलालपुर । प्रखंड स्थित सवरी स्थित सती माता मोड़ के पास हुई मारपीट में सोमवार को जलालपुर थाना में सवरी टोला निवासी नासिर अली ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमे सवरी बक्सी निवासी संतोष प्रसाद धनन्जय प्रसाद, गोलू प्रसाद,को त्वरित कारवाई करते हुए जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस घटना में बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि तीन दिन पहले साइकिल मोटरसाइकिल की दुर्घटना में एक लड़की घायल हो गई थी जिसके लड़की के परिजन एवं बाइक सवार के परिजनों में जम कर मारपीट हुई थी। जिसमे चार लोग घायल हुए थे।

### 05 अक्टूबर को युवा उत्सव का होगा आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 (एक दिवसीय कार्यक्रम) दिनांक-05.10.2024 को निर्धारित है। युवा उत्सव में नवोदित तथा गुमनाम कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस हेतु कला एवं संस्कृति युवा विभाग द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के मार्गदर्शन में युवा उत्सव की तैयारी जोरशोर से चल रही है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिभागी को सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अंतर्गत विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित करना होगा। आवेदक जिला के वेबसाईट ँ३३स्र://६ी२३ॅ स्र१ल्ल.ल्लू.ल्ल से प्रपत्र एवं कार्यक्रम मार्गदर्शिका डाउनलोड कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागी दिनांक-28.09.2024 तक आवेदन समर्पित कर सकते हैं। दिनांक-30.09.2024 एवं 01.10.2024 को विपिन उच्च विद्यालय, बेतिया में ऑडिशन का कार्य पूर्ण कराया जाना है। आवेदन ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने वाले प्रतिभागी ई-मेल कर सकते हैं। ऑफलाईन आवेदन महाराजा स्टेडियम अवस्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला, बेतिया में भेज सकते हैं।

# मधुबनी और लौरिया में टू-नेट मशीन का हुआ उद्घाटन

- पहले से बेतिया, नरकटियागंज, रामनगर व मैनाटांड में कार्यरत है टू-नेट
- मात्र 40 मिनट में नार्मल टीबी व एक घंटे में एमडीआर की मिलेगी रिपोर्ट

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।जिले के टीबी मरीजों के लिए खुशखबरी है। सोमवार को मधुबनी, लौरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिले के संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा के द्वारा टू-नेट मशीन का उद्घाटन किया गया। डॉ चंद्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत, राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा टीबी मरीजों की खोज एवं उन्मूलन हेतु बिहार के कई जिलों में टू-नेट मशीन उपलब्ध कराई है। इससे अब टीबी मरीजों की जांच में काफी तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि जिले में पहले से बेतिया, नरकटियागंज, रामनगर, मैनाटांड में टू-नेट मशीन कार्यरत है। जहाँ प्रतिदिन 60-70 मरीजों की जाँच होती है। उन्होंने बताया कि इस नये मशीन के आने से समय की भी काफी बचत होगी। टू नेट मशीन से मात्र 40 मिनट में नार्मल टीबी और एक घंटे में एमडीआर टीबी की रिपोर्ट मिल जाती है। पहले टू नेट मशीन से कोरोना का जाँच होता था। डॉ दिलीप कुमार एमओआईसी ने बताया कि टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करने में अब आसानी होगी, उनके बलगम का सैंपल लेकर स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराया जाएगा।

### दवाओं का पूरा कोर्स करना है जरुरी:

जिला यक्ष्मा केंद्र के सूर्य नारायण साह ने बताया कि टीबी मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जा रहीं है। दवाओं का पूरा कोर्स कर टीबी मरीज स्वस्थ हो सकते हैं।

इसके लिए दवाओं के साथ संतुलित आहार का सेवन आवश्यक है। डॉ चंद्रा ने बताया कि एकबार टीबी की दवा जब शुरू हो तो भूलकर भी दवा का सेवन बीच में न छोड़े। अन्यथा इसका बिगड़ा हुआ रूप एमडीआर का खतरा हो जाता है।

### समय समय पर मरीजों के स्वास्थ्य की जाँच जरुरी:

डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी मरीजों की मृत्यु से बचाव को अब एकसाथ कई प्रकार की जाँच की जा रहीं है।

ऐसे में इनमें बीपी, वजन, शुगर, पल्स, छाती का एक्स रे, एचआईवी आदि की जाँच समय समय पर कराते रहना चाहिए। इससे उनके अंदर की कमियों की जानकारी होगी ।

जिससे कम समय में उनके स्वास्थ्य का डिटेल्स पता चलेगा और टीबी के साथ ही अन्य बीमारियों का पता चलने पर देखभाल करते हुए दवा खिलाकर स्वस्थ किया जा सकेगा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह संचारी रोग पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार, जिला यक्ष्मा केंद्र के सूर्य नारायण साह, एसटीएस एवं एसटीएलएस व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## विवादित सुस्ता गांव पालिका 5 नम्बर वार्ड के मुख्य सचिव ने कार्यालय में फांसी लगाकर की आत्महत्या

- नेपाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तहकीकात शुरू की

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। इंडो नेपाल सीमा से सटे विवादित सुस्ता गाविस के वार्ड नम्बर 5 के वार्ड पखलीहवा निवासी सचिव कर्ण बहादुर दरलामी ने मुख्य कार्यालय में पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली है।घटना की खबर जंगल की आग की तरह चारो तरफ फैल गई।देखते देखते लोगो का हुजूम मुख्य कार्यालय के सामने पहुंच गई। घटना को लेकर लोगों के बीच तरह तरह की चचाएं होने लगी।घटना की सूचना मिलते ही नेपाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल नवलपरासी भेज दिया है।नेपाल पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## शाहिद को ओपन शतरंज प्रतियोगिता में कैश और मेडल देकर सम्मानित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी में आयोजित एक दिवसीय ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता जो 22 सितंबर रविवार को हो रहा था। उसमे चंपारण शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में बिहार के 10 जिलों के 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया ,इसमे शाहिद को दसवा रैंक मिला, यह प्रतियोगिता छह राउन्ड में खेला गया जिसमें 4 अंक बनाकर 10 रैंक मिला। इस प्रतियोगिता में छठे चक्र में दरभंगा के रोशन कुमार को सिसिलियन ओपनिंग में टैक्टिकल मिस के कारण एक नाइट एक्स्ट्रा काटकर जीत दर्ज किया उन्हे अतिथि के द्वारा मेडल और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया!

## न्यास पर्षद का चुनाव संपन्न



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सोमवार को श्री बलभद्र व्याहुत मंदिर ट्रस्ट, कश्मीरी हाता, छपरा के न्यास-पर्षद का चुनाव होटल राजदरबार, मौना चौक, छपरा में सम्पन्न हुआ। जिसमें न्यासी-सदस्य श्री सत्यनारायण प्रसाद को अध्यक्ष, श्री राकेश कुमार को सचिव एवं श्री दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। श्री बलभद्र ब्याहुत मंदिर ट्रस्ट की बैठक में कुल बारह न्यासी सदस्यों में दस सदस्य अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस बैठक एवं चुनाव का कार्यक्रम ब्याहुत धर्मशाला, कश्मीरी हाता में होना था, लेकिन चुनाव से नाखुश कुछ स्वघोषित सर्वेसर्वा कहने वाले लोगों ने धर्मशाला का पुराना ताला हटा, बिना सूचना नया ताला लगा चुनाव को बाधित करने एवं विवाद पैदा करने की योजना की थी, जिसको श्री बलभद्र व्याहुत मंदिर ट्रस्ट के न्यासी-सदस्यों ने सूझ-बुझ से विफल कर, स्थान परिवर्तित कर चुनाव को सम्पन्न कराया। श्री बलभद्र व्याहुत मंदिर ट्रस्ट के न्यासी सदस्यों से अध्यक्ष एवं सचिव पद के चुनाव के लिए खड़ा होने वाले उम्मीदवार से क्रमशः 21000/- प्रति व्यक्ति एवं कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार से 11000/- प्रत्येक उम्मीदवार से श्री बलभद्र व्याहुत मंदिर ट्रस्ट एवं ब्याहुत धर्मशाला के विकास के लिए अग्रिम राशि जमा करने के लिए अनुरोध किया गया था, जिसे तीनों उम्मीदवारों ने जमा किया। नये चुने गए पदाधिकारियों से श्री बलभद्र ब्याहुत मंदिर ट्रस्ट एवं ब्याहुत धर्मशाला के विकास के लिए आवश्यक कार्य करने के लिए उन्हे अधिकृत किया गया।

# स्वच्छ रहकर ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है: डॉ सिद्धार्थ शंकर

- स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत एनएसएस यूनिट एक द्वारा गंगा सिंह महाविद्यालय में स्वच्छता संदेश सह परिचर्चा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गंगा सिंह महाविद्यालय में कार्यक्रम में

प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी संकल्पनाओं की विस्तृत रूप से चर्चा किया ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिवेश को स्वच्छ रखकर ही हम अपने समाज में बदलाव ला सकते हैं। शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक स्वच्छता को अपनाकर ही मानव जीवन सफल हो सकता है, और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। भारत सरकार की नीतियों और जागरूकता संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि यह हमारा प्राथमिक दायित्व है, कि हम सब मन, वचन और कर्म से स्वच्छ बनें, तभी एक स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र की परिकल्पना साकार हो पाएगा।

इस परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ आदित्य चंद्र झा, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ कमाल अहमद, राजीव कुमार गिरी, डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉ राजेश मांझी, डॉ ऋचा सिंह तथा डॉ हरिमोहन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस यूनिट-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक और 50 से अधिक छात्र एवं छात्राए उपस्थित थे ।

## एनएसएस के तीनों यूनिटों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर- दाउदपुर सारण के प्रांगण में एनएसएस के तीनों यूनिटों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया । बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे। प्रथम यूनिट के पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार, तृतीय यूनिट के पदाधिकारी डॉ चन्द्रभान राम एवं प्राचार्य प्रोफेसर के.पी.श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वच्छता अभियान को गांव- गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

प्राचार्य ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वच्छ भारत का निर्माण किया जा सकता है। स्वच्छता को अपने जीवन की अमूल्य निधि के रूप में स्वीकार करना चाहिए। डॉ संजय कुमार ने कहा कि आस- पास की सफाई, अपने परिवेश की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ चन्द्रभान राम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए गली- मुहल्लों से लेकर बड़े- बड़े कस्बों तक, जहाँ भी हम रहते हैं, उसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी स्वतः लेनी होगी। उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ स्वर्ग दीप शर्मा,प्रोफेसर आफताब आलम डॉ शेखर कुमार आदि ने ऐसे कार्यक्रम की प्रसंशा की। महाविद्यालय स्तर पर यह कार्यक्रम 02 अक्टूबर2024 तक,अनवरत रुप में स्वच्छता सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चलता रहेगा।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के सभागार में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ो सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इसका उद्देश्य उन कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना है जो लगातार पंचायत या नगर पंचायत में स्वच्छता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया की ह्रस्वच्छता ही सेवा अभियान न केवल समाज को स्वच्छ रखने का अभियान है, बल्कि स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा का भी ख्याल रखने का अभियान है। यह हमारे समाज के उन नायकों की देखभाल के प्रति एक प्रतिबद्धता है जो दिन-रात स्वच्छता बनाए रखने में लगे रहते हैं।उन्होंने बताया की स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना हैं। परीक्षण में सफाई कर्मियों का रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच, हृदय स्वास्थ्य, और अन्य शारीरिक परीक्षण किया गया।विशेष रूप से, सफाई कर्मियों की थकान और कार्य से उत्पन्न तनाव का आकलन कर, उन्हें उचित परामर्श और आवश्यक दवाएं भी दी गईं। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम ने कर्मियों को उनके स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक सलाह दी, जिसमें खानपान, व्यायाम और नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व बताया गया.इस अवसर पर डॉ आशुतोष अभिषेक,डॉ अजय कुमार सोनी, राम मूर्ति, विवेक ब्याहुत के साथ ए एन एम और सी एच ओ भी मौजूद रही।

## धानगबन मामले में पूर्व अध्यक्ष व प्रबंधकारिणी पर मामला दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा द्वारा धान अधिप्राप्ति में धान गबन करने वाले पैक्स पर कार्रवाई का सिलसिला और तेज कर दिया गया है। पताही पूर्वी पैक्स अध्यक्ष सुधीर कुमार सहित पूरी प्रबंधकारिणि पर पताही के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, गौरव रंजन द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के आदेश के आलोक में पताही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है (थाना कांड संख्या-226/24)। पैक्स अध्यक्ष ने लगभग 6 लॉट का धान गबन कर लिया है, जिसका मूल्य लगभग 56,50,272 होता है।

लगातार विभिन्न बैठकों में निदेशित करने के बाद भी संबंधित पैक्स द्वारा राज्य खाद्य निगम को सीएमआर आपूर्ति नहीं की गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा शेष सभी पैक्स जिनका सीएमआर लंबित है, उनको निर्देश दिया कि विभाग द्वारा विस्तारित अवधि 30 सितंबर तक सीएमआर आपूर्ति करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आगामी पैक्स चुनाव हेतु उन्हें डिफाल्टर घोषित कर दिया जायेगा।

## धरती को बचाने के लिए अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करें : डॉ एचएस रावत

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के बैनर तले 22 सितंबर 2024 को दिल्ली स्थित रिवरसाइड स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब ऑडिटोरियम में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस और प्राईड ऑफ नेशन अवार्ड विधिवत संपन्न हुआ।

डॉ नीरज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजेश कृष्ण बिरला,डॉ. एच. एस. रावत तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता धरा धाम प्रमुख संत डॉक्टर सौरभ पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही स्पेशल गेस्ट डॉ. आशीष चोपड़ा (हरियाणा ), डॉ. प्रवेन्दर सिंह (थाईलैंड ), डॉ. इंद्रजीत शर्मा (अमेरिका ), सेलिब्रेटी गेस्ट सिद्धि जोहरी ( मिस इंडिया इंटरनेशनल ) गेस्ट ऑफ ऑनर से विनय चंद्र जैन, नोएडा, सीए शंकर अडनानी महाराष्ट्र डॉ राजीव रंजन पांडे, बिहार, श्री मानवेंद्र रावत, दिल्ली मैत्रेय रुद्रभयानंद, दिल्ली, वही कार्यक्रम के स्पेशल गेस्ट डॉ. साधु साहेब, झांसी उत्तर प्रदेश, डॉ.परविंदर सिंह, थाईलैंड, संत डॉ सौरभ पांडेय, पदम श्री डॉ. विजय शाह, महाराष्ट्र वही कार्यक्रम के वीआईपी स्पेशल गेस्ट में डॉ आशीष चोपड़ा, हरियाणा और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एच. एस. रावत (सनातन धर्म गुरु) दिल्ली के साथ इस कार्यक्रम में सेलिब्रेटी गेस्ट के तौर पर मिस यूनिवर्स सिद्धि जोहरी काठमांडू नेपाल आदि अतिथियों ने बतौर विशेष रूप से आमंत्रित अतिथियों के रुप में शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और संत डॉ सौरभ पाण्डेय द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हुई। निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के संस्थापक और मुख्य निदेशक डॉ नीरज गुप्ता ने बताया कि आयोजित सम्मान समारोह में भारत के पर्यावरण विद, समाज सेवी, शिक्षा, साहित्यकार, गायक, कवि, लेखक, स्वास्थ्य, कलाकार के साथ अन्य क्षेत्रों

में कार्य करने वाले महान विभूति को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्यतया जिसमें प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से आचार्य नितेश शर्मा, डॉ राकेश वशिष्ठ राजस्थान, डॉ गौरव संचार, हरियाणा, डॉ अनुभवी, चक्षु भारद्वाज, एस्ट्रो राजेश शर्मा, एस्ट्रो राजीव रंजन, पंडित प्रभात मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, निखिल चौधरी, विनी माथुर, सुधांशु शेखर, डॉ एनपी गांधी, आचार्य आदित्य झा, दिल्ली डॉ मीनाक्षी सुकुमारन, नोएडा डॉ डीके जैन दिल्ली, डॉ संजय कुमार गिरि, वरुण रस्तोगी, नोएडा, डॉ सुनील कुमार बोकोलिया, दिल्ली डॉ बी एल यादव दिल्ली, डॉ अलका सिंह, मि. संजय जैन मैनपुरी उत्तर प्रदेश, डॉ रश्मि शर्मा, दिल्ली, डॉ आदित्य जैन दिल्ली, सीए शंकर अडनानी महाराष्ट्र, संदीप छीपा राजस्थान, ऑक्सीजन मैन अवार्ड के लिए समीर अंसारी, आचार्य रामकुमार बघेल, अनूप मिश्रा अपूर्वा, बिहार लीडरशिप पीस अवॉर्ड से वमसी कृष्णा, हैदराबाद, डॉ अब्दुल कलाम पीस अवॉर्ड निखिल चौधरी दिल्ली आदि को सम्मानित किया गया।

डॉ नीरज गुप्ता ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण के मुद्दे पर चचाएं हुई साथ ही सभी सम्मानित अतिथियों ने कार्यक्रम को सबोधित किया और अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह के पश्चात डॉ नीरज गुप्ता के सुपुत्र यशराज गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया जिसमें केक काट कर अतिथियों के आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ जन्म दिन मनाया गया और तत्पश्चात अतिथियों और प्रतिभागियों के सामूहिक भोज की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई।

## आम आदमी पार्टी ने आतिशी के मुख्यमंत्री की ताजपोशी पर किया प्रेसवार्ता,दी बधाई




- बनियापुर से बिक्रम चौधरी ने किया दावेदारी पेश

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर आम आदमी पार्ट के नेताओं ने प्रेस वार्ता कर दिल्ली की नई मुख्यमंत्री अतिशी को शुभकामनाएं दिया। जहा नेताओं ने विश्वास व्यक्त करते कहा विदेश से भी उच्च शिक्षा प्राप्त अनुभवी दिल्ली की तीसरी सबसे काम उम्र की महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व मे दिल्ली का सर्वांगीण विकास होगा।.जहां पर बिजली पानी महिला का बस किराया और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य स्कूल शिक्षा व्यवस्था निशुल्क आम आदमी के लिए जारी रहेगा।मौके पर एकमा से भावी प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह ने कहा बिहार मे आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली का मॉडल लागू किया जाएगा, जिसमें बिहार की आम जनता को निशुल्क 200 यूनिट बिजली पानी उच्च स्तरीय शिक्षा स्वास्थ्य और महिलाओं के लिए फ्री यातायात जारी रखा जाएगा. महाराजगंज भावी प्रत्याशीरहे। एन आलम ने कहा बिहार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए आम आदमी पार्टी जोड़ तोड़ कोशिश करेगी।. बनियापुर विधान सभा से अपनी दावेदारी पेश करते भावी प्रत्याशी बिक्रम चौधरी ने डॉक्टर अंबेडकर भगत सिंह और कपूर्री ठाकुर के समाजिक न्याय एवं आर्थिक समानता के सपनों का बिहार बनाने के लिए संकल्प दोहराया.। ईडी सीबीआई का दुरूपयोग कर आम आदमी पार्टी की क्रांतिकारी ईमानदार नेताओं अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया संजय सिंह और सत्येंद्र जैन को झूठे मुकदमे मे फंसा कर जेल में डाल देने की केंद्र सरकार एवं मोदी की नीतियों का विरोध किया.। श्री चौधरी ने बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव में बिहार के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की भी संभावना भी व्यक्त किया।

# दुर्गा पूजा को लेकर शहर की साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहेगी : महापौर



- नगर आयुक्त व महापौर ने सफाई एजेंसी के साथ की बैठक, दिए गए विशेष निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' सोमवार को महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता सफाई एजेंसी के साथ बैठक की गई ' बैठक में दुर्गा पूजा को देखते हुए महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय के द्वारा सफाई एजेंसी आकांक्षा एवं सुभांगी के मालिक के साथ बैठक की गई, जिसमें सभी वार्डो मे बन रहे माँ दुर्गा की प्रतिमा, पंडाल में साफ- सफाई दोनों समय कराने को लेकर एजेंसी के मालिक को कहा गया क वार्ड 1 से 22 एवं वार्ड 23 से 45 वार्ड तक दुर्गा पूजा मे विशेष सफाई टीम की तैनात रहेगी कसुबह एवं शाम साफ- सफाई होंगी कसुबह मे 06 बजे से सफाई प्रत्येक माँ दुर्गा पंडाल में कराई जाएगी एवं शाम भीड़ को देखते हुई रात्रि में सफाई कराई जाएगी, ताकि

श्रद्धालू को किसी प्रकार का दिक्कत नहीं हो ' महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता के द्वारा बैठक में सुझाव दिया गया कि शहर मे दुर्गा पंडाल के पास जो भी दुकान लगाएंगे, वो स्वयं का डस्टबिन रखेंगे, ताकि शहर साफ रहे क वेंडर्स जो दुकान लगाना चाहते हैं,उनका भी रजिस्ट्रेशन किया जायेगा, जिसके लिए नगर प्रबंधक अरविन्द कुमार को अधिकृत किया गया है ' वेंडर निगम कार्यालय में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है, जो निःशुल्क हैं,इसके लिए कोई भी शुल्क देने की जरुरत नहीं होंगी कइस तरह का योजना करने का कारण यह कि सभी लोगों की सुरक्षा होंगी ' कोई भी गलत होने पर उसका डिटेल्स मिल सकेगा कसफाई एजेंसी आकांक्षा एवं सुभांगी के मालिक अतुल श्रेष्ठ के द्वारा कहा गया कि सभी दुर्गा पंडाल कि सफाई दोनों समय कराने हेतु अतिरिक्त मानव बल तैनात की जाएगी कमहापौर ने नीचे वाली रोड का कचड़ा उठाने हेतु सफाई एजेंसी को कहा '

उन्होंने कहा कि हमेशा नीचे वाले रोड की सफाई नहीं हो रही, जिसके कारण, मुझे अक्सर शिकायत मिलती है ' इस समस्या का समाधान कराने के प्रति तत्पर रहा हूँ,और हमेशा रहूँगा क महापौर ने यह भी कहा कि ये मेरे लिए प्रथम दुगार्पूजा है,शहर वासियों को यादगार पूजा हो, इसके लिए स्वछता के प्रति हमेशा तत्पर रहूँगा ' और हमारे नगर निगम के सभी पदाधिकारी भी इस दुर्गा पूजा में तत्पर रहेंगे क महापौर ने कहा कि सभी प्रोसेशन रूट पर विशेष साफ- सफाई हो, इसके लिए सफाई एजेंसी को विशेष रूप से कहा गया क मच्छरों के प्रकोप एवं डेंगू के प्रकोप को देखते हुए सभी वार्डो मे फॉगिंग एवं एंटीलार्वा का छिड़काव किया जायेगा, जिसके लिए सभी सफाई निरीक्षक को सूची वाईज मशीन उपलब्ध करा दिया गया है क आज से ही छिड़काव किया जायेगा क इसके लिए महापौर द्वारा गठित टीम अनुश्रवण करेंगें क

बैठक में उप नगर आयुक्त अजीत कुमार, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार, वेद प्रकाश वर्णवाल, स्वछता पदाधिकारी सुमित कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, सफाई एजेंसी आकांक्षा एवं सुभांगी के मालिक अतुल श्रेष्ठ, सफाई एजेंसी, मैनेजर राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, सफाई निरीक्षक सुमित राय, संजय राम, असगर अली ,अखिलेश राय ,चंद्रमोहन यादव, राजनाथ राय, प्रधान लिपिक तारकेश्वर नाथ मिश्रा एवं लिपिक दीपक कुमार मौजूद आदि उपस्थित थे क

## प्रखंड में जर्जर स्वास्थ्य केंद्र भवनों का होगा कायाकल्प :जनक



प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर ।प्रखंड के जर्जर स्वास्थ्य केंद्र भवनों का शीघ्र ही कायाकल्प होगा। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को भी बेहतर व सुदृढ़ किया जाएगा। ये बातें बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह ने सोमवार को सीएचसी इसुआपुर के परिसर में आयुष्मान कार्ड शिविर के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों गंगोई तथा कुम्हैला, स्वास्थ्य उपकेंद्रों रामपुर अटौली, सढ़वारा ,महुली, के जीर्ण शीर्ण स्वास्थ्य केंद्र भवनों का शीघ्र ही जीणोर्धार किया जाएगा। वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड सीएचसी इसुआपुर के परिसर में बनाया जाएगा। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तूलिका कुमारी ने बताया कि आम जनों के लिए सोमवार को पंचायत भवन केरवां, मंगलवार को स्वास्थ्य उप केंद्र सहवां तथा बुधवार को प्राथमिक विद्यालय लौंवा में विशेष कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

इसके साथ ही प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की बात कही गई। वहीं विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों तथा आशा कार्यकताओं को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु लाभुकों को वसुधा केंद्रों तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर ले जाने की जम्मेवारी दी गई है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तूलिका कुमारी, दंत चिकित्सक डॉ रेखा प्रसाद, डॉ संदीप कुमार, डॉ अमित कुमार प्रभाकर, स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी, स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल कुमार मांझी, केटीएस रंजन कुमार व अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 55 वर्षीय वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

प्रातः किरण संवाददाता

भगवानपुर (कैमूर) भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर ग्राम निवासी बूटनी देवी,पति बशिष्ठ पासवान जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष थी। सुअरा नदी में डूबने से मौत हो गई। जिसकी सूचना परिजनों के माध्यम से प्राप्त हुआ। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की लाश मौजा टोडी में आज सुबह करीब 7 बजे प्राप्त हुआ। लाश प्राप्ति के स्थान से लगभग 3 किलोमीटर दूर खेत है। परिजनों ने बताया कि तीन दिन पहले खेत पर से गायब थी जिसकी चारों तरफ खोजबीन चल रही थी कि नदी में पानी कम होने कारण लास बह कर किनारे आ गया तब अचानक दिखाई दी। जिसकी सूचना पाकर घर और गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखे लाश पानी में रह जाने से लाश पुरी तरह से फुल चुकी थी। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही भगवानपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच लाश को अपने कब्जे में लेकर लाश का शिनाख्त कर जांच प्रक्रिया करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजनो के साथ सदर अस्पताल भभुआ भेजा गया। जिस शव को बेहतर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया।

### मां तुतला भवानी के प्रांगण में स्वक्षता ही सेवा अभियान शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) : पर्यावरण, वन एवम जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम के द्वारा मां तुतला भवानी ईको पर्यटन क्षेत्र तिलौथू में सफाई अभियान चलाया गया। वन परिसर पधाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण से लेकर प्रवेश द्वार सफाई अभियान चलाया गया। जिसने चंदनपुरा ओपी के थानाध्यक्ष मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार के साथ वन कर्मी भीम कुमार, सचिदानंद कुमार, राकेश कुमार दास, सदानंद कुमार, प्रशुन नारायण सहित दर्जनों कर्मी सम्मलीत हुवे।

### आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) : तिलौथू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरैया में लगाया गया स्वास्थ शिविर जिसमें सुगर वि पी का जांच किया गया बताते चलें की ग्राम सरैया के वार्ड क्रमांक 11 में श्री रविदास मंदीर प्रांगण में शिविर लगाकर सुगर और वि पी का जांच सी एच ओ और ए एन एम दीदी जीविका दीदी आशा दीदी के माध्यम से किया गया जिसमें दर्जनों महिला पुरुषों ने अपना अपना जांच कराया इस अवसर पर मुखिया संजय चौधरी ने स्वयं अपना जांच करवाया और लोगों को भी प्रेरित किया लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है और समय समय पर अपने स्वास्थ की जांच करवाना अति आवश्यक होता है वही उप मुखिया अमित गुप्ता ने भी अपना जांच करवाया और लोगों को अधिक से अधिक जांच करवाने का आग्रह किया अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहना आज बहुत आवस्यक है।

# बंदी ले जा रहे ऑटो में बेकाबू कार ने मारी टक्कर

## होमगार्ड जवान समेत दो की मौत

- आरा बक्सर फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के करौली गांव के समीप सोमवार की दोपहर बंदी को ले जा रहे ऑटो में बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड जवान समेत दो की मौत
- हादसे के दौरान एक अन्य होमगार्ड जवान एवं बंदी भी घायल



प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बिहियाः आरा बक्सर फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के करौली गांव के समीप सोमवार की दोपहर बंदी को ले जा रहे ऑटो में बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड जवान समेत दो की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में अपरा तफरी मची रही।

जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना से ऑटो के द्वारा दो बंदी को होमगार्ड के दो जवान आरा कोर्ट ले जा रहे थे। इसी दौरान आरा-बक्सर फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के समीप लघुशंका करने के लिए ऑटो को सड़क के किनारे खड़ा किया गया था। तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी और दोनों ही वाहन रोड के चाट में नीचे चले गए। जहां बाढ़ का पानी भी है।मृत होमगार्ड जवान चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी परमहंस पांडेय (58) हैं।। वही दूसरा मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के सेमरिया ओझापट्टी गांव निवासी बुजुर्ग सत्यनारायण ओझा हैं। हादसे में धोबहां थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा निवासी होमगार्ड जवान गौतम शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। उनका इलाज शाहपुर रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं बंदी बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव निवासी पंकज कुमार भी दुर्घटना में जख्मी हो गया। जिसका इलाज भी शाहपुर में कराया जा रहा है।सूचना मिलते ही एसडीपीओ जगदीशपुर राजीव चंद्र सिंह, बिहिया सर्किल इंस्पेक्टर रामानंद मंडल व शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत घटना पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए शाहपुर लाये। मृतक होमगार्ड के जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए आर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार कार के चालक को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि वह भी हादसै में जख्मी है

# रंगमंच के क्षेत्र में अप्रतिम निर्देशकीय प्रतिभा के लिए रंगकर्मी मनोज कुमार सिंह को मिला सम्मान

- पलामू नाट्य महोत्सव (झारखण्ड )में सम्मानित हुए जिले के रंगकर्मी निर्देशक मनोज कु सिंह
- डाल्टेनगंज में युवा रंग निर्देशक का मिला सम्मान

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । झारखण्ड की चर्चित नाट्य संस्था मासूम आर्ट द्वारा आयोजित ह्य पलामू नाट्य महोत्सव ह्य डाल्टेनगंज झारखण्ड में बिहार के चर्चित रंगकर्मी व रंग निर्देशक मनोज कुमार सिंह को रंगमंच के क्षेत्र में अप्रतिम निर्देशकीय प्रतिभा के लिए युवा रंग निर्देशक - 2024 के सम्मान से रविवार को सम्मानित किया गया। शहर के टाउन हॉल में चल रहे कार्यक्रम में श्री सिंह को डाल्टेनगंज की प्रथम मेयर अरुणा शंकर व संस्था के सचिव श्री सैकत चटोपाध्याय ने शॉल, स्मृति चिन्ह, बुके और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रंगमंच के चर्चित रंगकर्मी - अभिनेता डॉ पंकज भट्ट ने बताया कि यह सम्मान जिले के रंगमंच का सम्मान है. नाट्यशास्त्र से स्नातकोत्तर श्री सिंह रंगमंच में विगत 30 सालों से लगातार काम कर रहे है. लोक नाटक और लोक संगीत के मर्मज्ञ श्री सिंह द्वारा निर्देशित ह्यगंगा स्नान, अंधेर नगरी , शिव धनुष, विदेशिया, गबरघिचोर, बेटी वियोग ह्य, ह्यचौपट नरेश मिसिंगह्न, मुकदमा आदि दर्जनों नाटकों सफल मंचन राष्ट्रीय नाट्य महोत्सवों/ समारोहों में हुए हैं। ज्ञात हो कि इनके द्वारा निर्देशित नाटक गंगा स्नान का मंचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव - 2024, जो दुनिया का सबसे बड़ा नाट्य महोत्सव है, में हुआ। लोक संगीतकार श्याम शर्मिला ने श्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान कला के क्षेत्र में जिले के मान को बढ़ाया है। इन्होंने आरा के रंगमंच को गौरवान्वित किया है। प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी के सचिव व चित्रकार कमलेश कुंदन, रंगकर्मी अनिल कु तिवारी ह्यदीपू ह्य, लड्डू भोपाली, सुधीर शर्मा, राजा बसंत, ऋतू पाण्डेय, अपर्णा पाण्डेय, आदि रंगकमीयों ने श्री मनोज कुमार सिंह को सम्मान मिलने पर बधाई दिया है।

## जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर का चुनाव सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता



आराः हित नारायण क्षत्रीय प्लस टू विद्यालय आरा के सभागार में भोजपुर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर के सभी पदों का चुनाव संपन्न हुआ बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्राधिकृत चुनाव पदाधिकारी डॉक्टर रंजन कुमार सिंह (कोषाध्यक्ष) यतिंद्र कुमार चौबे (अंकेक्षक) ,आनंद मिश्रा (सचिव) ने यह चुनाव अपनी देखरेख में सर्वसम्मति से हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न कराया।

आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक श्री रामराज सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बलराज ठाकुर के द्वारा किया गया। आज की प्रतिनिधि सभा के द्वारा श्री उमेश कुमार सिंह को जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर के अध्यक्ष एवम शशिकांत तिवारी को प्रधान सचिव, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष राजूभट, वरीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्क्ष रमन कुमार, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार राम, उपाध्याक्ष राजीव रंजन रजक, उपप्रधान सचिव सुधीर कुमार सिंह, उपप्रधान सचिव महिपाल जी, सचिव अखिलेश कुमार सिंह, सचिव आफताब आलम, सचिव बीरेंद्र कुमार राय, सचिव कौशर प्रवीण, कार्यालय सचिव धनंजय कुमार धीरज, कोषाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, अंकेक्षक अजय कुमार तिवारी, मीडिया प्रभारी पवनसुत कुमार का चयन किया गया एवम संरक्षण मंडल में सेवानिवृत शिक्षक में रामराज सिंह, उमारमन तिवारी, महेंद्र कुमार सिंह, दिनेश राय, लक्ष्मुन पाठक को मनोन्नित किया गया। जिसमें जिला के तमाम शिक्षक उपस्थित हुए।

# आरा यातायात थानाध्यक्ष सरवन कुमार के सहयोग से किया गया गड्ढे को भरने का काम

प्रातः किरण संवाददाता



आरा बाजार समिति रोड के पास कितने महीने से है खराब उसे रास्ते से कितने नेता मंत्री आते जाते हैं फिर भी उसे सड़क की समस्या का हल नहीं हो पाया है मगर हमारे आरा शहर के यातायात थाना अध्यक्ष सरवन कुमार के सहयोग से गड्ढे सड़क को ईंट से सभी गड्ढे को भरा गया यातायात थाना अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन जाम की समस्या होता था गड्ढे के कारण आम यात्रियों को भी कठिनाइयां की सामना करना पड़ता था जिसमें हम लोगों को भी परेशानी करना पड़ता था ऐसे में हमने लोगों की सहयोग से हमने ट्रैक्टर ईंट मंगाकर इस गड्ढे को भरने का काम किया आप फोटो में देख रहे हैं यातायात पुलिस के जवान भी अपने हाथों से ईंट को बराबर करते हुए और गड्ढे को भराई करते हुए इस नेक कार्य को देखकर लोगों ने यातायात थाना अध्यक्ष और यातायात पुलिस जवान को शाबाशी दी लोगों ने कहा कि जो काम पथ निर्माण को करना चाहिए वह हमारे शहर के यातायात थानाध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है जिसमें आए दिन जो जाम की समस्या होता है कुछ राहत मिलेगी वहीं थाना अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन यहां दुर्घटना भी होती थी और हम लोगों को देखा नहीं गया तो हम लोग सोचे की लोगों को सहयोग से और अपने पुलिस के जवान के सहयोग से इस गड्ढे को भरने का काम किया गया और कोशिश रहेगी कि कुछ इस पर रोलर चला कर भी हम लोग बराबर करने का काम करेंगे इस नेक कार्य में मिथिलेश कुमार श्रीनिवास धर्मेंद्र कुमार अपर थाना अध्यक्ष नागेंद्र राम के सहयोग से यह कार्य किया गया।

## बखोरापुर काली मंदिर ट्रस्ट ने राहत सामग्री बांटी

- होटल मौर्या के बीडी सिंह ने बड़हरा प्रखंड में बाढ़ पीड़ितों के बीच किया राहत सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा । भोजपुर के बखोरापुर काली मंदिर ट्रस्ट के बैनर तले सदस्यों ने अध्यक्ष बीडी सिंह तथा मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल के नेतृत्व में बड़हरा प्रखंड के बाढ़ ग्रसित कई गांव में नाव से घूम चुरा, मीठा तिरपाल, मोमबत्ती, सलाई कपड़ा सहित जरूरत की अन्य चीजों का वितरण किया गया। बीडी सिंह ने बताया कि हम हमेशा लोगों को सहयोग करते हैं और करते रहेंगे भोजपुर के लिए चंदन मिश्रा अमन कुमार रामकुमार सिंह धर्मेंद्र सिंह मुकुल हमारे लिए 24 घंटा दरवाजा खुला है सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि इस दौरान मंगल सिंह, रामनाथ जी, मंटू सिंह मेजर राणा प्रताप सिंह कमल किशोर सिंह मुखिया एवं सरपंच वार्ड सदस्य बड़हरा प्रखंड के ग्रामीण जनता सहित बड़ी संख्या में मंदिर ट्रस्ट के लोग मौजूद थे ।

## स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता



आराःसंपूर्ण स्वच्छता के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के सहयोग से आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 ह्यस्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छताह्न कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन नए-नए गतिविधियों का आयोजन कर गांव को स्वच्छ सुंदर एवं खुशहाल बनाने की कवायद जारी है। संपूर्ण जिले में आज सामूहिक उत्प्रेरण, पेंटिंग एवं महादलित टोलों में बने सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई हेतु कार्य किया जा रहा है।

आज के कार्यक्रम के अंतर्गत गांव में जगह-जगह स्वच्छता संदेश के प्रचार प्रसार हेतु दीवारों पर चित्रण, स्वच्छता संबंधी संरचनाओं पर पेंटिंग, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की साफ-सफाई एवं सामूहिक उत्प्रेरण का कार्य किया गया है।

आज के कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना अनुश्रवण इकाई द्वारा सामुदायिक स्वच्छता परिसर में पेंटिंग, ग्राम पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक द्वारा सामुदायिक उत्प्रेरण, स्वच्छता कर्मियों द्वारा साफ-सफाई का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। आज संपन्न इस कार्यक्रम में कुल 26 सामुदायिक स्वच्छता परिसर की साफ-सफाई, लगभग 140 दीवार चित्रण, 90 जगहों पर साफ - सफाई एवं लगभग 800 लोगों को सामुदायिक उत्प्रेरण के माध्यम से स्वच्छता अपनाने को प्रेरित किया गया है ।

## काराकाट में ब्राम्हण समाज के उत्थान को लेकर बैठक

काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र में ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद रोहतास द्वारा काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संसार डिहरी गांव में भूत पूर्व सैनिक मनोज कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में की गई । जिसका संचालन संचालन कोषाध्यक्ष रजनीकांत पांडेय ने किया । बैठक में रोहतास जिला के कई प्रखंडों से क्षेत्र आए ब्राह्मण परिवार के लोगों ने बारी-बारी से अपना-अपना विचार रखा । उक्त बैठक में मदिरा पान, दहेज प्रथा, सामाजिक कोढ़ से बचाव, मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा दिलाना, अनाथ एवं गरीब ब्राह्मण परिवार को हर संभव मदद करना, धर्म संस्कृति के अनुसार चलना , माथे पर तिलक लगाना, कंधे पर जनेऊ रखना, शिखा रखना सहित अन्य विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । बैठक में शामिल लोगों ने एक स्वर में कहा कि संगठन को हरहाल में सबको एकसाथ मिलकर मजबूत करना होगा । अध्यक्षता कर रहे मनोज कुमार पाण्डेय हम किसी भी जाति और धर्म के विरोधी नहीं है । हम सभी जातियों व धर्मो के लोगो से भी पूरी उम्मीद व विश्वास रखते है कि वह किसी का विरोध ना करें । बैठक में दूर-दराज से आये हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकजुटता का संकल्प भी लिया । बैठक में शामिल लोगों ने उद्धारक भगवान परशुराम द्वारा बताये गए दिशा-निर्देश पर चलने संकल्प लिया ।

# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के सहयोग से किया गया भोजपुरी पेंटिंग कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

आराःआरा के नरहीं चांदी में आसरा सेवा केंद्र और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के सहयोग से आयोजित भोजपुरी पेंटिंग कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन किया गया।

इसके उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री प्रोफेसर श्याम शर्मा, मुकेश कुमार सहायक निदेशक हस्तशील पटना, अध्यक्षता श्री अशोक कुमार सिन्हा ,अपर निदेशक बिहार म्यूजियम पटना, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनुप्रिया जिला कला संस्कृति पदाधिकारी भोजपुर मौजूद रहे। भारत के काल इतिहास में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान है और बिहार की कला इतिहास में भोजपुरी का विशेष महत्व है। जिसमें कला संस्कृति और भाषा आ जाती है कला की बात हो तो पटना कलम के कलाकार ईश्वरी प्रसाद को हम कैसे भूल सकते हैं भोजपुरी के लिए गौरव की बात है। हमारी कला परंपरा भी भोजपुरी की अलग ही है। चाहे कोहबर की बात हो पिड़ीया हो सांझी हो चाहे कोठिला हो, हमारे लोक संस्कृति से जुड़े हुए हैं, उक्त बातें उद्घाटन संबोधन में पद्मश्री प्रोफेसर श्याम शर्मा ने कहीं। मुकेश कुमार जी ने भोजपुरी लोक चित्र शैली मे समकालीन विषयों के समावेश कर सृजित करने की बात कही और उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। भोजपुर कला संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया ने भोजपुरी लोक कला के लिए हर संभव सहयोग करने की बात की। अपने अध्यक्ष की संबोधन में बिहार संग्रहालय के अपर निर्देशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि भोजपुरी पेंटिंग के विकास के लिए बिहार सरकार में कई कार्यक्रम किए हैं जब मैं उपेंद्र महादेव शिल्प अनुसंधान संस्थान पटना का निर्देश था उसे समय भोजपुरी पेंटिंग में राज पुरस्कार की शुरूआत की गई 2016-17 में महामहिम राष्ट्रपति जी का राजकीय आगमन हुआ था तो पूरे राजगीर को बिहार के लोक कलाओं से सुसज्जित किया गया था उसे समय मेरी पल पर भोजपुरी पेंटिंग के भी 10 कलाकार राजगीर के दीवारों पर भोजपुरी पेंटिंग का निर्माण किए थे इसके अतीक और भी कई कार्यक्रम भोजपुरी पेंटिंग के लिए हुए हैं और अभी पुल निर्माण निगम के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ आने वाले समय में इस जो यहां का साल में जो काम तैयार होगा कलाकृतियां होगी उसको बिहार एवं देश के आने शहरों में उसका एग्जिबिशन लगाया जाएगा। इस कार्यशाला में 20 कलाकारों ने भाग लिया हैं।

## बिहार राज्य अंडर 15 शतरंज चैंपियनशिप की तिथि में बदलाव, शतरंज चैंपियनशिपशिप अब एक अक्टूबर से




प्रातः किरण संवाददाता

आराःभोजपुर जिला शतरंज संघ की एक बैठक रमना पकड़ी रोड स्थित आनन्द हॉस्पिटल के सभागार में संघ के वरीय संरक्षक डॉ एस के रूंगटा की अध्यक्षता में में संपन्न हुई। जिसमे स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित बिहार राज्य बालिका शतरंज का आयोजन हाजीपुर में 27 से 30 सितम्बर तक होना है। उसे देखते हुए ऑल बिहार शतरंज संघ के निदेर्शानुसार बिहार राज्य अंडर 15 बालक बालिका का आयोजन एक से तीन अक्टूबर को श्री मैना सुन्दर धर्मशाला जेल रोड आरा के सभागार में कराया जायेगा। संघ के सचिव डॉ मो सैफ ने बताया की इस तीन दिवसीय शतरंज शतरंज में भाग लेने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर संध्या 5 बजे निर्धारित की गई है। जिले के विभिन्न स्कूलों में इसकी सुचना दी जा रही है।

संघ के अध्यक्ष डॉ के एन सिन्हा ने बताया की खिलाड़ियों के रहने की वयवस्था भी श्री मैना सुंदर धर्मशाला के हॉल में किया जा रहा है। राजस्तरीय शतरंज चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए शतरंज संघ की मदद की जाएगी।

शतरंज चैंपियनशिप के आधार पर चयनित चार-चार खिलाड़ी आगामी नवम्बर माह में तमिलनाडु के होसुर में होनेवाली राष्ट्रीय सबजूनियर (अंडर-15) शतरंज प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बैठक में संघ की उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष निशि जैन, मो अशफाक रंजन कुमार सिन्हा, मो मोजम्मिल, मो आफताब, मयंक पाण्डेय, निधि कुमारी आदि उपस्थित हुए।

## हर भारतीय के पास परिवार और पेट से बड़ा कोई मुद्दा नहीं :आरके शर्मा ,राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



आराःरेखा शाह मंदिर जेल रोड आरा 1942 लसढ़ी के शहीद सीतल लोहार सहित सभी शहीद को भवभीनी श्रद्धांजलि उनके तैल चित्र पर माला चढ़ा कर किया गया कार्यक्रम जनतंत्र आवाज पार्टी का था जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कु शर्मा ने किया इस दौरान देश के अर्थव्यवस्था बेरोजगारी नौकरी पर चर्चा हुआ । इस मुद्दे पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने कहा परिवार और पेट से बढ़ कर कोई मुद्दा नहीं है मंदिर मस्जिद का कोई मुद्दा जनता के समक्ष नहीं है केंद्र और राज्य सरकार जनता का हितैषी है तो तेजी से नौकरी रोजगार का दरवाजा खोले सरकार खाली सीट को अबिलम्ब भरे नये पद का श्रीजन करे सरकार अन्यथा आंदोलन चलेगा । मंच संचालन हरीश चन्दर प्रसाद ने किया धनबाद ज्ञापन राजेंदर गुप्ता ने किया अन्य शामिल मे राजेंद्र सिंह सुरेश प्रसाद मुन्ना शर्मा ब्रजेश रजक राम जी शर्मा देवनारायण शर्मा रामा शंकर शर्मा चंदन शर्मा आदि शामिल थे

## पेंटिंग प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। सोमवार को काराकाट नगर पंचायत अंतर्गत सृष्टि सेकेंडरी स्कूल गोड़ारी में बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान व चेंजलूम द्वारा बिग बटरफ्लाई मंथ के तत्वावधान में चित्रकारी व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाना था , जिसमें बच्चों को तितलियों के सरंक्षण पर विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान चेंजलूम के युवा नेता सह, युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोड़ारी, अध्यक्ष शिवम कुमार ने की। उन्होने अपने संबोधन में तितलियों की पारिस्थितिक भूमिका और उनके सरंक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि तितलियां न केवल पर्यावरण की सुंदरता व परागकणों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है बल्कि उससे जैव विविधता की रक्षा भी होती है। जिसमें बिग बटरफ्लाई मंथ का आयोजन इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। उक्त अवसर पर तितलियों से संबंधित पेंटिंग व चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि कुमारी, द्वितीय स्थान काजल कुमारी व तृतीय स्थान प्रियदर्श कुमार और चित्रकला में प्रथम स्थान अनिशा कुमारी , द्वितीय स्थान दिव्या कुमारी, तृतीय स्थान ब्यूटी कुमारी को पुरस्कृत किया गया। जिसमें बच्चों को ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया गया। विजेताओं को बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान व चेंजलूम की ओर से पुरुस्कृत किया गया।

# कृषक स्वर्ण समृद्धि कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास)। कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज, रोहतास में तकनीकी सप्ताह का आयोजन किया गया है जो एक सप्ताह तक चलेगा। इस कार्यक्रम को कृषक स्वर्ण समृद्धि के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा मनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन माननीय विधायक काराकाट विधानसभा श्री अरुण सिंह के द्वारा किया गया। तकनीकी सप्ताह के पहले दिन आज का थीम था -स्थाई कृषि के लिए नवोन्मेषी कृषि पद्धति एवं आजीविका उन्नयन। कार्यक्रम की शुरूआत में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित कृषि प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा अवलोकन किया गया। इस कषि प्रदर्शनी में कई तरह के नवीनतम कृषि तकनीक को स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है ।जिसमें ड्रैगन फ्रूट का पौधा, समेकित कृषि प्रणाली, जल प्रबंधन ,फसल अवशेष प्रबंधन, जलवायु अनुकूल कृषि इत्यादि पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल तथा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित कई प्रगतिशील कृषक एवं उद्यमी किसानों के उत्पाद जैसे मूंग की बड़ी, मशरूम के उत्पाद, लाल भिंडी, प्राकृतिक खेती से उपजाए गए हुए फसलों, अचार मोटे अनाजों के उत्पाद इत्यादि शामिल रहे । उसके बाद माननीय विधायक महोदय के द्वारा केंद्र के परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नाम ह्यबैनर तले वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत आम का वृक्ष लगाया गया ।तत्पश्चात वहां उपस्थित लगभग 110 किसान भाइयों और महिला बहनों को विधायक महोदय के द्वारा संबोधित किया गया ।अपने संबोधन में कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना करते हुए विधायक महोदय ने कहा कि जितने भी तरह के कार्य कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा किए जा रहे हैं वह आज किसानों के हित में कृषि के विकास के लिए समय की मांग है, विशेष कर जलवायु परिवर्तन की स्थिति को देखते हुए जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं प्राकृतिक कृषि सहित समेकित कृषि प्रणाली किसानों को अपनाना चाहिए साथ ही छोटे और मझौले किसानों के आमदनी को बढ़ाने के लिए कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार को विशेष पहल करने की जरूरत है। आज जितनी भी कृषि नीतियां हैं, उसे विशेष कर कृषि के विकास के लिए केंद्रित होना चाहिए ताकि प्रत्येक किसान के पॉकेट में पैसा जाए। केंद्र प्रधान डॉ. शोभा रानी के द्वारा बताया गया कि तकनीकी सप्ताह के पहले दिन और अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के लिए समर्पित इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे एवं बीच के चार दिनों में केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा अलग-अलग गांव में जाकर कृषि संबंधी नवीनतम तकनीकों को किसानों के बीच रखा जाएगा इस कार्यक्रम के दौरान गार्डनर पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती के लिए लाभदायक दसपरनी अर्क का विमोचन भी किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित किसानों के बीच आम के पौधा का वितरण किया गया एवं दसपरणी अर्क का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाग लेते हुए केंद्र वैज्ञानिक डॉ. रमाकांत सिंह अपनी बातों को किसानों के बीच रखा। कार्यक्रम का संचालन श्री रविंद्र कुमार जलज के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रतन कुमार के द्वारा किया गया। श्री रविंद्र कुमार जलज ,डॉ. रतन कुमार, डॉ. डेनियल प्रकाश , डॉक्टर संजू कुमारी और इस कार्यक्रम में केंद्र के सभी कर्मिगन श्री अभिषेक कुमार ,श्री सुबेश कुमार, श्री प्रवीण कुमार पटेल, हरेन्द्र कुमार, श्री राकेश कुमार, श्री नवीन कुमार, श्री रोहित कुमार एवं अन्य कर्मियों ने अपनी पूरी सहभागिता दिखाई तथा भविष्य मेजिले के अन्य किसानों को भी केंद्र से जुड़ने के लिए सलाह दिया गया।

## उद्योगपति अजय ने की छठे दिन भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर (शाहाबाद) भोजपुर जिला के बाढ़ प्रभावित बड़हरा प्रखंड के इलाकों में भारत प्लस एथेनॉल कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति व समाजसेवी अजय सिंह के द्वारा छठे दिन भी राहत और बचाव का कार्य किया गया ।इस दौरान अजय सिंह की टीम ने प्रखंड के अलग-अलग गांव में लोगों को निःशुल्क भोजन कराया, साथ ही कई गांव में घूम-घूम कर फूड पैकेट और राहत सामग्री का वितरण किया। छठे दिन बडहरा के ग्राम केशोपुर के बांध पर , गाजियापुर और फरहदा में अजय सिंह की तरफ से सार्वजनिक भोज चल रहा है ।फरहदा महादलित टोला में दीपक कुमार सिंह, उमेश कुमार, सिन्हा बाजार में लवलेश, सन्नी, रोहित, विजय की टीम थी ।लंगर चलाने वाली टीम में वीर बहादुर सिंह, संतोष कुमार सिंह समेत कई युवक लोग शामिल थे ।ज्ञात हो कि इससे पहले अजय सिंह खुद बडहरा प्रखंड के अलग-अलग गांव में नाव लेकर मदद के लिए निकले थे ।उनके द्वारा पिछले 6 दिनों से लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों में न केवल राहत सामग्री वितरित की जा रही है बल्कि बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू करके निकल भी जा रहा है ।वही समाजसेवी अजय सिंह द्वारा पांचवे दिन दो महिला को एंबुलेंस की सेवा देकर अस्पताल भेजा गया था ।जानकारी के मुताबिक दोनों महिलाओं को महुदही पहुँचना था ।जिसमे दोनों के आज ही हॉस्पिटल जा कर नवजात बच्चा हुआ था।

# बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ भाकपा माले ने आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला

- अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान परःमाले
- अपराध के खिलाफ संघर्ष तेज होगाःमाले

प्रातः किरण संवाददाता




आराःबिहार में बढ़ते अपराध व दलितों पर बढ़ते हमले के खिलाफ भाकपा-माले के राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस के तहत आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला !यह प्रतिरोध मार्च माले जिला कार्यालय श्रीटोला से निकल शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवगंज पहुंचा !प्रतिरोध मार्च के दौरान बिहार में दलित-गरीबों-महिलाओं पर लगातार हमले क्यों?,भाजपा-जदयू सरकार जवाब दो,सामंतों,अपराधियों का संरक्षण भाजपा-जदयू सरकार बंद करो,नवादा की दलित बस्ती में आगजनी के दोषी अपराधियों को अविलंब सजा दो,गया में दलितों की हत्या और बलात्कार क्यों,भाजपा-जदयू सरकार जवाब दो,जुमलेबाजी बंद करो-गरीबों पर जुल्म बंद करो,माले नेता सुनील चंद्रवंशी की हत्या क्यों,भाजपा-जदयू सरकार जवाब दो आदि नारे लगा रहे थे !प्रतिरोध मार्च के सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेताओं ने कहा भाजपा-जदयू की सरकार बिहार में दलित-गरीबों पर हमले तेज हो गया है !आये दिन अपराधी अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं !लेकिन अपराधियों को सजा नहीं मिल रहा है !नवादा में सरेआम महादलित बस्ती को आग हवाले कर दिया गया !गरीबों के लिए लड़ने वाले माले अरवल जिला कमेटी सदस्य सुनील चंद्रवंशी की सरेआम हत्या कर दिया गया !

आगे माले नेताओं ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में हत्या,बलात्कार,अपरहण की घटनाएं आम हो गया है !कल ही आरा धनुपरा में एक कुशवाहा जाति की हत्या कर दी गयी !एक तरह से कहिए अपराधी का राजनीतिककरण हो गया है! प्रतिरोध मार्च में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,नगर प्रभारी राजनाथ राम,उदवंतनगर प्रखंड सचिव शिवमंगल यादव,निरंजन केशरी,भोला यादव,अजय गांधी, दशरथ सिंह,संतविलास राम,मिल्टन कुशवाहा हरिनाथ राम,चंदेश्वर राम, रणधीर कुमार राणा,भरत सिंह दुधनाथ पासवान,राजमोहन गौड़ सुनील पासवान,मनोज यादव,अभय सिंह,साहिल अरोरा,चंदन कुमार दास,शिवअसरे राम आदि कई लोग शामिल थे !

## संक्षिप्त खबरें

### श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामलीला की तैयारी को लेकर हुई बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

गया। श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में दुर्गा पूजा के अवसर पर लखनऊ के रिदम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा इस बार रामलीला की प्रस्तुति की जाएगी।इस बात की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने जानकारी दी है। आगे उन्होंने बताया कि गया शहर के आजाद पार्क में पिछले 55 वर्षों से रामलीला का आयोजन होता आ रहा है। इस बार यह आयोजन 7 अक्टूबर षष्ठी से लेकर 12 अक्टूबर विजयादशमी तक किया जाएगा। इस आयोजन से समाज मे आपसी सौहार्द देखने को मिलता है। इस कार्यक्रम में सभी की भूमिका अहम होती है। रामलीला के लिए आने वाले कलाकारों द्वारा जो प्रस्तुति की जाएगी वो इस बार और आकर्षक होगी, जिससे गया नगर पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है। इस बैठक में समिति के सदस्य और गया शहर के बुद्धिजीवी वर्ग कैलाश डालमिया,संदीप कुमार सिन्हा, राज वैध,बीरेंद्र कुमार, डॉक्टर बीरेंद्र कुमार,अनिल स्वामी,बिनोद जसपुरियार,प्राण मित्तल,राजेश झुनझुनवाला,अनंतधीश अमन,उदय पांडेय,संजू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह आदि बैठक में शामिल हुए।

### सांसद अभय कुशवाहा ने शहीद जगदेव प्रसाद को दी श्रद्धांजली

गया ।सीताराम वाटिका बनियापुर छपरा में भारत लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद के 50वीं मासिक शहादत दिवस पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया है।जिसका अध्यक्षता नवल किशोर कुशवाहा और मंच संचालन अरुण दास मुखिया ने किया है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन अभय कुश-वाहा नेता संसदीय दल लोकसभा सह औरंगाबाद सांसद, सुरेन्द्र राम पूर्व मंत्री सह विधायक, फतेहबहादुर विधायक, अजय पासवान पूर्व विधायक एवं सुनील कुमार राय जिलाध्यक्ष राजद सारण , कुंडल वर्मा , राजेश कुमार शर्मा , बबलू गुप्ता, रेखा कुशवाहा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया

### सीएम प्रखण्ड परिवहन योजना के लाभुकों को चयन पत्र किया वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत कुल 12 लाभुकों को चयन पत्र का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी, अरवल द्वारा चयनित लाभुकों को ससमय बस क्रय करने हेतु निदेश दिया गया तथा जिला परिवहन पदाधिकारी, अरवल को निदेश दिया गया कि बस क्रय करने के उपरांत चयनित लाभुकों से सभी संबंधित दस्तावेज प्राप्त करते हुए अनुदान की राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# बिहार सरस मेला के 5वें दिन तक एक करोड़ 68 लाख 53 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों का हुआ व्यवसाय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। सदियों पुरानी हस्तशिल्प, लोक कला, संस्कृति, परंपरा एवं देशी स्वाद के प्रति आम से लेकर खास लोग और बच्चों से लेकर बुजुर्गों के बीच बिहार सरस मेला में देखते ही बन रहा है ' बड़ी संख्या में लोग सरस मेला में आ रहे हैं और अपने देश के विभिन्न प्रदेशों के शिल्प, कला, संस्कृति से परिचित ही रहे हैं ' वहीँ बुजुर्ग अपने जमाने के शिल्प और स्वाद को पुन : पुनर्जीवित होते देख भाव- बिभोर हो रहे हैं '

सरस मेला के आयोजन के 5 वें दिन तक 1 करोड़ 68 लाख 53 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों का व्यवसाय हुआ है '

**5 दिन में अनुमानतः 1 लाख 88 हजार लोग आये**

ग्रामीण शिल्प और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बिहार स-रस मेला बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका द्वारा 18 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित है ' सरस मेला का आयोजन देश के स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिला शिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पाद हस्त शिल्प एवं लोक कलाकृतियों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए किया जाता है '

सरस मेला में ग्रामीण परिवेश की महिला उद्यमियों द्वारा सिली गई खादी, सिल्क, मटका, कॉटन, कोशा आदि से बनी साड़ियाँ, सलवार, सूट , नाइटी, फुलकारी, चिकेन कारी जैसे परिधानों की खरीददारी बड़े पैमाने पर हो रही है ' वहीँ घर सजाने के लिए हस्तशिल्प, कालीन, रग्स, आराम कु-र्सी, लैम्प, झूमर, तोरण , कृत्रिम फूल और गमले की भी खरीद -बिक्री जारी है ' बच्चों के खिलौने लट्टू, घिरनी, डमरू, किट-किट, योयो ,डुगडुगी चकरी और नेम प्लेट बड़ी संख्या में बिक रहे हैं ' गर्म कपडे, सूट , स्वेटर , शाल, शूट और स्टॉल भी आकर्षण के खास केंद्र हैं ' जीविका दीदी की रसोई समेत अन्य व्यंजनों के स्टॉल पर आगंतुकों देशी व्यंजनों का स्वाद लेते हुए घर के लिए भी विभिन्न प्रकार के अचार, पापड़, दनवरी, अदवरी, सत्तू, मखाना, कतरनी चावल, चुड़ा और गुड़ का रवा जैसे देशी व्यंजन ले जा रहे हैं ' प्राकृतिक सूखे फूल, बोनसाई, सेकुलुन ऑक्सीजन, जैविक रस हल्दी और पर्यावरण को शुद्ध रखने वाले पौधे भी आगंतुकों को खूब लुभा रहे हैं ' गर्म कपड़ों , हस्तशिल्प एवं बेंत-बॉस आदि से उत्पादों के निर्माण का जीवन प्रदर्शन भी किया जा रहा है । स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने वाले लोगों के लिए भी मेला खास है ' किशोरियों एवं महिलाओं के लिए मायारा सेनेटरी पैड भी बिक्री हो रही है ' यह पैड पवार्वारण अनुकूल, प्राकृतिक सामग्रियों से निर्मित, रसायन मुक्त एवं त्वचा के लिए सुरक्षित है और जीविका दीदियों द्वारा ही निर्मित है ' बच्चों के लिए पौष्टिक एवं स्वास्थ्य वर्धक पोषाहार की भी बिक्री हो रही है ' पाचन तंत्र को दुरुश्त रखने वाले अलग-अलग फ्लेवर के पाचक की भी मांग खूब है ' दही बड़ा का लुत्फ लोग खूब ले रहे हैं ' वहीँ हरियाणा के सोनीपत जिला से आई श्रीमती राजकुमारी देवी बिलौना पद्धति से बनी शुद्ध घी लेकर आई हैं ' शुद्ध घी की खूब बिक्री हो रही है ' इसके साथ ही वो अचार, सहजन का शहद, आवंला का मुरब्बा, चुकंदर जैम और चटनी लेकर आई हैं ' इनके द्वारा निर्मित एलोवेरा की मिठाई और आंवला की मिठाई की बड़ी मांग है ' अब तक दोनों के सौ से ज्यादा पौकेट बिक्री कर चुकी हैं ।

## पितृपक्ष मेला में महिला पुलिस द्वारा महिला पत्रकार की हुई पिटाई

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।गया मे जहां देश विदेश से लोग अपने परिवार को पिंडदान करने आ रहे हैं उसके न्यूज कवरेज एवं बिहार का नाम रोशन हो इसकी चाहत लेकर एक महिला विकास मंच एवं रिपोर्टर सह केमरा मेन को चार दिन से फल्गु नदी के किनारे बने पंडाल में महिला पुलिस और पुलिस के द्वारा शोषण उत्पीड़न किया जा रहा है। कोई भुखमरी के साथ प्रशासन की खबर अखबार में निकालती हो उसे ही गया पुलिस चोर बनाकर उसे अपने दिव्यांग पति और बच्ची पर भी तरस नही आ रही है और बिहार सरकार इस कार्यक्रम को अच्छा समझ रही है कुशिनगर से आए पिंडदान महिला ने मिडिया को बताया कि यह महिला अपने दिव्याग पति और बच्चों के लिए मिडिया से इतना नही मिलता है और सरकार और सि ओ नगर द्वारा कोई भी मदत नहीं और नही सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा ईनके पती ब्यूरो प्रमुख को कोई मदत किया गया तभी यह अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सेवा भाव से आ रही है वही लखनऊ से आयी महिला यात्री ने आज की घटनाएं के बारे में बताया कि महिला मिडिया को पुलिस महिला द्वारा गला दवाया जा रहा था और महिलाओ के मना करने के बाद भी महिला मिडिया को उसके भरण पोषण के थाली को फेक दिया गया लखनऊ से आई महिला प्रधानमंत्री कार्यालय मे काम कर चुकी हैं जो इनके पती दिव्याग जो ब्यूरो प्रमुख दिल्ली,गया, पटना के बारे में पुरी अच्छी तरह से जानते हैं लोग राष्ट्रीय महिला आयोग मे मिडिया और आइपीआरडी मंत्री के मिडिया प्रभारी भी ईनक पती रहे हैं तभी महिला पुलिस को आई कार्ड दिखाने के बाद भी बदसलूकी करने से कैसा मेसेज जाएगा यह गया पुलिस को सोचनी होगी।

# जिलाधिकारी द्वारा पिंडदानीयों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया पितृपक्ष मेला 2024 दिनांक 17 सितंबर से प्रारंभ है। आज से लगातार अगले 3 दिनों तक देवघाट एव सीताकुंड में पिंड दान करने का परंपरा है, जिसके चलते सीताकुंड एव देवघाट में काफी भीड़ देखी जा रही है। इसी कड़ी में डीएम गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम ने मानपुर पूल होते हुए नए पाथवे विष्णुपद पर जाकर भीड़ का जायजा लिया गया है। पिंडदानियों से व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी भी लेते रहे हैं। कहीं कोई कमी तो नही, कोई समस्या तो नही, कोई सहायता की आवश्यकता इत्यादि की जानकारी लेते रहे हैं। इसके बाद शमशान घाट होते हुए मंदिर के बाहर एव मंदिर के अंदर काफी भीड़ को देख मंदिर गर्व गृह, सोलह वेदी, मंदिर के निकास द्वार मंदिर के एंट्रेंस गेट आदि में क्रा-उड कंट्रोल हेतु स्वयं उपस्थित रहकर मूवमेंट करवाते रहें हैं। पिंडदानियों को कतार में एंट्री, मंदिर दर्शन आदि करवाते रहे। जहां कहीं एक जगह भीड़ का मूवमेंट चौक हो जाता, तुरन्त वहां उस पॉइंट पर पहुच कर भीड़ को मूवमेंट करवाते रहे। डीएम में हेल्थकेयर में मौजूद चिकित्सकों की टीम को निर्देश दिया कि यह इस जगह पर हेल्थ कैंप काफी महत्वपूर्ण बिंदु है।पूरी तात्पर्य से पिंडदानियों का इलाज करावे। दवा की पूरी उपलब्धता रखें। डीएम ने 16 वेदी के समीप एक अतिरिक्त मेडिकल पदाधिकारी को यात्रियों के मदद के लिये लगाया है।ताकि क्विक रेस्पांस मिल सके। इसके अलावा सोलह वेदी और मंदिर गर्व गृह में अधिक भीड़ को देखते हुए जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार भीड़ को मूवमेंट करवाते रहे हैं। मंदिर गर्वगृह एवं सोलह वेदी के समीप क्राउड कंट्रोल काफी चैलेंजिंग रहता है, जिसे काफी अच्छे से पदाधिकारी द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।इसके बाद डीएम संवाद सदन समिति से चांद चौरा तक पैदल जाते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते रहे की लोगों को कतार में मंदिर भेजते रहें कहीं भी भीड़ चौक करके नहीं रखें। डीएम ने ई-रिक्सा परिचालन को और दुरुस्त करवाने को कहा है।

## बिजली सस्ती, दवा-पढ़ाई मुफ्त हो: सुबोध यादव

- **प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ दो दिवसीय भूख हड़ताल व धरना कार्यक्रम में शामिल हुए उपभोक्ता**

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर के द्वारा हो रहे आर्थिक धांधली के खिलाफ बिजली उपभोक्ता संघ अरवल के द्वारा सदर प्रखंड के समीप दो दिवसीय भूख-हड़ताल व धरना कार्यक्रम की शुरूआत हुई`आंदोलन के समर्थन में पूरे जिले से हजारों पीड़ित उपभोक्ता शामिल हुए` सामाजिक न्याय आंदोलन के कार्यकर्ता सुबोध यादव ने कहा कि चार सूत्रीय मांग पत्र में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर की बाध्यता खत्म करो, नाकारात्मक बिजली बिल पूरी तरह समाप्त किया जाए तथा संबंधित गड़बड़ियों को ठीक किया जाए.सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री करो,गांव -मुहल्लो में खंभे दुरुस्त करते हुए कवर तार का बंदोबस्त हो ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेभूख-हड़ताल व धरना सभा की अध्यक्षता करते हुए रामेश्वर चौधरी ने कहा कि जिले के वरिय पदाधिकारियों के कार्यालय व आवास पर स्मार्ट बिजली मीटर क्यों नहीं लगा है, सभा को संबोधित करते हुए सुबोध यादव ने कहा कि सरकार के तरफ से 15 नवंबर तक सरकारी कार्यालयों और सरकारी अधिकारियों के आवास पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना सुनिश्चित करने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकारी संस्थाओं में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना है तो लगाये लेकिन बिहार की गरीब जनता स्मार्ट मीटर को खारिज करती है.स्मार्ट मीटर एकदम स्वीकार नहीं है ।

इसआंदोलन में भाकपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव,जिला पार्षद शाह शाद, रविन्द्र यादव ,नंद किशोर ठाकुर, पूर्व मुखिया रामकुमार सिंह ,सोएब आलम ,राजद नता सबा करीम ,श्लोक कुमार,पवन कुशवाहा ,शिक्षक विकास कुमार , जनार्दन यादव, रीतेश कुमार, अविनाश कुमार मोनु के अलावे दर्जनों वक्ताओं ने पुरजोर समर्थन जताते और अपनी बात रखा ,भूख-हड़ताल पर बैठे सामाजिक न्याय कार्यकर्ता सुबोध यादव के साथ आंदोलन में साथ निभाने के लिए मंगलवार को भी भारी संख्या में लोग शिरकत करेंगें

## हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर के सातवें दिन नीरज पाठक के समग्र साहित्य पर संवाद

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के सातवें दिन औरंगाबाद जिले के संडा डेहरी गांव के नीरज पाठक के समग्र साहित्य पर संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरें-द्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि नीरज पाठक एक छोटे से गांव के निकल कर अपनी रचनाओं को जिला ही नहीं राज्य के बाहर में चर्चा कराई।उनकी रचनाएं बिहार और झारखंड में प्रचलित है।एक शिक्षक के रूप में जीवन यापन करने वाले साहित्यकार नीरज पाठक जी को 2010 में शिक्षा मंत्री शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके दर्जन भर साहित्यिक संसार हिंदी साहित्य की शोभा बढ़ा रहे हैं।छंद से लेकर मकरंद तक उनकी गीतिका संग्रह काफी चर्चित हो चुकी है।गीतिका पंचामृत,फूले विपिन पलास, गीतिका गौरव उनकी प्रसिद्ध रचना है।तो कई पत्रिकाओं में उनके कविता एवं आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। समकालीन जवाबदेही शब्द के चितेरे,गीत गंगोत्री, प्रेम मंजरी इंद्रधनुष,गीता तत्व चिंतन जैसी पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं हिंदी के विकास में मिल के पत्थर साबित हुए हैं।अपनी रचनाओं के माध्यम से पाठकों को संवेदित कर चुके हैं। झा-रखंड की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य भारती के पलामू जिले के संगठन मंत्री हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच संचालन में उन्हें दक्षता प्राप्त है।

## डीटीओ एवं पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था ठिक करने के दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया । विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में यातायात व्यवस्था को लेकर दोपहर में,वरीय पुलिस अधीक्षक , गया ने जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी,कर्मियों के साथ चाँद चौराहा चौक एवं आस-पास के क्षेत्रों में पितृपक्ष मेला 2024 के लिए बनाए गए ट्रैफिक प्लान के अनुपालन की गहन जाँच की गई है। इस दौरान महोदय ने स्वयं काफी देर तक खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप संचालित किया है । और यह सुनिश्चित किया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन हो। इसके साथ ही एस एस पी एवं जिला परिवहन अधिकारी ने वहां उपस्थित पदाधिकारियों को यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा मानपुर के निजी स्कूलों में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।गया जिला में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यन्वयम मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का उपलक्ष में 14 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक सेवा पखव-ाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मानपुर प्रखंड स्थित यूनिक इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के छात्रों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम टेक नारायण प्रसाद प्रभारी,वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोशन लाल साहू उप महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय पटना एवं उक्त स्कूल के निदेशक हितेंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया है। उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने सभा में उपस्थित लोग एवं स्कूली छात्रों को इस मिशन से जोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने पारिस्थितिक प्रारूप से सुरक्षित और अस्थाई स्वच्छता के लिए प्रभावी और प्रयुक्त तकनीकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

स्कूल के विद्यार्थियों के बीच प्रिंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।आज के स्वच्छता है सेवा 2024 के कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्क-ार, वर्षा कुमारी द्वितीय पुरस्कार, नेहा कुमारी तृतीय पुरस्कार, इशांत कुमार को दिया गया है। इस प्रतियोगिता में कुमार इंद्रजीत वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी पटना, रोशन कुमार वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी गया, कनिष्क संख्याकी आधिकारिक अमित कुमार बरनवाल, सूरज कुमार, रवि कुमार, सौरभ कुमार, कार्यालय सहायक विपिन कुमार, एवं सर्वेक्षक पर्यवेक्षक रंजीत एवं अनूप कौशल साथ ही आज स्कूल के निदेशक हितेंद्र प्रसाद, शिक्षक, शिक्ष-ीका, छात्र मौजूद रहे हैं।

## गया कॉलेज गया में शोक सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। कॉलेज गया में आज मनोविज्ञान विभाग भूत पूर्व अध्यक्ष प्रो राधे मोहन प्रसाद सिंह के निधन उपरांत शोक सभा के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि दुख की इस घडी मे ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करे। वे समय परायण एवं कर्तव्य परायण व्यक्ति थे। विभाग के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अत्यंत साराहनिय र-हा है।अपने कार्यकाल में उन्होंने पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से अपने विभागिये जीम्मेवारीयों का निर्वाह किया है। मनोविज्ञान के क्षेत्र मे उनकी ख्याति संपूर्ण भारतवर्ष मे थी।वे एक सफल शिक्षा के साथ साथ एक कुशल मानोवैज्ञानीक भी थे। उन्होंने १९८० से १९९३ तक गया कॉलेज गया मे अपनी सेवाएँ दी।मौके शिक्षक संघ के अद्यक्षय डा रविंद्र पाठक सचिव डा रामदेव प्रसाद शिक्षकेतर संघ के अद्यक्षय मनीष प्रताप सिंह सचिव संतोष सिंह सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न विभागों के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

जानकारी जनसंपर्क पधाधिकारी डा धनंजय धीरज ने दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय दुसाध महासंघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर अशोक प्रसाद भारती मनोनीत किये गये



प्रातः किरण संवाददाता

गया।अशोक प्रसाद भारती ग्राम हरियो जिला गया के निवासी को अंतर्राष्ट्रीय दुसाध महासंघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर हेमंत कुमार के द्वारा मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर राष्ट्रीय संगठन सचिव नियुक्त होने पर अशोक प्रसाद भारती को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर हेमंत कुमारने अशोक प्रसाद भारती मनोनीत किए जाने पर दुसाध महासंघ के सदस्यों ने खुशी और गर्व का इजहार किया है।इस अवसर पर अशोक प्रसाद भारती को प्रशंसा करते हुए समाज के लोगों के द्वारा यह नियुक्ति समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनकी नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को दशार्ती है। दुसाध महासंघ के सदस्यों ने कहा कि भारती की निस्वार्थ सेवाएं और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा प्रेरणादायक रही हैं। उनकी अगुवाई में महासंघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद है। महासभा ने यह भी बताया कि भारती के नेतृत्व में संगठन समाज के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा और सभी वर्गों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देगा। सदस्यों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी संजीवनी शक्ति और संघर्षशीलता ने सदैव समाज को आगे बढ़ाने में मदद की है। महासंघ ने एकजुट होक-र अशोक प्रसाद भारती को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। बधाई और शुभकामना देने वालों में मुंद्रिका पासवान, अरुण कुमार रीता पासवान, कमलेश पासवान, रणवीर कुमार ,इंजीनियर संजय माही, विपिन पासवान, अविनाश पासवान ,रवि पासवान, देवराज पासवान, डॉ रश्मि साहित्य उन लोगों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## लखनऊ मंडल के शाहगंज स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के लिए एनआई कार्य हेतु ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद खण्ड के शाहगंज स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग हेतु एनआई कार्य के मद्देनजर कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द/मार्ग परिवर्तन/आंशिक समापन/प्रारंभ कर किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

### परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें

1.आनन्द विहार टर्मिनल से 25 सितम्बर एवं 02 अक्टूबर, 2024 को खुलने वाली 14018 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस ।

2.रक्सौल से 26 सितम्बर एवं 03 अक्टूबर, 2024 को खुलने वाली 14017 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस ।

3.अहमदाबाद से 27 सितम्बर को खुलने वाली 09465 अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती क्लोन स्पेशल।

4.दरभंगा से 30 सितम्बर को खुलने वाली 09466 दरभंगा-अहमदाबाद साबरमती क्लोन स्पेशल ।

### परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें

वाराणसी-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-रायबरेली-लखनऊ के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1.धनबाद से 23 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक खुलने वाली गाड़ी सं. 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस ।

2.फिरोजपुर से 23 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक खुलने वाली गाड़ी सं. 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस ।

3.हावड़ा से 23 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक खुलने वाली गाड़ी सं. 13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस ।

4.योगनगरी ऋषिकेश से 23 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक खुलने वाली गाड़ी सं. 13010 योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस ।

### लखनऊ-सुलतानपुर-जफराबाद के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें

5.कोटा से 26, 27, 29 सितम्बर एवं 03 तथा 04 अक्टूबर को खुलने वाली गाड़ी सं. 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस ।

6.मालदा टाउन से 24, 25, 27, 29 सितम्बर एवं 01, 02 तथा 04 अक्टूबर को खुलने वाली गाड़ी सं. 13483 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस ।

7.दिल्ली से 24, 26, 27, 29 सितम्बर एवं 01, 03 तथा 04 अक्टूबर को खुलने वाली गाड़ी सं. 13484 दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस ।

8.गुवाहाटी से 23 एवं 30 सितम्बर को खुलने वाली गाड़ी सं. 15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस ।

9.कामाख्या से 25 सितम्बर एवं 02 अक्टूबर को खुलने वाली गाड़ी सं. 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस ।

10.अमृतसर से 27 सितम्बर एवं 04 अक्टूबर, 2024 को खुलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस ।

11.इंदौर से 28 सितम्बर 2024 को खुलने वाली 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस ।

12.टाटानगर से 23, 25, एवं 30 सितम्बर तथा 02 अक्टूबर, 2024 को खुलने वाली 18103 टाटा-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस

### जफराबाद-सुलतानपुर-अयोध्या कैंट के रास्ते चलाई जाने वाली ट्रेन

पटना जं. से 24, 25, 26, 28, 29, 30 सितम्बर एवं 01, 02, 03, 05 अक्टूबर, 2024 को खुलने वाली 22345 पटना जं.-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ।वहीप छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाने वाली ट्रेनें में जयनगर से 24, 27, 29 सितम्बर है ।

## अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में भारत के अंतिम हिंदू सम्राट का विजयोत्सव समारोह 13 अक्टूबर को, तैयारी बैठक संपन्न




प्रातः किरण संवाददाता

गया ।भारत के आखिरी हिन्दू सम्राट महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू शाह की विजयोत्सव दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी हेमू विजयोत्सव समारोह का आयोजन आगामी 13 अक्टूबर को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में मोतिहारी के विशाल विवाह भवन के प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु रविवार को देर शाम तक जिला जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता के आवास पर संचालित कार्यालय में महासभा के संयोजक देवनारायण गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई है।

इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के विचारोंपरांत दशहरा पूजा के मद्देनजर विजयोत्सव समारोह का आयोजन 7 अक्टूबर के बजाय 13 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया है।

इस बैठक में लिए गए विचारोंपरांत यह तय हुआ कि समारोह में जिला के सभी प्रखंड व पंचायत स्तर तक के रौनियार बंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित लालबाबू प्रसाद, सुमन कुमार उर्फ मांसा जी, मनीष कुमार, प्रमोद गुप्ता, हृदय गुप्ता, बंटी गुप्ता, अशोक सम्राट, रामशंकर प्रसाद उर्फ गुड्डु जी, राजकुमार प्रसाद, गोरखनाथ प्रसाद, विकास प्रसाद रौनियार, वेदप्रकाश गुप्ता, शिवजी प्रसाद, अरविंद गुप्ता, राजू गुप्ता, नारायण प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, रमेश गुप्ता, सु-रेश प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, संजय कुमार, श्यामबाबू प्रसाद, मुकेश कुमार, छोटेलाल प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

वही बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में 7 अक्टूबर 2025 के विजयोत्सव समारोह के पूर्व ही जिला मुख्यालय मोतिहारी में प्रशासनिक सहयोग से जगह चिन्हित कर महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा स्थापित करायी जायेगी।

## रोहतास में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत सेमिनार हुई आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

रोहतास जिले के डेहरी के नील कोठी मुहल्ला स्थित चंद्र राज वा-टिका में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से संबंधित सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमिय कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत आवासीय रूफ टॉप सोलर लगाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी पहुंचाने का अनुरोध किया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा बताया गया कि सोलर लगाने में केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार से लेकर 78000 हजार रुपये तक का सब्सिडी लाभ दिया जा रहा है। जो लाभूको के सीधे खाते में जमा होगी। सोलर से संबंधित जानकारी देने के क्रम में उपस्थित लोगों द्वारा अन्य बिंदुओं की जानकारी ली गई। वहीं डायरेक्टर द्वारा सेमिनार का आयोजन लोगों के बीच जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर रूफ टॉप सोलर लगाकर केंद्रीय सब्सिडी से लाभ लेने का आग्रह किया। मौके पर ई.दिलीप कुमार सिंह, ई.विनय चंचल,ई. सुरेंद्र प्रसाद,शाहिद अख्तर, काली बाबू, दीपक प्रसाद, मुन्ना खान, डॉ.अशोक शर्मा,मो. मुजिबुल हक, अनुज कुमार,विमल प्रसाद, मिथिलेश कुमार,गुप्ता विनोद, भरोदिया,अमल कुमार,अतहर ईमाम सहित कई गण्यमन लोग उपस्थित थे।

# जिले के अधिकारी ऊर्जा, मुस्तैदी एवं निष्ठा के साथ करें कार्य : डीएम

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न
- योजनाएं लंबित नहीं रहें, इसका रखें विशेष ध्यान

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में भूमि विवाद/शनिवारीय जनता दरबार, बायोमेट्रिक एटेंडेंस, प्रधानमंत्री आवास योजना/मनरेगा योजना, नल-जल योजना/सात निश्चय योजना/सीडब्ल्यूजेसी/एमजेसी, लोक शिकायत निवारण, आरटीपीएस, कब्रिस्तान घेराबंदी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, आधार सीडिंग, सीएमआर आपूर्ति, डब्ल्यूपीयू, डीपीआरसी हेतु भूमि की उपलब्धता, मद्य निषेध, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जिले के अधिकारी ऊर्जा एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करते आ रहे हैं। बेहतरीन तरीके से कार्यों को निष्पादित करें। योजनाएं लंबित नहीं रहें, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जिले के विकास की गति को और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ाने के लिए ऊर्जा, मुस्तैदी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऑनगोइंग स्कीम और आगामी स्कीम स्कीम को लेकर तत्पर रहें। समय पर ऑनगाइंग स्कीम पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। राज्यस्तर के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अविलंब अनुपालन करें। साथ ही समय पर प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि पैक्स चुनाव को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट रहें, नजर बनाकर रखेंगे। संबंधित कार्यपालक अभियंता लगातार तटबंधों



की मॉनिटरिंग करते रहेंगे। कटाव की स्थिति में तुरंत सुरक्षात्मक उपाय कराना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि इंडो-नेपाल सड़क परियोजना के तहत भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने में संबंधित एसडीएम, सीओ द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि इंडो-नेपाल सड़क परियोजना को अविलंब पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न विभाग/कार्यालय बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के दौरान सतर्क रहेंगे तथा बंदोबस्त कार्यालय से समन्वय स्थापित कर अपने भूमि का सर्वेक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। शनिवारीय जनता दरबार की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष प्राप्त आवेदनों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही भू-समाधान पोर्टल पर अपडेशन अद्यतन रखें। सही तरीके से प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि समीक्षा के दौरान परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक एटेंडेंस लगाना जरूरी है। इस संदर्भ में सभी कार्यालय प्रधान/आईटी मैनेजर इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का निष्पादन कैम्प मोड में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि मनरेगा योजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप ससमय पूर्ण कराते हुए जिले की रैकिंग में सुधार लाएं। इसके साथ ही जिले में शत-प्रतिशत डब्ल्यूपीयू का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराएं।

आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में 23, 24 एवं 25 सितंबर को सघन अभियान चलाकर सीएससी, पंचायत सरकार भवन में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि एक भी व्यक्ति आयुष्मान कार्ड से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि वैसे राशन कार्डधारी लाभुक जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जाना है।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, जिला बंदोबस्त पदाधिकारीब प्रमोद कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया विनोद कुमार सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा आदि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहें।

## महिला एवं बाल विकास निगम की उड़ान परियोजना के अंतर्गत उन्नमुखिकरण कार्यशाला आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग, यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान परियोजना के अंतर्गत मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभा भवन में बाल संरक्षण उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि, लेडी सुपरवाइजर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस कार्यशाला में मुख्य सहजकर्ता बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन पटना के पीयूष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 05 के अनुसार पूर्वी चंपारण में बाल विवाह का दर 49.2 पर्सेंट है, जो चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के प्रति समुदाय सजग होता तो इतना बड़ा आंकड़ा नही दिखता। श्री पीयूष ने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और बाल व्यापार के रोकथाम हेतु जिला स्तरीय ठोस समन्वय की जरूरत है, ताकि बाल संरक्षण पद्धति को मजबूत एवं सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के उन्मूलन के लिए उचित प्रचार प्रसार किया जाए । इस जागरूकता को व्यापक ढंग से सुदूर गांव के अंतिम व्यक्ति तक ले जाया जाए। बाल विवाह के जागरूकता में समुदाय और अभिभावक की भागीदारी होती है तभी बाल विवाह को रोका जा सकता है। इस अवसर पर श्री पीयूष ने पोक्सो एक्ट, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनो सामाजिक सहायता, बाल एवं किशोर श्रम कानून के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रजा, प्रखंड समन्वयक जितेंद्र कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी श्वेता, रघुवंश कुमार, शिक्षा विभाग से दिलीप कुमार , मुखिया मोहन सहनी, उपेंद्र पासवान ,लेडिज सुपरवाइजर प्रतिमा कुमारी, बिंदु कुमारी, रंजना कुमारी,नूतन कुमारी आदि थी।

## वृद्ध व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विधायक ने किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



तरैया । प्रखंड के रेफरल अस्पताल तरैया में वृद्ध व्यक्तियो के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. एबी शरण की अध्यक्षता में विशेष कैप का आयोजन किया गया।कैप का उद्घाटन सतारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह ने किया। उद्घाटन करते हुए विधायक ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा।23 से 25 सितंबर तक रेफरल अस्पताल में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है।जिसमें 70 वर्ष या उससे अधिक के व्यक्ति के अमीर हो या गरीब हो,राशन कार्ड हो या ना हो उनका आयुष्मान कार्ड बनेगा। विधायक ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के अधिक से अधिक वृद्ध व्यक्तियो का विशेष कैंप में आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाएं।उक्त मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सिंह,अरविंद सिंह,रामाधार सिंह,रणजीत सिंह, सहित रेफरल अस्पताल के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## नगर उपाध्यक्ष का असामयिक निधन हो जाने से नगरवासियों में दौड़ पड़ी शोक की लहर

प्रातः किरण संवाददाता

एकमा । नगर पंचायत एकमा बाजार के उपाध्यक्ष का असामयिक निधन हो जाने से नगर वासियों में शौंक कि लहर दौड़ पड़ी । बताते चले कि नगर पंचायत के हंसराजपुर गांव निवासी बेचू मांझी का 49 वर्षीय पुत्र नगर उपाध्यक्ष राजकुमार मांझी का अचानक तीन दिन पूर्व तबियत अचानक बिगड़ गई जहां परिजनों ने उनकी इलाज हेतु पटना के रूबन अस्पताल में भर्ती कराई थी ।जहां इलाज के दौरान सोमवार के दिन सुबह के 9:00 बजे उनके निधन हो गई निधन की खबर सुनते ही पूरे नगर वासियों में शौंक की लहर दौड़ पड़ी उनकी अंतिम दर्शन करने के लिए लोग ललाई थे । जब शव शाम को 5:30 दरवाजा पर पहुंचा तो देखने के लिए लोगों की तांता लग गई । उनकी मिलनसार स्वभाव के चर्चा हर व्यक्ति की जुबानी पर हो रही थी शव दरवाजे पर पहुंचते हैं पिता बेचू मांझी माता लाल मुनी देवी पत्नी



ी आंगनबाड़ी सेविका शोभा देवी तथा पुत्र राजकुमार व नेहू कुमार भाई रंजीत मांझी संजीत मांझी दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे परिजनों कि चीख पुकार सुनकर पूरा मोहल्ला गमगीन हो गई । सभी की आंखों में आंसू भर आई उनकी अंतिम दाह संस्कार रिविलगंज के सिमरिया घाट पर होगी। उनका निधन हो जाने पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पति दीपक राज वार्ड प्रतिनिधि विजय सिंह राकेश महतो राजु सिंह जयप्रकाश शर्मा शैलेन्द्र सिंह जितेंद्र सिंह समाज सेवी योगेन्द्र शर्मा अजय पंडित छोटे सिंह आदि लोगों ने गहरा दुःख ब्यक्त किया।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति देने के लिए अंतर-विभागीय समन्वय आवश्यक:सीएस

- जिला स्वास्थ्य समन्वय समिति का हुआ उन्मुखरीकरण

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति देने के उद्देश्य से अंतर विभागीय जिला समन्वय समिति का उन्मुखीकरण किया गया। जिसमे सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को समुदाय स्तर तक पहुँचाने में अंतर विभागीय समन्वय बेहद जरूरी है। सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति देने में सहयोग करें। तभी परिवार नियोजन कार्यक्रम के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन की सेवाएं गरीब और वंचित परिवारों तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला स्वास्थ्य समिति में पीएसआई इंडिया के सहयोग से यह बैठक आयोजित किया




गया था। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका और सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च, पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि शामिल थे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन की सेवाओं को उपलब्ध कराना है। परिवार नियोजन में अंतर विभागीय समन्वय व्यापक और प्रभावी देखभाल प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य, समेकित बाल विकास परियोजना, पंचायती राज, जीविका जैसे विभिन्न विभार्गों की सेवाओं को एकीकृत करके, कार्यक्रम परिवार नियोजन के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान कर सकते हैं।

आईसीडीएस विभाग परिवार नियोजन पहलों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और समुदायों के साथ जुड़कर। यहाँ बताया गया है कि विभाग परिवार नियोजन कार्यक्रमों में कैसे योगदान देता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को गृह भ्रमण के दौरान या विभिन्न समुदाय आधारित गतिविधियों यथाः गोदभराई, अन्नप्रासन, वजन दिवस, राशन वितरण आदि, के अवसरों का उपयोग परिवार नियोजन, प्रजनन स्वास्थ्य और गर्भनिरोधक के बारे में शिक्षित करने में कर सकते हैं।

परामर्शः परिवार नियोजन विकल्पों और प्रसवोत्तर गर्भनिरोधक पर व्यक्तिगत और समूह परामर्श प्रदान करें। रेफरलः परिवार नियोजन सेवाओं के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में रेफर करें और फॉलो-अप सुनिश्चित करें। किशोरावस्था फोकसः किशोर लड़कियों को प्रजनन स्वास्थ्य और गर्भावस्था में देरी के महत्व के बारे में शिक्षित करें।जीविका परिवार नियोजन में सहयोग कर सकती हैः पीएसआई इंडिया के एफपीसी राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि जीविका की पहुंच समाज के बहुत बड़े हिस्से तक है विशेषकर महिलाओं के बीच। जीविका आर्थिक रूप से कमजोर परिवौरों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में वह महिला समूहों की बैठकों में स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करती है। इन बैठकों से यदि परिवार नियोजन का मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवम पोषण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर भी चचाएं की जाए तो इसका परिणाम सुखद होगा।

## निकाली गई जागरूकता रैली

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, के विश्वेश्वर दयाल सिन्हा मेमोरियल महिला कॉलेज, छपरा के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई ।रैली प्रारंभ होते समय कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा प्रोफेसर हरीशचंद्र जी भी मौजूद थे। रैली को संबोधित करते हुए प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ रहेगा भारत, तो समृद्ध रहेगा भारत।हम सब की एक मिशाल ,स्वच्छता है हमारी पहचान। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोरंजन कुमार और एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी नवलेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने आस पास साफ सफाई रखने की अपील की। कहा की जब हम स्वच्छ रहेंगे तभी स्वास्थ्य रहेंगे। इस कार्यक्रम में सलोनी ,सिमरन, मनीशा,रिंकी,रचना, अंजलि ा,नेहा,आरती,प्रियंका,गरिमा, संजना ,महिप,मोहन,बिनोद पांडे,आदि ने भाग लिया।

## दिघवारा जनकल्याण समिति की बैठक आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।सामाजिक समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत जनकल्याण समिति की बैठक रविवार को दिघवारा धर्मशाला परिसर में समिति के अध्यक्ष कुणाल सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।जिसमें छपरा या सिवान से पटना जंक्शन तक कार्यालय अवधि को ध्यान में रखते हुए उपयोगी पैसेंजर ट्रेन चलाने की अपनी चिरपरिचित मांग पर चर्चा किया गया।

समिति के सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि अगले एक महीने में रेलवे के सभी संबंधित अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मिलकर इस मांग को एक बार फिर मजबूती से रखा जाएगा।इसके अलावें दिघवारा प्रखंड में बाढ़ की विभीषिका को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत सहित पूरे प्रखंड को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करते हुए अविलंब सरकारी सहायता प्रदान की मांग भी समिति के सदस्यों द्वारा किया गया,साथ ही आने वाले दिनों में पर्व त्योहारों के दरम्यान दिघवारा बाजार में होने वाले भीड़ भाड़ को ध्यान में रखते हुए बाजार को व्यवस्थित तरीके से सुसज्जित करके बाजार को जाम से निजात दिलाने हेतु स्थानीय प्रशासन से मांग किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से संयोजक सुदर्शन ठाकुर,अध्यक्ष कुणाल सिंह,उपाध्यक्ष शिव कुमार गाईं, पूनम सिंह,महासचिव जयशंकर बैठा,सचिव तरुण तिवारी मंसूर आलम,मुकलेश सिंह,संरक्षक रविन्द्र सिंह,अनिल सिंह,अजय सिंह, कोषाध्यक्ष राधिका रमण सिंह,कार्यालय प्रभारी मनोज उज्जैन,मीडिया प्रभारी तनुज सौरभ,के अलावें कार्यसमिति सदस्य डॉ बीके सिन्हा, धनंजय विश्वकर्मा, प्रद्योत मिश्रा आदि उपस्थित थें।

## बाढ़ के पानी मे बच्चे के डूबने की खबर सुनकर परिवार को सांत्वना देने पहुंचे बड़हरा विधायक

- बड़हरा विधायक द्वारा मुख्यमंत्री से वार्ता कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी दी गई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बड़हरा । बड़हरा प्रखंड के बहुत सा गाँव बाढ़ प्रभावित हुआ है। ऐसे समय मे हादसे भी हो रहे है,जिससे जान-माल की क्षति हो रहा है।

एकवना पंचायत के एकवना ग्राम निवासी मिथलेश सिंह के 15 वर्षीय पुत्र कृप कुमार का रविवार को बाढ़ की पानी मे नहाने के दौरान डुबने से मृत्यु होने की खबर सुनकर बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र सिंह मृतक के घर पहुंच कर शोकसंतृप्त परिवार को सांत्वना दिए। उन्होने परिवार को हिम्मत दिलाते हुए दुख की घड़ी मे उनका साथ देने की बात कहे। उन्होने प्रशासन से आपदा राहत कोष से उचित राशी उपलब्ध कराने के लिए कहा।मौके पर मुखिया संजय सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह,संटु सिंह रंजीत गुप्ता सहित अन्य लोग थे। बड़हरा विधायक ने कहा कि बाढ़ के समय उत्पन्न समस्याओं और उसके समाधान हेतु मेरे मुख्यमंत्री जी से फोन पर बात हुई और मुझे आश्वस्त करते हुए भोजपुर जिलाधिकारी को निर्देश दिया।उसके बाद जिलाधिकारी से बात करते हुए क्षेत्र मे हुए फसल नुकसान की भारपायी और अन्य सुविधाओं को बढाने की बात कही गई। जिलाधिकारी से बड़हरा, शाहपुर और आरा के क्षेत्रो को बाढग्रसित क्षेत्र घोषित करने की बात भी कही,जिसे जिलाधिकारी द्वारा कार्यवाई करने की बात कही। मेरे निर्देश से बाढ़ पीडितो के जरूरी सामग्री जैसे प्लाष्टिक सीट जिससे अपने और पशुओं के जानमाल की रक्षा करने मे मदद होगा,उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन उपलब्ध किया जा रहा है और मेडिकल टीम द्वारा दवाइयों की व्यवस्था की जा रही है।आवागमण के लिए नावो की व्यवस्था कर दी गई है।

## अपनी माँगो को लेकर जीविका दीदीयों ने कार्यालय को माँग पत्र सौपा

प्रातः किरण संवाददाता

परसा।बिहार में जीविका दीदी संघ के आह्वान पर 10 सूत्री मांग को लेकर चल रही धरना प्रदर्शन के दौरान सोमबार को परसा के जीविका दीदियों ने बीपीएम को, मांग पत्र सौंपा ।मांग पत्र में जीविका दीदी द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत करने,पहचान पत्र निर्गत करने,मानदेय सिस्टम कंटयूबीशन पर रोक लगाने,सभी कैडर का मानदेय नियमित 25 हजार करने,काम से हटाने के लिए धमकी देने वाले पर कानूनी करवाई करने,कैडर की क्षेत्र भर्मण भाता तीन हजार करने,5 साल पुरानी जीविका दीदी का ऋण माफ करने,परियोजना में तीन साल कार्य करने वाली का प्रमोशन करने,दो लाख का स्वास्थ्य लाभ तथा 5 लाख डेथ क्लेम देने की मांग किया गया है ।मांग पत्र सौपने से पहले हाई स्कूल परसा से जीविका दीदी एकत्रित होकर बैनर तले अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बीपीएम कार्यालय पहुँची ।जहां बीपीएम राजेश कुमार को मांग पत्र सौंपा गया ।इस संबंध में बीपीएम राजेश कुमार ने कहा कि जीविका दीदी की मांग पत्र ले लिया गया है।

## 200 लीटर देशी शराब के साथ 03 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विषेष अभियान चलाया जा रहा है मुफ्फसिल थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि साढ़ा के पास 02 माटरसाईकिल एवं 01 स्कूटी पर तीन व्यक्ति शराब लेकर छपरा की ओर जाने वाला है। उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए साढ़ा के पास पहूँच कर छापामारी प्रारंभ किया। छापामारी के क्रम में कुल- 200 ली0 देशी शराब, स्कूटी-01 एवं मोटरसाईकिल-02 जप्त कर 03 अभियुक्त 1. गुड्डु कुमार, पिता- बिगन मांझी, साकिन- नैनी, थाना- मुफ्फसिल, जिला- सारण 2. पवन कुमार, पिता- सोहन राय, साकिन- साढ़ा, थाना- मुफ्फसिल, जिला- सारण 3. संजय महतो, पिता- पुलिस महतो, साकिन- लोहछा विश्वरपुर पथरा, थाना- डेरनी, जिला- सारण को गिरफ्तार किया। इस संबध में मुफ्फसिल थाना कांड सं0-580/24 दिनांक-22.09.2024 धारा-30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि0 दर्ज किया गया। इस कांड में संलिप्त शराब तस्करों/कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफतार आरोपियों में गुड्डु कुमार, पिता- बिगन मांझी, साकिन- नैनी, थाना- मुफ्फसिल, जिला- सारण। पवन कुमार, पिता- सोहन राय, साकिन- साढ़ा, थाना- मुफ्फसिल, जिला- सारण। संजय महतो, पिता- पुलिस महतो, साकिन- लोहछा विष्वरपुर पथरा, थाना- डेरनी, जिला- सारण के नाम शामिल हैं

जप्त/बरामद सामानों में देशी शराबः- 200 लीटर, मोटरसाईकिल-02, स्कूटी-01 हैं। वहीं आरोपियों को पकड़ने में पु0नि0-सह-थानाध्यक्ष विषाल आनंद मुफ्फसिल थाना, प्र0पु0अ0नि0 चंद्रभान कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## एनएच139 की निर्माण एजेंसी करायेगी सोनपुर रेवाघाट पथ की मरम्मत : राजीव प्रताप रुडी

- निर्माण एजेंसी के साथ जिला प्रशासन ने बैठक कर लिया निर्णय
- एजेंसी द्वारा बांध पथ पर भारी वाहनों के परिचालन का सांसद रुडी ने संज्ञान लिया

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतमाला परियोजना के तहत ठल्ह 139ह की निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेवा बांध पथ का भी क्षतिग्रस्त हिस्से का निर्माण करेगी। सारण क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी आधारभूत संरचनाओं के विकास पर हमेशा से जोर देते रहे है। इससे जुड़ी छोटी से छोटी समस्या पर त्वरित कार्रवाई करते है। इसी संबंध में सांसद को शिकायत प्राप्त हुई थी कि भारतमाला परियोजना के तहत निमार्णाधीन ठल्ह 139ह की निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यस्थल से 8 किलोमीटर दूर सोनपुर-दरिहारा रोड बांध पथ पर शिकारपुर गाँव में अपना मुख्य कैंप स्थापित किया हैं और निर्माण सामग्री वाले भारी वाहनों का परिचालन बांध पथ से कराया जा रहा है जिससे इस बांध पर 8 या 9 किलोमीटर तक क्षतिग्रस्त होने की संभावना अधिक है। शिकायत मिलने पर सांसद ने इसकी जांच करवाई और पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत को पत्र लिखा, साथ ही सांसद ने जिलाधिकारी सारण और कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग से बात की। इसके बाद निर्माण एजेंसी एकलव्या एचएसजी डीकेवाई (जेवी) के साथ बैठक कर यह निर्णय हुआ जिसे निर्माण एजेंसी ने लिखित रूप से दिया है।

श्री रुडी की पहल पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, विभाग के अन्य अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी की निर्माण एजेंसी के साथ एक बैठक हुई जिसमें निर्माण एजेंसी द्वारा यह आश्वस्त किया कि निमार्णा के दौरान उनके द्वारा उपयोग किये जा रहे पथ में कोई समस्या नहीं आयेगी। इसके बाद साढ़े छह किलोमीटर पथ जिसका निर्माण एजेंसी द्वारा एक महीने से डेढ़ महीने तक ही किया जायेगा, कार्य समाप्त होने के बाद पुराने मानकों के अनुरूप इसको सुदृढ़ किया जाएगा। निर्माण एजेंसी द्वारा लिखित रूप से यह देने पर श्री रुडी ने जिला प्रशासन को अपनी सहमति प्रदान की और कहा की सड़क, सुरक्षा और ग्रामीण जनता की सहूलियत किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करने का कहा। उन्होंने कहा कि 22 किलोमीटर के रेवा घाट के इस बांध पथ और के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित हो कि कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। विभागीय अधिकारी परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं।

## मठ चिलावें नयागांव पथ पर चढ़ा बाढ़ का पानी,आवागमन ठप

प्रातः किरण संवाददाता

दरियापुर।मठ चिलावें से नयागांव आने वाली सड़क पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।बता दें कि गंगा व गंडक नदियों का जलस्तर काफी बढ़ जाने से स्लाइड गेटों व नहरों से हरदिया चंवर में पिछले एक सप्ताह से पानी तेजी से गिर रहा है।लगभग पूरा चंवर जलमग्न हो गया है।अब सड़कों पर खतरा मंडराने लगा है।फिलहाल प्रमुख मठ चिलावें नयागांव सड़क पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।पानी करीब छह फीट ऊंचा होकर सड़क से बह रहा है।वाहनों का आवागमन तो दूर लोगों का पैदल भी आना जाना ठप है।इस वजह से मठ चिलावें,अकिलपुर, बजहिया,सामनचक, ढोंगहा आदि दर्जन भर गांवों के लोगों का हाजीपुर,सोनपुर व पटना से संपर्क कट गया है।करीब दस किमी का फेरा लगा कर लोग अन्य रास्तों से इन स्थानों पर आ जा रहें हैं।सबसे बड़ी दिक्कत मठ चिलावें के लोगों को हो गई है। नयागांव से काफी सटे होने के करण ग्रामीण हर जरूरी काम यहीं से करते थे।अधिकतर बच्चे भी नयागांव में ही पढ़ाई करते थे।इनकी पढ़ाई ठप हो गई है। वहीं लोगों को सब्जी व किराना सामान के लिए करीब 12 किमी की दूरी तय करनी होती है।

दरियापुर बाजार आना पर रहा है।

## सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत सभी विधानसभा मे चिकित्सा शिविर का उद्घाटन भाजपा नेताओं द्वारा किया गया

### शिविर मे लोगों की जाँच,चिकित्सीय सलाह और दवाइयां दी गई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन17 सितम्बर से 02 अक्टुबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी सहित सरकारी संस्थानों द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे है।

सोमवार को भोजपुर जिला के सभी सातो विधानसभा मे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उन सभी शिविरो मे भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने बढ चढ कर भाग लेते हुए लोगो को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने मे सहायता की ।सभी विधानसभा मे एक-एक केन्द्र बनाया गया था,जहाँ डॉक्टर की पूरी टीम ने लोगो के रोगो के बारे मे जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दवाईयाँ दी और साथ मे रक्तचाप ओर ब्लड सुगर का भी जाँच किया गया। इस दौरान ग्रामीण जनता द्वारा महती संख्या मे चिकत्सीय लाभ प्राप्त किया गया।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी केन्द्रों के लिए एक-एक प्रभारी बनाया गया था,जिसकी देख-रेख मे शिविर का सफल आयोजन किया गया।

बड़हरा विधानसभा का शिविर बबुरा हाईस्कूल मे लगा था,जिसमे मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेन्द्र



प्रताप सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर का प्रभारी बबुरा मंडल अध्यक्ष रंजीत.गुप्ता थे।

बबुरा चिकित्सा शिविर मे लगभग चार सौ की संख्या मे लोग चिकत्सीय सुविधा का लाभ प्राप्त किया।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगो को रोगो से बचाने के लिए डाक्टरों द्वारा उचित सलाह देते हुए दवाईयां दी गई। उक्त अवसर पर बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को सेवा कार्य के रूप मे मनाया जा रहा है। बाढ़ की समस्याओं से घिरा बड़हरा क्षेत्र मे चिकत्सीय व्यवस्था जरूरी है। वैसे तो सभी जगह मेडिकल टीम बाढ़ पीड़ित रैगियो के लिए काम कर रही है,लेकिध आज विशेष रुप से शिविर का आयोजन कर सभी लोगो की जाँच की गई और डाक्टर टीम द्वारा सलाह और दवाईयाँ दी गई।

आरा विधानसभा मे चंदवा मे आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सहि ने शिविर का उद्घाटन किया ।

तरारी विधानसभा शिविर का आयोजन डाकबंगला करथ मे किया गया,जिसमे बतोर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनील पाडेय ,विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष दुर्गा राज शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की देख रेख मे शिविर आयोजित हुआ।इसी प्रकार शाहपुर मे पूर्व विधायक मुन्नी देवी,जगदीशपुर मे पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुशवाहा, संदेश मे पूर्व विधायक संजय सहि टाइगर, अगिआँव मे रामाकांत चंद्रवंशी आदि मुख्य अतिथि थे। उक्त कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह को प्रभारी बनाया गया,जिनके नेतृत्व मे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नगर पार्षदों के नोकझोक व अप्रत्याशित हंगामे के बीच नगर निगम बोर्ड की बैठक स्थगित

- विभागीय आदेश पर महापौर ने दो हफ्ते पूर्व ही दिया है संसाधनों की उपलब्धता, आवश्यकता एवं आबादी के तुलनात्मक अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। नगर पार्षदगण की आपसी नोकझोक और अप्रत्याशित हंगामे के बीच सोमवार को आयोजित महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में हो रही नगर निगम बोर्ड की बैठक अगले आदेश तक के लिए स्थगित हो गयी। गत बैठक की संपुष्टि के पहले प्रस्ताव के साथ ही नगर भवन के सभागार में शोर शराबा और हंगामा शुरू हो गया। नगर आयुक्त शंभू कुमार भी उक्त बैठक खुद के शामिल नहीं हो पाने को आधार बनाकर उक्त बैठक की कार्रवाई को रद्द करने का दबाव बना रहे थे। इसके जवाब में महापौर ने कहा कि उक्त बैठक के नगर उपायुक्त गोपाल कुमार, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की विधिवत सहभागिता के साथ बैठक की पूरी कार्यवाही नियमानुसार संपन्न की गई थी। इसकी सुलभ पुष्टि के लिए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बैठक की विडियोग्राफी देखने का अनुरोध किया। वही नगर निगम के करीब दर्जन भर पार्षद विभिन्न संसाधनों की खरीदारी की मांग कर रहे थे।तब महापौर ने बताया कि उक्त संदर्भ में विभागीय आदेश के आलोक में विभिन्न उपयोगी संसाधनों की उपलब्धता, जरूरत और आबादी के तुलनात्मक अध्ययन प्रतिवेदन की मांग दो हफ्ते पहले ही नगर आयुक्त से की गई थी। नगर आयुक्त द्वारा इसके लिए कमिटी भी गठित की जा चुकी है। जिसके प्रतिवेदन प्रस्तुत होने पर विभागीय निर्देश लेकर संसाधनों की खरीदारी का निर्णय किया जा सकता है। इस बीच बैठक में शामिल कई नगरपार्षद विगत आठ जनवरी 2024 को संपन्न बैठक में पारित लंबित दो सौ से अधिक योजनाओं पर नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा अब तक अमल नहीं करने का आरोप लगा रहे थे। महापौर श्रीमती सिकारिया की अध्यक्षता में हो रहे सामान्य बोर्ड की बैठक में अप्रत्याशित हंगामा के कारण आज 23 सितंबर की बैठक की स्थगित किए जाने की घोषणा कर के कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दिया गया। महापौर सिकारिया ने बताया कि पार्षद कुणाल राज श्रॉफ, सहमत अली, मोहम्मद एनामुल हक, राजकुमार इत्यादि के द्वारा लगातार बैठकों में हंगामा एवं अवरोध पैदा किया जाता है।

महापौर द्वारा यह भी बताया गया कि वार्ड संख्या 8 पार्षद कुणाल राज श्रॉफ एवं 3 पार्षद सहमत अली सहित 7 वार्डो के नालों की सफाई में कर्मचारियों को भुगतान न देकर जमादारों को लाखो का अवैध भुगतान नगर आयुक्त द्वारा किया गया है।

### यादगार कमबैक पर ऋषभ पंत ने कहा

# मैं नर्वस था लेकिन मुझे खुद को साबित करना था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेपॉक टेस्ट में भारत की शानदार जीत में ऋषभ पंत ने न केवल अपनी बल्लेबाजी से सबका दिल जीता, बल्कि अपनी भावनाओं को भी खुलकर बयां किया। मैच के बाद उन्होंने बताया कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में वापसी करते हुए वह नर्वस महसूस कर रहे थे। लेकिन उनके अंदर खुद को साबित करने की आग धधक रही थी। दिसंबर 2022 में जानलेवा कार एक्सीडेंट का शिकार हुए ऋषभ पंत की टेस्ट क्रिकेट में वापसी शानदार रही। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने 109 रनों की शतकीय पारी खेली। बीसीसीआई ने पंत का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया। इसमें पंत ने कहा, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन मेरे अंदर एक जज्बा और विश्वास था कि मुझे खुद को साबित करना है। पहली पारी में भी उन्होंने 39 रन जोड़े लेकिन वे इससे खुश नहीं दिखे। हालांकि, पंत ने दूसरी पारी में इसकी भरपाई कर दी और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ 167 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

पंत ने दूसरी पारी के दौरान 128 गेंदों का सामना किया और कुल 109 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने 13 चौके और चार गगनचुंबी सिक्सर भी लगाए। उन्होंने कहा, यह शतक मेरे लिए काफी खास है। मुझे चेन्नई में खेलना बहुत पसंद है। चोट के बाद मैं तीनों फॉर्मेट में खेलना चाहता था और यह मेरी वापसी के बाद पहला टेस्ट मैच था। मैं हर दिन इसका आनंद ले रहा हूं। शतक लगाने के बाद अपने जश्न के बारे में बात करते हुए पंत ने कहा, यह भावुक पल था। मैं हर मैच में रन बनाना चाहता हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापस आकर काफी अच्छा महसूस हुआ। मैंने बस बल्लेबाजी का आनंद लिया लेकिन, शतक बनाने के बाद भावुक भी हो गया था। इसके साथ एक बात यह भी है कि मैदान पर मेरी मौजूदगी, हमेशा मुझे खुशी देती है। पंत के विस्फोटक प्रदर्शन और गिल की धैर्यपूर्ण पारी ने भारत की 280 रनों की विशाल जीत की नींव रखी, जिससे वह दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

इस जीत की लय को कायम रखते हुए भारत शुक्रवार से कानपुर में शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को जीतकर श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगा।

# प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन ने इंडिया ए को बनाया दलीप ट्रॉफी चैंपियन



**अनंतपुर, एजेंसी ।** प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन ने तीन-तीन विकेट लेकर इंडिया ए को इंडिया सी पर 132 रनों की शानदार जीत दिलाई और 12 अंकों के साथ दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन तक तीन टीमें खिताब की दौड़ में बनी हुई थीं। इंडिया बी इंडिया डी से हार गई, जिससे इंडिया ए और सी को जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा। मयंक अग्रवाल ने सुबह के सत्र में जल्दी पारी घोषित कर दी, ताकि उनके गेंदबाजों को 10 विकेट लेने का पर्याप्त समय मिल सके और उन्होंने प्रभावी ढंग से इसे अंजाम दिया। इंडिया सी की 350 रनों के लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत खराब रही, जब विजयकुमार वैशाख जल्दी आउट हो गए, जिन्होंने आश्चर्यजनक रूप से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग की। गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की, इससे पहले आकिब खान ने गायकवाड़ को आउट किया। इंडिया सी का मध्यक्रम सुदर्शन का साथ देने में विफल रहा, जिन्होंने नाबाद 111 रन बनाकर बहादुरी से संघर्ष किया, जबकि रजत पाटीदार और अभिषेक पोरेल (जिन्होंने पहली पारी में 82 रन बनाए) सहित छह बल्लेबाज एकल अंकों पर आउट हो गए।

**संक्षिप्त स्कोरः**

इंडिया ए 297 और 286/8 घोषित।(रियान पराग 73, शाश्वत रावत 53; अंशुल कंबोज 2-52) ने इंडिया सी को 234 और 217 (साई सुदर्शन 111, रुतुराज गायकवाड़ 44; तनुश कोटियन 3-47, प्रसिद्ध कृष्णा 3-50, आकिब खान 2-26) को 132 रनों से हराया।

# लियोन अश्विन से बेहतर गेंदबाज हैं, इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान चेपाक में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट मैच का समापन किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने के मामले में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी नाथन लियोन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर के अनुसार जब सर्वश्रेष्ठ स्पिनर की बात आती है तो लियोन अश्विन से आगे हैं। मोंटी पनेसर का मानना है कि लियोन अश्विन से बेहतर गेंदबाज हैं क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में दबदबा बनाया है, जहां स्पिनरों को पिच से मदद नहीं मिलती। हालांकि एशियाई परिस्थितियों में अश्विन के कौशल को देखते हुए मोंटी ने 38 वर्षीय अश्विन को भारत की सतह पर बेहतर गेंदबाज बताया। मोंटी पनेसर ने कहा, मुझे लगता है कि मेरी राय में नाथन लियोन बेहतर गेंदबाज हैं। हां, वह बेहतर गेंदबाज हैं। लेकिन मुझे लगता है कि भारत में अश्विन बेहतर गेंदबाज हैं। आधुनिक युग में अश्विन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध ऑफ स्पिनर नाथन लियोन हैं। दोनों अनुभवी स्पिनरों ने गेंद के साथ अपनी अविश्वसनीय शिल्प कौशल के लिए प्रतिष्ठा बनाई है। लियोन ने 129 मैचों में 30.28 की औसत से 530 टेस्ट विकेट लिए हैं, जबकि आर अश्विन ने 101 मैचों में 23.70 की औसत से 522 टेस्ट विकेट लिए हैं। पनेसर बताते हैं कि अश्विन की बल्लेबाजी करने की क्षमता उन्हें बल्लेबाज की तरह सोचने में मदद करती है, जिससे उन्हें विपक्ष का फायदा उठाने में मदद मिलती है और यह उनका सबसे बड़ा फायदा है।



पनेसर ने कहा, मुझे लगता है कि जब वह गेंदबाजी करते हैं तो वह बल्लेबाज की तरह सोचते हैं। वह कमजोरी को पहचानने में सक्षम हैं और उसका फायदा उठा सकते हैं, और यही उनका सबसे बड़ा फायदा है। जब वह गेंदबाजी करते हैं तो वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करते हैं, उन्हें पता होता है कि बल्लेबाज क्या सोच रहे हैं। पनेसर को लगता है कि अश्विन इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट क्रिकेट सेट-अप में फिट नहीं होंगे। उनका कहना है कि इंग्लैंड की प्रयोग करने की जरूरत 38 वर्षीय अश्विन के लिए थ्री लॉयन्स सेट-अप में जगह नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा, वे ज़्यादा प्रयोग करते हैं। अगर अश्विन अभी अंग्रेज होते, तो वे उन्हें संन्यास लेने के लिए कह देते क्योंकि वे ऐसे युवाओं को लाना चाहते हैं जिनमें खेलने की क्षमता है। लेकिन मुझे लगता है कि इंग्लैंड ज़्यादा प्रयोग करता है और उन्हें प्रयोग करना पसंद है।

# शतरंज ओलंपियाड में मिली ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को सराहा, आनंद ने भी दी बधाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरुष और महिला शतरंज टीमों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। भारत ने रविवार को इतिहास रचते हुए पुरुष और महिला टीम वर्ग में खिताब जीते थे। यह पहली बार था जब भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।





**भारत ने रचा था इतिहास** – भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। पुरुष टीम ने 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया और महिला टीम ने अजरबैजान को इसी अंतर से हराया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत के लिए ऐतिहासिक जीत। हमारे दल ने 45वां फिड शतरंज ओलंपियाड जीता। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में ओपन और महिला वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला और पुरुष शतरंज टीमों को बधाई। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। यह सफलता शतरंज की आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

**टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय पुरुष टीम**

डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानंद, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की पुरुष टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और कुल 22 में से 21 अंक हासिल किए। पुरुषों में अमेरिका ने रजत और उज्बेकिस्तान ने कांस्य जीता। डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने 19 अंक हासिल किए। कजाकिस्तान को रजत और अमेरिका को कांस्य मिला भारतीय खिलाड़ियों का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी शानदार रहा। इससे पहले 2014 और 2022 में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य और महिलाओं ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

**विश्वनाथन आनंद भी टीम की सफलता से हुए खुश** – दिग्गज खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भी शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पुरुष और महिला टीमों को बधाई देते हुए इसे हैरतअंगेज खेल का नतीजा बताया। आनंद ने एक्स पर लिखा, भारतीय पुरुष टीम को ओलंपियाड में एक दौर शेष रहते हुए जीत दर्ज करने पर बधाई। ऐतिहासिक प्रदर्शन। निश्चित तौर पर हैरतअंगेज खेल। डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी को व्यक्तिगत सफलता के लिए बधाई। भारतीय महिला टीम को भी बधाई। पूरी टीम और कप्तान अभिजीत कुंटे ने शानदार परिणाम हासिल किया। विशेष रूप से दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई।

# रविंद्र जडेजा कानपुर में दूसरे टेस्ट में एक विकेट लेते ही रचेंगे इतिहास

### बनेंगे ऐसा करने वाले पहले भारतीय लेफ्ट आर्म स्पिनर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई टेस्ट मैच में 280 रन के बड़े अंतर से हरा दिया और इस मैच में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने भी गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। जडेजा ने पहली पारी में अश्विन का बेहतरीन साथ निभाया और टीम के लिए 86 रन की अहम पारी खेली जिससे टीम का स्कोर बेहतर स्थिति में पहुंचा। वहीं पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 3 विकेट निकाले।

चेन्नई फतह करने के बाद अब बारी कानपुर की है जहां दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से खेला जाएगा। पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भी अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है और कानपुर मैच अगर भारत जीत जाता है तो वो और बेहतरीन स्थिति में पहुंच जाएगा। कानपुर की स्पिन पिच पर जडेजा एक बड़े रिकॉर्ड को भी अपने नाम करने के बेहद करीब हैं।

**एक विकेट लेते ही जडेजा रचेंगे इतिहास**

कानपुर टेस्ट मैच में रविंद्र जडेजा एक विकेट लेते ही इतिहास रच देंगे। दरअसल टेस्ट प्रारूप में रविंद्र जडेजा के 299 विकेट हो चुके हैं और एक विकेट लेते ही वो अपने 300 विकेट भी पूरे कर लेंगे। यही नहीं वो टेस्ट प्रारूप में भारत की तरफ से 300 विकेट लेने वाले पहले लेफ्ट आर्म स्पिनर बन जाएंगे। इसके अलावा वो भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले ओवरऑल 7वें भारतीय खिलाड़ी भी बन जाएंगे।

# टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए श्रेयस अय्यर फिर देंगे 'अग्नि परीक्षा', यह ऑलराउंडर भी चयनकर्ताओं की नजरों में आना चाहेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर को मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच आगामी ईरानी कप मैच में खेलते देखा जा सकता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन) ने 1 से 5 अक्टूबर तक लखनऊ में होने वाले वार्षिक मैच के लिए अभी तक अपनी पूरी टीम की घोषणा नहीं की है। मंगलवार (23 सितंबर) को टीम की घोषणा हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल की शुरुआत में पिछले सीजन में मुंबई को रिकॉर्ड 42वीं रणजी ट्रॉफी जीत दिलाने वाले कप्तान अजिंक्य रहाणे का टीम की अगुआई करना तय है। शार्दुल की उपलब्धता मुंबई के लिए अच्छी खबर है। इससे उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग मजबूत होगा।



**दलीप ट्रॉफी में खेले अय्यर** – जून में टखने की सर्जरी के बाद से भारत का यह ऑलराउंडर मैदान से बाहर है। उन्होंने हाल ही में केएससीए टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एमसीए के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार शार्दुल ने पांच दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध कराया है। अय्यर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच श्रीलंका के खिलाफ वनडे में खेला था। उन्होंने हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी में इंडिया डी की कप्तानी की थी। दलीप ट्रॉफी में फेल रहने के बाद श्रेयस की निगाहें ईरानी कप में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टेस्ट में वापसी पर होगी। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। अब भारतीय टीम के पास मिडिल ऑर्डर में काफी विकल्प हैं, ऐसे में अय्यर को वापसी के लिए खूब रन बनाने होंगे। विराट कोहली, केएल राहुल और सरफराज अहमद के रहते उनकी वापसी मुश्किल दिखाई देती है।

**भारतीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करना चाहेंगे शार्दुल** – शार्दुल ठाकुर आखिरी बार भारत के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर दिसंबर 2023 में खेले थे। अब उनकी निगाहें ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते भारतीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करने पर होगी। शार्दुल ने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह विदेश में लोअर ऑर्डर में अच्छे ऑलराउंडर साबित हुए हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में अंजिक्य रहाणे के साथ मिलकर भारतीय टीम को संभाला था।

# साहिल पारेख का शतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया



**पुड्डुचेरी, एजेंसी।** साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हैरी होकेस्ट्रा को एक विकेट मिला। इससे पहले गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 176 रन पर ढ़ेर कर दिया हैं। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मोहम्मद एनान ने सलामी बल्लेबाज एलेक्स ली यंग (19) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। दूसरे ओपनर रिले किंग्सेल (15) को मोहम्मद अमान ने रनआउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाद के आगे ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक टिक नहीं सका और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। ओलीवर पीके (15), जैक कट्रेन (17) रन बनाकर आउट हुए। एडिसन शेरिफ ने टीम के लिये सर्वाधिक (39) रनों की पारी खेली। क्रिश्चिन होवे (28), लिंकन हॉब्स (16), हेडन शिलर (2), विश्व रामकुमार (6) और हैरी होकेस्ट्रा (9) रन बनाकर आउट हुए।

# पहली बार ओलंपिक से खाली हाथ लौटीं पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश; 29 साल की उम्र में रिटायरमेंट नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीवी सिंधु भारत की उन चुनिंदा एथलीट्स में शामिल हैं जिन्होंने देश के लिए ओलंपिक में दो मेडल जीते हैं। सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडल और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। सिंधु ने हार नहीं मानी है वह अब वापसी के लिए नए कोच की तलाश में हैं।

**बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटीं पीवी सिंधु**– सिंधु 29 साल की हो चुकी हैं। लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक उनकी उम्र 33 हो चुकी होगी। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल लाना आसान नहीं है। सिंधु का अगला ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि उनका अगला लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच चाहती हैं और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटने का फैसला किया है।

**अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी सिंधु**



– पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्सप्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। उन्होंने कहा, 'सिंधु ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम लौट आई हैं। अभी कोई कैंप नहीं चल रहे हैं इसलिए हैदराबाद में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह सीजन की शुरुआत अर्कटिक ओपन से करेंगी।'

**फिनलैंड जाकर सीजन शुरू करेंगी पीवी सिंधु** – अनूप पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन को भी ट्रेन कर चुके हैं। वह यूरोप में होने वाले टूर्नामेंट्स के लिए सिंधु को ट्रेन करेंगे। रमन ने कहा, 'सिंधु के कोच अगस का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो रहा है। हम श्रीधर के साथ नई पार्टनरशिप कर रहे हैं। 4-5 महीने में देखेंगे कि क्या होता है। अनूप हैदराबाद में सिंधु के साथ ट्रेनिंग करेंगे और फिर उसके साथ अर्कटिक ओपन के लिए फिनलैंड जाएंगे।' अनूप श्रीधर के अलावा पीवी सिंधु विकल्प के तौर पर पूर्व कोरियन कोच पार्क टे सांग को भी देख रही हैं। पार्क को लेकर रमन ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि किसी झगड़े के बाद पार्क और सिंधु अलग हो गए हैं। हमें बस ऐसा लगा कि चीजें ठीक नहीं जा रही हैं और परिणाम नहीं मिल रहा है। सिंधु तब खेलेंगे जब तक वह चोटिल नहीं होंगी।'

**रमन ने कहा– सिंधु को कुछ साबित नहीं करना है** – पीवी सिंधु फिलहाल हैदराबाद के स्टेडियम में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। वह अगले दो महीने टूर्नामेंट्स के लिए सफर कर रही होंगी। यूरोप में टूर्नामेंट के बाद कोरिया, कुमामोटो और चाइना मास्टर्स में हिस्सा लेंगी। सिंधु ने बीते काफी समय से कोई खिताब नहीं जीता था। हालांकि वह जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए सब कुछ करने को तैयार है। सिंधु के पिता ने कहा, 'सिंधु को कुछ साबित नहीं करना है। हालांकि उसे लगता है कि वह एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले हैं।'

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### सुक्खू सरकार कर्ज लेकर सोनिया गांधी को दे देती है, कंगना का बड़ा आरोप

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कंगना ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खोखला हो गया है। शिमला के एक गांव में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी चुनावों पर इतना खर्च कैसे करती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कंगना ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं, जिससे राज्य खोखला हो गया है। रनौत ने कहा कि आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हम आपदा निधि देते हैं, तो इसे सीएम राहत कोष में जाना चाहिए, लेकिन हर कोई जानता है कि यह सोनिया राहत कोष में जाता है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए कंगना ने कहा, राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने क्षेत्र के लिए जितना संभव हो सके उतना करूंगी, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री को भी कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है तो भाजपा को लाना है। उन्होंने लोगों से भाजपा के अभियान में बड़ी संख्या में भाग लेने और पार्टी का सदस्य बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष हैं और वे सूक्ष्म स्तर पर स्थितियों से निपटते हैं।

### गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अनिल विज



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृमंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो कांग्रेस कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार उनके प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता बातें करने वालों को नहीं चाहती बल्कि जनता अपने विश्वास के प्रति काम करने वाले लोगों को चाहती है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का अंबाला छावनी का चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों का चुनाव है और हमने काम करके दिखाया है। अंबाला के गांव गरनाला में किसानों का विरोध देखने को मिला के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसानों का विरोध नहीं है यह तो अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो इनका कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी बहुत गुंडागर्दी हुई है और लोगों की दुकानों, मकान पर कब्जे हुए हैं तथा कत्ल भी हुए हैं आप सभी को पता है। उन्होंने कहा कि अपनी हार को देखकर इस प्रकार से यह गुंडागर्दी कर रहे हैं जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे देश में प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण कहने का हक है।

उन्होंने कहा कि वहां पर गांव का सरपंच भी खड़ा था जिसे मैं जानता हूं वह खुद काले झंडे लेकर खड़ा हुआ था, जिसको हमने हराया हुआ है। इस बारे में मैंने चुनाव आयोग, डीजीपी हरियाणा, एसपी अंबाला, डीसी अंबाला को और रिटर्निंग अधिकारी जो अंबाला के एसडीएम है उनको संदेश मैसेज भेज दिया है।

# त्रिपुरा में कांग्रेस विधायक को एमएलए हॉस्टल खाली करने का नोटिस

## पार्टी बोली- राजनीति हो रही है



**अगरतला , एजेंसी।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सुदीप राय बर्मन को त्रिपुरा विधानसभा द्वारा डेवलपमेंट से जुड़े कामों का हवाला देते हुए एख महीने के भीतर आवंटित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और विधायक को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारे विधायक सुदीप रॉय बर्मन को हॉस्टल खाली करने का नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण मंत्री देबबर्मा पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था। साहा ने कहा कि केवल सच बोलने से उन्हें रोकने के लिए उनको यह नोटिस दिया जा रहा है।

त्रिपुरा विधानसभा कि तरफ से 20 सितंबर को सुदीप रॉय बर्मन को नोटिस देते हुए कहा गया था कि उन्हें अगले महीने तक अगरतला के बुद्धमंदिर में उनको आवंटित किया गया क्वार्टर खाली करना होगा, क्योंकि वहां पर डेवलपमेंट का काम होना है।

सुदीप रॉय बर्मन को मिले नोटिस के अनुसार, उन्हें यह हॉस्टल तत्काल खाली करना होगा और उसे खाली करने के बाद उसकी चाबियां विधायक छात्रावास के अधीक्षक को सौंपनी होंगी। इसके अलावा उन्हें अगर नए छात्रावास में जगह चाहिए तो उन्हें उसके लिए भी जल्द से जल्द एक एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में ही कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने मंत्री देबबर्मा पर आरोप लगाया था कि पिछले एक साल के अंदर ही उन्होंने और उनके परिवार ने कई संपत्तियां अर्जित की है, जिनमें नई दिल्ली में एक अपार्टमेंट, दो घर, दो पेट्रोल पंप सहित अन्य कई सारी संपत्तियां अर्जित की हैं। इसके अलावा बर्मन ने सीएमओ पर भी प्रोजेक्ट्स में से कई करोड़ों की घूसखोरी का इल्जाम लगाया था, जिसके बाद विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ था। दोनों ही दलों के बीच में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला था। इन आरोपों के ऊपर राज्य सरकार में मंत्री देबबर्मा ने कहा था कि यह आरोप एक दम निराधार हैं और वह इन आरोपों को लगाने के लिए सुदीप रॉय बर्मन के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

सुदीप राय बर्मन भाजपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। बाद में उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने 2023 के चुनाव में अपनी अगरतला सीट को फिर से जीत लिया था।

# भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत, छत्तीसगढ़ में रची जा रही है मेरे खिलाफ साजिश



**रायपुर, एजेंसी।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे अपने सात पन्नों के खत में भूपेश बघेल ने कई बातें लिखी हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ने जो सबसे बड़ी बात लिखी है वो है उनके खिलाफ रची जा रही साजिश की बात. बघेल ने खत में लिखा है कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश रची जा रही है. मुकदमों में फंसाने की योजना बनाई जा रही है. कोयला घोटाले से जुड़े मामलों में उनको घसीटने की तैयारी की जा रही है. पत्र में इस बात का भी हवाला दिया गया है कि वो जेल में सूर्यकांत तिवारी से मिलने गए लेकिन उनको मिलने नहीं दिया गया.

सीजेआई को भूपेश बघेल ने लिखा खतः पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में ये भी लिखा है कि राजनीतिक दुश्मनी के चलते उनको साजिश में ट्रैप कनरे की कोशिश की जा रही है. साजिश के तहत मेरा नाम अपराधों से जोड़ा जा रहा है. जिन अपराधों से मेरा कोई लेना देना नहीं है उसमें ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है. बघेल ने आगे लिखा है कि मैंने कभी भी किसी जांच को भटकाने और उसमें बाधा डालने की कोई कोशिश नहीं की. गलत आरोपों के जरिए मेरे राजनीतिक करियर को खत्म करने की कोशिश की जा रही है.

अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल का दिया हवालाः

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने मुख्यमंत्री रहते हुए जो काम किए उसका उदाहरण भी खत में लिखा है. बघेल ने लिखा है कि मैं जबतक सीएम पद पर रहा जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ काम किया. संविधान की मर्यादाओं का सख्ती से पालन किया. बघेल ने ये भी लिखा है कि आप भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन हैं. आपके ऊपर बड़ी बड़ी जिम्मेदारियां हैं. छत्तीसगढ़ में न्याय के नाम पर संविधान की हत्या करने की साजिश रची जा रही है उसकी जांच करें।

सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांगः खत के आखिरी में भूपेश बघेल ने लिखा है कि मैं आपसे इस संबंध में हस्तक्षेप की उम्मीद रखता हूं. संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने के लिए आप हस्तक्षेप करें ऐसी मेरी प्रार्थना है. आपके कदम से संविधान पर जनता का विश्वास बढ़ेगा, न्याय सुनिश्चित होगा. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे भूपेश बघेल के खत से राजनीतिक हलकों में जल्द बयानबाजी का दौर शुरु हो सकता है. भूपेश लगातार इस बात की शिकायत करते रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसिया केंद्र के इशारे पर काम कर रही हैं।

## गुजरात में आप विधायक समेत 20 पर केस दर्ज; पहले भी जा चुके जेल, धमकी-मारपीट का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के विधायक समेत 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घटना गुजरात के नर्मदा जिले की है। केस दर्ज करने की वजह इन रेस्टोरेंट के मालिक के साथ मार-पीट करना है। इस कारण पुलिस ने विधायक चैतर वसावा समेत 6 पहचाने गए और करीब 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि विधायक को पिछले साल दिसंबर में वन अधिकारी को धमकाने, हवा में फायरिंग करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों में सत्र न्यायालय ने जमानत दी थी, लेकिन इससे पहले उन्होंने जेल में करीब छह सप्ताह का समय बिताया था।

चैतर वसावा ने साल 2020 के गुजरात चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से चुनाव जीता था। चैतर ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हाथ आजमाया था। इन्होंने कांग्रेस के साथ सीट बटबारे के तहत चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। चैतर ने भरूच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। इस बार विधायक और इनके साथ के अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट मालिक शांतिलाल वसावा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। विधायक और उनके साथियों ने रेस्टोरेंट मालिक के ऊपर 16 सितंबर को तब हमला किया जब उनसे बिल चुकाने को कहा गया था। इस पर फोन से बातचीत हुई तो विधायक ने उसे घर पर इंतजार करने को कहा।

इसके बाद विधायक अपने साथ करीब 20 लोगों को लेकर रेस्टोरेंट मालिक के घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन लोगों ने मार-पीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इन मामलों में दर्ज किया गया है केस।

## गाजियाबाद में रेप पाड़िता छात्रा को मां-भाइयों ने मारी गोली

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में रेप पीड़िता की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा करते हुए मां और दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। परिजन छात्रा के प्रेम प्रसंग से नाराज थे। सात महीने पहले परिजनों ने गांव के ही युवक और उसके मामा के खिलाफ अपहरण, जबकि युवक के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। छात्रा की हत्या के बाद परिजनों ने पूर्व के मुकदमे के आरोपियों को ही हत्या का आरोपी बना दिया था। जांच में परिजनों की कहानी झूठी निकली। हत्या की साजिश में शामिल छात्रा का मामा फरार है। थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की देर रात रेप पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। छात्रा गाजियाबाद के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती थी। मूलरूप से क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा परिजनों के साथ वर्तमान में गाजियाबाद के एक गांव में रहती थी। परिजनों के मुताबिक छात्रा की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह मां और भाई के साथ घर जा रही थी। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रिंकू और उसके मामा पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की टीमों ने घटनास्थल से लेकर गाजियाबाद तक सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल खंगाले और पांचवें दिन वारदात का खुलासा कर दिया।

## गुरुग्राम में बनेंगे 2 सिटी बस डिपो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे से सटे एक दर्जन से अधिक सेक्टरों, सेक्टरों, कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले लोगों के लिए गुड न्यूज है। यहां सिटी बस जैसी परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। जीएमडीए ने सिटी बस डिपो बनाने के लिए ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-103 और सेक्टर-107 में जमीन चिह्नित की है। इस जमीन के लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया है। इन दोनों बस डिपो को तैयार करने में करीब 32 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनके बनने से सेक्टर-99 से लेकर 115 तक की सोसाइटियों, गांवों के अलावा आसपास लगती रिहायशी कॉलोनियों को इसका विशेष फायदा होगा। जीएमडीए ने सेक्टर-103 में गांव दौलताबाद की सात एकड़ जमीन का चयन सिटी बस डिपो के निर्माण के लिए किया है। ये जमीन ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर श्याम चौक से गांव बजघेड़ा की तरफ है। इसके अलावा सेक्टर-107 में गांव मोहम्मदपुर हेड़ी की 9.5 एकड़ जमीन का चयन किया है। इन दोनों बस डिपो को 100-100 ई-बस के लिए तैयार किया जाएगा। जीएमडीए अधिकारियों को उम्मीद है कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद यह जमीन मिल जाएगी। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास ने जमीन उनके सुपुर्द करने के लिए गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ को पत्र लिखा है।

## 58 हजार करोड़ के मेगाप्लान से आसान होगी मुंबई की राह; बिछेगा रिंग रोड्स का जाल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) शहर में रिंग रोड्स का जाल बिछाने जा रही है। इसके बाद मुंबई के अंदर सफर बेहद आसान हो जाएगा। योजना के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'मिनटों में मुंबई' नाम दिया गया है। इसके लिए एमएमआरडीए ने 58 हजार करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके बाद अगले पांच साल में मुंबई की सूरत पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी।

## कैलिफोर्निया में शख्स 15 साल से भर रहा था पड़ोसी का बिजली बिल; जांच हुई तो हुआ खुलासा




**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। दरअसल, यहां एक व्यक्ति को मालूम चला कि वह 15 साल से अपने पड़ोसी का बिजली का बिल चुका रहा है। केन विल्सन एक पैसिफिक गैस और इलेक्ट्रिक (पीजीएंडई) ग्राहक हैं। वह 2006 से वैकविले के एक अपार्टमेंट में अकेला रह रहा है। जब उसका बिजला की बिल जरूरत से ज्यादा आने लगा, तब उसे संदेह हुआ। एक स्थानीय बिजली कंपनी ने इसकी जांच की और एक चौंकाने वाली गलती का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पिछले 15 साल से विल्सन अपने पड़ोसी का बिजली का बिल भर रहे हैं। हालांकि, खुलासा के बाद बिजली कंपनी ने माफी मांगी।

**15 साल से चुका रहा पड़ोसी का बिलः** इस खुलासे से पहले विल्सन ने बिजली बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। उसने अपने उपकरणों की वाट क्षमता को ट्रैक करने के लिए एक उपकरण खरीदकर अपने बढ़ते बिजली बिलों को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाया। इन प्रयासों के बावजूद उसका मीटर बिल लगातार बढ़ रहा था।

विल्सन ने इस मामले में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं बिजली बचाने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि यह महंगी हो रही है। मैं हमेशा बाहर जाकर मीटर की जांच करता हूं, लेकिन मुझे भरोसा नहीं हुआ। मैंने जब अपना ब्रेकर बंद किया, तब भी मेरा मीटर चालू था। इसके बाद विल्सन ने पैसिफिक गैस और इलेकिट्रिक (पीजीएंडई) से संपर्क किया। पीजीएंडई ने जांच शुरू की और बताया कि विल्सन अंजाने में अपने पड़ोसी का बिल चुका रहे हैं।

पीजीएंडई के प्रवक्ता ने कहा, हमारी प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ग्राहक के अपार्टमेंट के मीटर नंबर का बिल संभावित रूप से 2009 से दूसरे अपार्टमेंट में भेजा जा रहा था। हम इस गलती के लिए माफी मांगते हैं। हमें इस असुविधा का खेद है। पीजीएंडई ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को सुधारेंगे।

## ईरानी सांसद का सनसनीखेज खुलासाः हेलीकॉप्टर में पेजर फटने से हुई राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत

ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत को लेकर एक नया और सनसनीखेज दावा सामने आया है। ईरानी सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे, उसमें मौजूद पेजर में विस्फोट होने के कारण यह हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रईसी एक पेजर का उपयोग करते थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह पेजर वही था, जिसे हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किया जाता था।

मई 2024 में हुई इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मृत्यु हो गई थी। पहले बताया गया कि खराब मौसम और कोहरे जैसी परिस्थितियों के कारण दुर्घटना हुई। लेकिन अब सांसद अर्दस्तानी के इस दावे ने नई संभावनाओं को जन्म दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि जिस पेजर का इस्तेमाल लेबनान के हिजबुल्ला संगठन द्वारा किया जा रहा था, वही पेजर संभवतः रईसी के हेलीकॉप्टर में विस्फोट कर गया हो। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान की खुफिया एजेंसियों को इस मामले की जांच करनी चाहिए। सांसद के अनुसार, ईरान ने हिजबुल्ला को पेजर और वॉकी-टॉकी उपकरण खरीदने में मदद की थी। उन्होंने कहा, ईरानी बलों ने हिजबुल्ला के पेजरों की खरीद में बड़ी भूमिका निभाई थी, और हो सकता है कि रईसी के पास भी वही पेजर रहा हो।

इस विस्फोट से जुड़े हमलों का संबंध इज़रायल से जोड़ा जा रहा है, लेकिन अभी तक इज़रायल ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। रईसी के पेजर इस्तेमाल करने की खबर तब सामने आई जब कुछ दिन पहले उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनके पास पेजर देखा गया था। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह पेजर हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों जैसा था या नहीं। पेजर ब्लास्ट और वॉकी-टॉकी से जुड़े हमले के कारण लेबनान में भी एक बड़ी घटना हुई थी, जिसमें 35 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

मई 2024 में हुए इस हेलीकॉप्टर हादसे के बाद कई वजहें सामने आईं, जिसमें मौसम, कोहरे, और तकनीकी खराबी जैसी बातें शामिल थीं। लेकिन अब सांसद द्वारा किए गए इस नए दावे के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस दुर्घटना में पेजर विस्फोट का हाथ था? ईरानी खुफिया एजेंसियों से इस मामले की जांच करने की मांग की जा रही है, ताकि रईसी की मृत्यु से जुड़े इस रहस्य का पर्दाफाश किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का भी जिक्र है कि पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है। हालांकि, इजरायल ने अब तक इन आरोपों का कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। इस मामले में पेजर विस्फोट और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जांच जारी है।

## गाजा जैसा होगा लेबनान का हाल; हमलों से पहले इजरायल की चेतावनी- छोड़ दो हिजबुल्लाह के ठिकाने



**गाजा , एजेंसी।** गाजा में हमास की कमर तोड़ चुकी इजरायली सेना ने अब लेबनान को श्मशान बनाने की तैयारी कर ली है। कुछ दिनों से हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच हवाई हमले चल रहे हैं। सोमवार को इजरायली सेना ने लेबनान में लोगों को चेतावनी दी कि वे जितना जल्दी हो सकें, हिजबुल्लाह के ठिकानों से दूर चले जाएं क्योंकि जल्द ही इजरायल लेबनान में तेज हमले करने वाला है। इससे पहले गाजा में भी इसी तरह इजरायली सेना ने लोगों को हमास के ठिकानों से दूर चले जाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद पूरी दुनिया ने देखा कि इजरायल ने गाजा पर किस तरह कहर बरपाया। गाजा हमले में कम से कम 44 हजार लोगों की जिंदगी लील गई।

इजरायल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा, हम हिजबुल्लाह द्वारा लेबनान में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इमारतों और क्षेत्रों को निशाना बनाने की सोच रहे हैं। हमें ऐसी जानकारी मिली है कि यहां हिजबुल्लाह ने हथियार जमा कर रखे हैं। हमने इन इलाकों में रह रहे लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थान चले जाने की सलाह दी है।

हगारी ने कहा कि सेना ने सोमवार सुबह से हिज़्बुल्लाह साइटों के खिलाफ नए हमले शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा, हमलें निकट भविष्य में भी जारी रहेंगे। इजरायली सेना ने सोमवार को लेबनान में ईरानी समर्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों पर व्यापक हमले शुरू कर दिए। अपने युद्ध लक्ष्यों को पाने के लिए इजरायली सेना हवाई हमलों के बाद जमीनी आक्रमण भी शुरू करेगी। सेना ने हमलों के बारे में और कोई विवरण नहीं दिया है।

**गाजा जैसा लेबनान का हालः** इजरायली सेना ने अब लेबनान पर पूरी ताकत से हमले की प्लानिंग कर ली है। इससे पहले इजरायल ने गाजा में हमलों से पहले लोगों को चेतावनी दी थी कि वे हमास के ठिकानों से दूर चलें जाएं। इजरायल की यह चेतावनी संकेत है कि उसने गाजा के बाद अब लेबनान का भी श्मशान जैसा हाल करने की पूरी तैयारी कर ली है। हफ्तेभर पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट में आह्वान किया था कि हमास के बाद उनका लक्ष्य उत्तरी सीमा पर इजरायलियों की वापसी और हिजबुल्लाह का समूल नाश है। नेतन्याह ने जोर देकर कहा था कि हिजबुल्लाह के लगातार हमलों और दहशत से उत्तरी क्षेत्र में रह रहे लोग पलायन को मजबूर है। इसलिए अब हिजबुल्लाह के खिलाफ पूर्ण युद्ध का समय आ गया है।

नेतन्याहू के इस कथन के अगले ही दिन लेबनान में पेजर और फिर वॉकी-टॉकी अटैक हुए। परिणामस्वरूप हमले में हजारों लोग घायल हुए और 40 से ज्यादा लोग मारे गए। इसके बाद भी हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच हवाई हमलों का दौर जारी है। अब सोमवार से इजरायल ने लेबनान पर हमलों का ऐलान कर दिया है।

## छह साल की उम्र में कैलिफोर्निया से अगवा हुआ था बच्चा, अब 73 साल बाद भतीजी ने ढूंढ निकाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, यहां के पूर्वी तट से 73 साल पहले अगवा हुआ छह साल का बच्चा अब मिला है। 21 फरवरी 1951 में लुइस आर्मंडो अल्बिनो नामक एक बच्चे को कैलिफोर्निया के वेस्ट ओकलैंड के एक पार्क से अगवा कर लिया गया था। दशकों तक, उनका ठिकाना एक रहस्य बना रहा प्यूर्टो रिकान में जन्मे अल्बिनो अब 79 वर्ष के हैं। वे पांच भाई-बहनों में से एक हैं। जब अल्बिनो अपने 10 साल के भाई रॉजर के साथ खेल रहे थे। उसी समय वहां एक महिला आई और टॉफी देने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। बाद में, उसे न्यूयॉर्क के एक जोड़े ने गोद ले लिया। पुलिस, तटरक्षक और सेना के जवानों ने उसकी खोज में पूरे इलाके की तलाशी ली थी। एफबीआई को भी मदद के लिए बुलाया गया था। दुर्भाग्य से, बच्चे के अपहरण का मामला सात दशकों तक लटका रहा। अपने बेटे के इतने लंबे समय तक लापता रहने के बावजूद, लुइस की मां ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्हें हमेशा से उम्मीद थी कि उनका बेटा वापस आ जाएगा। साल 2005 में वह अपने बेटे के बारे में जाने बिना ही चल बसी। मगर लुइस की 63 साल की भतीजी एलिडा एलेक्विन ने अपने लंबे समय से खोए चाचा को खोजने का मजबूत इरादा किया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129